ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आश्विन शुक्ल पक्ष 06 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 20 अक्टूबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 257 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



## गागर में सागर

### अमृत कलश यात्रा का समापन आज

**रांची।** पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अमृत कलश यात्रा का शुक्रवार को समापन होगा। समापन समारोह के दौरान रांची स्थित आड्रे हाउस में 28 सितम्बर से शुरू हुई अमृत कलश यात्रा के दौरान संग्रहीत मिट्टी को नेहरू युवा संगठन के नोडल ऑफिसर को सौंपा जाएगा। गौरतलब है कि झारखंड के 17 प्रखंडों के सौ गांवों से अमृत कलश यात्रा के दौरान मिट्टी को संग्रहित किया गया है। यह जानकारी पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र कोलकाता के कार्यक्रम समिति के सदस्य चन्द्रदेव सिंह ने दी है।

### कायस्थ महासभा ने किया डांडिया कार्यक्रम का आयोजन




**रांची।** विगत बुधवार देर शाम नवरात्रि के मौके पर हरमू स्थित पटेल पार्क में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा जोहार डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्रमशः पूर्व जस्टिस एवम पूर्व लोकायुक्त अमरेश्वर सहाय, प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर सीबी सहाय, हटिया विधायक मनीष जासवाल, राइडर ग्रुप ऑफ कंपनी के अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा के हाथों दिप प्रज्ज्वलित कर की गई।

**एक शाम जोहार डांडिया के नाम :** डांडिया के इस महोत्सव को रांची महानगर के सभी क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। जहां डीजे की रंगीन रोशनी में लोगों के चमकते और धमकते परिधान में अपने को डांडिया नृत्य करते देखे गए वहीं डांडिया के गानों पर लोगों के पांव में थिरकन, अद्भुत शाम का दृश्य रहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश कुमार, विवेक अखौरी, निकेश लाल, सुशील लाल, प्राची नारायन, सुजीत कुमार सिन्हा, मनीष सिन्हा, डॉ. ए.के लाल, राखी प्रियदर्शिनी, प्रीति सिन्हा, नीतू सिन्हा तरंग, राकेश रंजन, अमित बरियार, डॉ. अनल, अमरेन्द्र कुमार पप्पू, तरुण शिरोमणि, आकाश कुमार, अमित अखौरी, पवन किशोर की मुख्य भूमिका रही।

### धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष व अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष का हुआ स्वागत



**रांची।** बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति में गुरुवार को धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक एवं अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति माथारू बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति के पंडाल आये, इस अवसर पर बिहार क्लब सभागार में श्री बिहार क्लब श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजीत सहाय एवं बिहार क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा ने चुनरी एवं माता रानी का प्रतीक चिन्ह दे कर स्वागत और अभिनंदन किया गया । इस मौके मुख्य रूप प्रदीप राय बाबू, रवींद्र वर्मा, संजय सिन्हा (गोपू), उज्जवल तिवारी, विनोद सिंह, रमेश सिंह, भास्कर वर्मा, सच्चिदानंद चौधरी, तपेश्वर केसरी, अमरनाथ साहू, राणा रणधीर, बादल सिंह, समीर,अशोक यादव ,कमलेश यादव, समीर सिंह मुख्य रूप से आदि लोग उपस्थित थे।

### भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटूयूशन में भक्ति सह डांडिया नृत्य कार्यक्रम आयोजित

**मांडर।** माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटूयूशन में दुर्गा पूजा सह डांडिया नृत्य कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनिल लकड़ा जेनेरल सचिव ऑल इण्डिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, श्रीमती पुष्पा लकड़ा, अखिल पोद्दार, उत्तम जैन(सी.ए.), रोहित राज, प्रभाकर प्रकाश अम्बष्ट, उपस्थित हुए, साथ ही उप प्राचार्य राकेश कुमार राय, विभागाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, नर्सिंग प्रिंसिपल इन-चार्ज निहारिका श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में मौजूद थी। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि यह पूजा लोगों में यह संदेश देता है कि सत्यमेव जयते अर्थात सत्य की हमेशा विजय होती है। सत्य को परेशान किया जा सकता है लेकिन हरा नहीं सकते। शैक्षणिक सचिव दीपाली परशर ने दुगार्पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक त्योहार हमें कुछ न कुछ संदेश देता है। इस त्योहार में हम नारी के प्रति सम्मान व्यक्त करते है और संदेशों का अनुसरण करते है। व्याख्याता मधु रंजन, बिनिता चौधरी, विवेक राज जयसवाल, महेन्द्र, सुरेन्द्र, नरेन्द आदि लोगो ने भाग लिया।

### सभी जिलों के उप-निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ सीईओ ने की समीक्षा बैठक

# मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन को लेकर दिए गए जरूरी निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन एवं अन्य संबंधित विषयों को लेकर राज्य के सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा सभी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। गुरुवार को धुर्वा स्थित विभागीय सभागार में आहूत इस बैठक में उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 से जुड़े विषयों को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया। घर-घर मतदाता सर्वेक्षण अभियान का दूसरा चरण 27 से : मतदाताओं के यहां घर-घर सर्वेक्षण को लेकर बीते जुलाई-अगस्त में 1 महीने का सघन अभियान चलाया गया था। उसी क्रम में अब दूसरे चरण का अभियान 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलाया जाना है। इस अभियान के दौरान सभी बूथों के बीएलओ घर-घर जाकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर ढूंढ निकालने का काम करेंगे जो पात्र होने के बावजूद भी किसी कारण से अब तक मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हो पाए हैं। इस अभियान के दौरान मृत या स्थाई रूप से अन्यत्र शिफ्ट हो चुके मतदाताओं का नियमानुसार नाम हटाने, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो युक्त या कटे-फटे पुराने पहचान पत्रों को बदलने के लिए भी काम किया जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए आगामी 27 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान चलाया जाना है। बताया कि 27 अक्टूबर को सभी बूथों के बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहेंगे ऐसे में राज्य के अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदाताओं, विभिन्न वर्गों के सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, छात्र-छात्राओं से अपील की जा रही है कि वे अपने बूथ पर मौजूद अपने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ सेल्फी लेकर सुबह 11 से 12 बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपरोक्त हैशटैग के साथ पोस्ट करें।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के 25 अधिकारियों का किया गया तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का बड़े पैमाने पर तबादला कर दिया गया है। 25 अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग हुई है। ये सभी अधिकारी राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के हैं। विभाग की ओर से गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना के मुताबिक, सूची में शामिल अनुमंडल पदाधिकारी एवं समकक्ष कोटि के कई पदाधिकारी पदस्थापना की प्रतीक्षा में थे। वहीं, कई अंचल अधिकारी भी हैं, जिन्हें भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है।

**पदस्थापित और ट्रांसफर किए गए अधिकारी**

गोपी उरांव को गोड्डा जिले के महगामा का भूमि सुधार उपसमाहर्ता बनाया गया है। बिमल सोरेन को साहिबगंज जिले के राजमहल का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया। विजय केरकेट्टा पलामू जिले के छतरपुर के भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाए गए। ओम प्रकाश मंडल को जामताड़ा का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया। दीप्ति प्रियंका कुजूर रामगढ़ की भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाई गईं। कुशलमय केनेथ मुंडू को पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया। प्रमेश कुशवाहा को गढ़वा जिले के रंका का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया। जीतराय मुर्मू को गिरिडीह जिले के डुमरी के भूमि सुधार उपसमाहर्ता के पद पर तैनात किया गया है। विनोद प्रजापति को चतरा जिले क वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा ने सभी दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से कहा की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की लगातार चिंता बनी रहती है। पूजा आयोजन में किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसके लिए सारें मानकों का ख्याल रखना पूजा कमेटी की भी जिम्मेवारी है, इसका ख्याल रखना बहुत जरुरी हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा की कई बार कोई शरारती तत्व कोई ऐसी घटना कर दे जिससे कानून-व्यवस्था खराब होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। कई असामाजिक तत्व जान कर चाहते हैं की कोई अप्रिय घटना घटे। ऐसा करने वालें लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा की ऐसा करने वालें लोगों की सूचना तुरंत पुलिस को दे पुलिस इस पर तुरंत कार्रवाई करेगी एवं लोगों से अपील की वे ऐसा ना करें एवं उन्होंने कहा की उत्सुकतावश सोशल मिडिया पर गलत प्रचार-प्रसार ना करें। ना कोई ऐसा मैसेज भेजे जिसे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो।

सिमरिया का भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाया गया है। उदय कुमार लातेहार के भूमि सुधार उप समाहर्ता बनाए गए हैं। धनबाद के अंचल अधिकारी प्रशांत कुमार लायक को देवघर का भूमि सुधार उप समाहर्ता बना दिया गया है। घाटशिला के अंचल अधिकारी अब पाकुड़ के भूमि सुधार उप समाहर्ता बना दिए गए हैं। बेड़ो के अंचल अधिकारी सुमंत तिर्की को

# स्वयं सेवी संस्था ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में किया पौधरोपण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मार्ग स्वयंसेवी संस्था के तत्वावधान में गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कांके, रांची में स्कूली बच्चों, शक्षकों एवं संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा काफी उत्साह के साथ पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा प्रकृति ही ईश्वर है और प्रकृति में हरियाली के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। पेड़ पौधे से ही हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होता है। संस्था के सचिव राहुल राज ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण की उपयोगिता बताई साथ ही ग्लोबल वार्मिंग की भी जानकारी दी, वहीं समाजसेवी शिव किशोर शर्मा ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना की एवं कहा संस्था के साथ-साथ आम जनता को भी पौधरोपण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए साथ ही कम से कम एक पौधा सुरक्षित स्थानों पर अवश्य लगानी चाहिए तभी पर्यावरण में हरियाली रहेगा और हम स्वास्थ्य रहेंगे। आज के वृक्षारोपण कार्यक्रम मे मुख्यरूप से विद्यालय परिवार के रेशमा प्रवीण ( वार्डन), सुमन केरकेट्टा,सरिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, रश्मि कुमारी, अंजली गांगुली एवं संस्था के सचिव राहुल राज,अध्यक्ष संजय कुमार सहित मीनाक्षी सिंह, अदिति प्रिया, चन्दन कुमार, नयन परमार, रश्मि साहु, साक्षी, राज गुप्ता, सोनू पवार एवं समाजसेवी शिव किशोर शर्मा और अरुण कुमार आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त ने व्यवस्थाओं को लेकर रांची शहर के पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

# जिला प्रशासन को निर्देश का पालन करने की दी हिदायत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को रांची शहर के जगरनाथपुर नगरीय दुर्गापूजा समिति धुर्वा रांची एवं महानगर औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति धुर्वा रांची के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल एवं लटमा, बिरसा चौक, हवाई नगर, हटिया और अन्य पूजा पंडालो का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में अपर जिला दंडाधिकारी, श्री राजेश्वर नाथ आलोक, सम्बंधित डीएसपी एवं सम्बंधित अंचल अधिकारी सम्बंधित सभी थाना प्रभारी एवं सम्बंधित सभी अधिकारी शामिल थे। उपायुक्त द्वारा दुर्गा पूजा पर्व में बेहतर व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक दृष्टिकोण से शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी आवश्यक दिशा-निर्देश का पालन करने के लिए पूजा समिति के सदस्यों से कहा गया।

**ध्वनि प्रदूषण गाइड लाइन :** उपायुक्त ने दुर्गा पूजा के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियम के तहत लाउडस्पीकर के उपयोग को लेकर सम्बंधित पदाधिकारियों एवं पूजा समितियों से कहा कि माननीय हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित रूप से हो इस पर विशेष ध्यान दे। उपायुक्त ने जगरनाथपुर नगरीय दुर्गा पूजा समिति धुर्वा रांची एवं महानगर औद्योगिक दुर्गा पूजा समिति धुर्वा रांची के पूजा पंडालों के निरीक्षण क्रम में पूजा पंडालो में महिलाओं की सहभागिता देख कर बहुत खुशी जाहिर की गई । उपायुक्त ने सोशल मिडिया में गलत और भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश सभी सम्बंधित पदाधिकारी को दिए, उन्होंने कहा की कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गलत और भ्रामक खबरें फैलाई जाती हैं, जिससे अप्रिय घटना होने का खतरा हमेशा बना रहता हैं। ऐसा करने वालें असामाजिक तत्वों की जानकारी जिला प्रशासन को देने को कहा गया ताकि उनपर कड़ी कार्रवाई की जा सकें। उपायुक्त द्वारा लोगों से अपील की गई हैं, सभी लोग गलत खबरें भेजनें से बचें।

**असामाजिक तत्वों पर नजर :** उपायुक्त कहा की जिला प्रशासन के तरफ से पूजा पंडालों और इसके आस-पास क्षेत्रों में जिला जिला प्रशासन की नजर लगातार बनी रहेगी। आपको जानकारी हो की जिला प्रशासन के तरफ से सादे लिबास में महिला एवं पुरुष बल हमेशा तैनात रहेंगे। जो ऐसे तत्वों पर नजर बना कर ऐसी घटना रोकने के लिए हमेशा तैनात रहेंगे। उपायुक्त ने कहा की पूजा पंडालों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न नही हो उस पर पूजा समिति के सदस्य विशेष रूप से ध्यान दे। किसी भी तरह की अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का ख्याल रखने का निर्देश उपायुक्त द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारी एवं पूजा समिति के सदस्यों को दिया। उपायुक्त ने सभी दुर्गा पूजा समिति और इससे जुड़े सभी लोग से कहा की मां दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन रूट का पालन जिला प्रशासन के दिए निर्धारित समय और स्थान में करने का निर्देश दिया।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

56वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–02)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–माण्डू थाना काण्ड संख्या–04/99 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी फागु बेसरा एंव रामचन्द्र वर्मा द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 250–300 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | | |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–243/23<br>2. आवेदक–मो0 सुहैल , पिता–मो0 सदीक<br>3. ग्राम–माण्डू चट्टी , पोस्ट–माण्डू , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना साईड गर्दन में मस्सा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–244/23<br>2. आवेदक–मोहम्मद इस्तियाक , पिता–मो0 महबूब आलम<br>3. ग्राम–माण्डू , पोस्ट–माण्डू , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में दाहिने तरफ माशा। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–245/23<br>2. आवेदक–मो0 इमरान , पिता–मो0 खाजे<br>3. ग्राम–माण्डू चट्टी , पोस्ट–माण्डू चट्टी , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–206/23<br>2. आवेदक–मोहम्मद इजहार , पिता–मो0 मोईन अंसारी<br>3. ग्राम–खान रोड खिरगाँव , पोस्ट–हजारीबाग , थाना–सदर (हजारीबाग), प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा पर काला दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–211/23<br>2. आवेदक–मोहम्मद अख्तर , पिता–मो0 समसुदीन<br>3. ग्राम–अंसारी रोड, खिरगाँव , पोस्ट–सदर, हजारीबाग , थाना–सदर (हजारीबाग), प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर घुटने में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–571<br>2. आवेदक–पुरन महतो , पिता–स्व0 रती महतो<br>3. ग्राम–बेडम , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आँख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–207/23<br>2. आवेदक–बद्री महतो , पिता–स्व0 खोधन महतो<br>3. ग्राम–बेडम , पोस्ट–परतंगा , थाना–आन्गो , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांये पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–205<br>2. आवेदक–मथुरा साव , पिता–स्व0 खेमन साव<br>3. ग्राम–डहरभंगा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा के दाहिने तरफ तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–207<br>2. आवेदक–अशोक कुमार गुप्ता , पिता–स्व0 सन्तलाला साव<br>3. ग्राम–टाटीझरिया , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–234/23<br>2. आवेदक–जगन्नाथ सिंह , पिता–स्व0 मोहन सिंह<br>3. ग्राम–डुमर , पोस्ट–बेडम , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–200/23<br>2. आवेदक–सुनील कुमार , पिता–स्व0 बसंत लाल साव<br>3. ग्राम–टाटीझरिया , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–235/23<br>2. आवेदक–रामधन मांझी , पिता–स्व0 बाबुलाल मांझी<br>3. ग्राम–बिसाई , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–564<br>2. आवेदक–कौलेश्वर यादव , पिता–श्री गोवर्धन यादव<br>3. ग्राम–बड़ा डहरभंगा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–201/23<br>2. आवेदक–किशोरी महतो , पिता–स्व0 गम्भीर महतो<br>3. ग्राम–बौधा , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–577<br>2. आवेदक–उमेश ठाकुर (आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 गन्दोरी ठाकुर<br>3. ग्राम–डुमर , पोस्ट–बेड़म , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–37 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–252<br>2. आवेदक–इन्द्र देव यादव , पिता–स्व0 ललित गोप<br>3. ग्राम–खम्भवा , पोस्ट–खम्भवा , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर के दाहिना घुटना में कटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–553<br>2. आवेदक–बालेश्वर महतो , पिता–स्व0 हरकु महतो<br>3. ग्राम–बेरहो , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया, प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–ऐड़ी पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–247<br>2. आवेदक–जगदेव प्रसाद , पिता–स्व0 हुलाश महतो<br>3. ग्राम–कोलहु , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया, प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–206<br>2. आवेदक–छेदी हजाम , पिता–स्व0 मतल हजाम<br>3. ग्राम–डुमर , पोस्ट–बेड़म , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–572<br>2. आवेदक–बदरी महतो , पिता–स्व0 पुसन महतो<br>3. ग्राम–होलंग , पोस्ट–टाटीझरिया , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–675<br>2. आवेदक–राजबल माँझी , पिता–स्व0 रामधन माँझी<br>3. ग्राम–खखरा टोला, फुलझरीया , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–282/23<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र महतो , पिता–स्व0 गजाधर महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–283/23<br>2. आवेदक–तीजूराम महतो , पिता–गोर्वधन महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में नस का गिलटी । | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–284/23<br>2. आवेदक–दशरथ महतो , पिता–गुड़कु महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ का अंगुली कटा है। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–285/23<br>2. आवेदक–चुनकी देवी , पति–मुन्शी महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–286/23<br>2. आवेदक–नवल मुण्डा , पिता–स्व0 लालदेव मुण्डा<br>3. ग्राम–चक्रवाली , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के उपर कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–287/23<br>2. आवेदक–शिवनारायण महतो , पिता–मोहर महतो<br>3. ग्राम–रोला , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–288/23<br>2. आवेदक–सत्यबाला देवी , पति–बालेश्वर महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–289/23<br>2. आवेदक–आशो देवी , पति–राजेश्वर महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–290/23<br>2. आवेदक–बालकराम महतो , पिता–स्व0 श्यामनाथ महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–291/23<br>2. आवेदक–कामदेव महतो , पिता–स्व0 बाबुराम महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें जांघ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–292/23<br>2. आवेदक–निरंजन महतो , पिता–स्व0 भोला महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कनपट्टी में फोड़ा का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–1054<br>2. आवेदक–अनवर हुसैन , पिता–मो0 सफी<br>3. ग्राम–जरवा , पोस्ट–जरवा , थाना–चरही , प्रखण्ड–चुरचु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाये ऑख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0– 123/23<br>2. आवेदक–सरधु महतो , पिता–राजन महतो<br>3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0– 305/23<br>2. आवेदक–डोमन थान्दार , पिता–स्व0 रघु थान्दार<br>3. ग्राम–रौरौ , पोस्ट–बरलंगा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–81 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0– 306/23<br>2. आवेदक–गेन्दिया देवी , पति–मुकर महतो<br>3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0– 307/23<br>2. आवेदक–रामलाल महतो , पिता–हरि महतो<br>3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0– 308/23<br>2. आवेदक–जलेश्वरी देवी , पति–स्व0 हेमलाल महतो<br>3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0– 309/23<br>2. आवेदक–भदइ महतो , पिता–जीवू महतो<br>3. ग्राम–महलीडीह , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0– 310/23<br>2. आवेदक–गुलाम मोहम्मद , पिता–स्व0 सोएब<br>3. ग्राम–चितरपुर , पोस्ट–चितरपुर , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कपाल पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0– 311/23<br>2. आवेदक–रामकिशुन महतो , पिता–स्व0 केशो महतो<br>3. ग्राम–मायल , पोस्ट–साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के घुटना में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0– 312/23<br>2. आवेदक–शिवचरण महतो , पिता–स्व0 झंडु महतो<br>3. ग्राम–मायल , पोस्ट–साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कपाल पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0– 313/23<br>2. आवेदक–सुवासो देवी , पति–रामकिशुन महतो<br>3. ग्राम–मायल , पोस्ट–साण्डी , थाना–रजरप्पा , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0– 253/23<br>2. आवेदक–कैलाश महतो , पिता–स्व0 दयाल महतो<br>3. ग्राम–मड़मो , पोस्ट–खेतको , थाना–विष्णुगढ़ , प्रखण्ड–विष्णुगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाषित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 309566 Home(23-24).D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन शुक्ल पक्ष 06 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 20 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 257 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : छठा दिन मां कात्यायनी



### स्तुति मंत्र

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद् देवी दानवघातिनी॥

ध्यान मंत्र- जिनका हाथ उज्जवल चंद्रहास(तलवार) से सुशोभित होता है तथा सिंहप्रवर जिनका वाहन है, वे दानव संहारिणी दुर्गा देवी कात्यायनी मंगल प्रदान करें।

## मां के दरबार में पहुंचे सीएम, कई पूजा पंडालों का किया उद्घाटन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शारदीय नवरात्र की पंचमी के अवसर पर गुरुवार को आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल, रातू रोड और पंच मंदिर पूजा पंडाल, हरमू का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन संग माता रानी के दरबार में शीश नवाकर राज्य और राज्यवासियों की उन्नति, सुख -समृद्धि, शांति, सद्भाव, अमन -चैन और उत्तम स्वास्थ्य कामना की। मुख्यमंत्री ने लोगों को नवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा- आप सभी पूरे हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाएं। यह त्योहार आप सबों के जीवन में खुशियां लेकर आए।



## गागर में सागर

### अवैध खनन के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को अवैध खनन मामले के आरोपित पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पूर्व 13 अक्टूबर को मामले में सुनवाई हुई थी। इससे पहले भी पंकज मिश्रा इसी केस में रांची ईडी कोर्ट से जमानत के लिए याचिका दायर कर चुके हैं, लेकिन अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी।

### एडीजी अभियान आज करेंगे अदालतों की सुरक्षा की समीक्षा

**रांची।** जिले के एसपी के साथ एडीजी अभियान शुक्रवार को अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। यह समीक्षा बैठक दिन के 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी। इसे लेकर सभी जिले के एसएसपी और एसपी को भाग लेने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बीते पांच सितंबर को झारखंड के सभी कोर्ट और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर राज्य के डीजीपी अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उल्लेखनीय है कि जमशेदपुर कोर्ट में कार्यरत एक पेशकार पर हुए हमले के बाद हाई कोर्ट ने झारखंड पुलिस को कड़ी फटकार लगाई थी। छुट्टी के दिन भी हाईकोर्ट की बेंच बैठी थी और उसमें राज्य के डीजीपी और गृह सचिव को तलब किया गया था। डीजीपी ने हाई कोर्ट को बताया था कि वह सभी न्यायालय परिसर की सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, जिसे वे एक सप्ताह के भीतर न्यायालय को समर्पित करेंगे।

### झारखंड के खिलाड़ी बनेंगे पीजीटी शिक्षक जेएसएससी जल्द निकालेगा रिजल्ट

**रांची।** राज्य में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में विशेष आरक्षण के प्रावधान किए हैं। जिसके तहत जल्द ही कई खिलाड़ी पीजीटी शिक्षक के रुप में दिखाई पड़ेंगे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद इसके रिजल्ट को अंतिम रुप देने की तैयारी की जा रही है। राज्य के प्लस टू स्कूलों में बहाल होने वाले विभिन्न विषयों के करीब 3,120 शिक्षकों की बहाली होगी, जिसमें 55 खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। यदि इन पदों पर सरकारी प्रावधान के अनुरूप योग्य खिलाड़ी मिल जाते हैं तो इनका चयन का रास्ता साफ हो जायेगा।

## आईसीसी वर्ल्ड कप 2023



**भारत - 261/3 (41.3 ओवर)**
**बांग्लादेश - 256/8 (50 ओवर)**

**आज का मैच**

**ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान बेंगलुरू (2 बजे से)**

### रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल के बीच हुआ समझौता, सीएम बोले

# राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बना रही सरकार

### सरकार गठन के साथ हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस

### 15 नवंबर को अस्पताल का भूमि पूजन करने का निर्देश, पहले चरण में ओपीडी की होगी शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि आम जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हस्ताक्षर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत बेहतर नहीं रही है। ऐसे में वर्ष 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है। इस कड़ी में सरकारी अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। जांच और इलाज की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां हो रही है। निजी क्षेत्र के अस्पताल यहां स्थापित हों, इसके लिए भी लगातार प्रयास हो रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य के बाहर और बड़े शहरों का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



#### 45 वर्षों के सब लीज पर दी जा रही जमीन

रांची के घाघरा में अपोलो हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम के द्वारा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के साथ 04 सितंबर, 2014 को करारनामा किया गया था लेकिन उक्त भूमि के विषय पर विवाद के वजह से स्थल परिवर्तन करते हुए रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। यहां लगभग 2। 75 एकड़ भूमि पर हॉस्पिटल निर्माण होगा। इसके लिए जमीन का सब लीज फिलहाल 45 वर्षों के लिया किया जा रहा है।

#### 250 बेड का होगा मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनेगा

अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के द्वारा रांची स्मार्ट सिटी परिसर में लगभग 2. 75 एकड़ जमीन में 250 बेड वाले मल्टी सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। यहां विशेष रूप से कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपीडिक, गायनोकॉलोजी, जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, ईएनटी सेवा प्रदान की जायेगी। इसके अलावा इमरजेंसी सेवा, रेडियोलोजी, पैथोलॉजी, डाइटरी सर्विसेस की भी व्यवस्था यहां होगी। अपोलो हॉस्पिटल के द्वारा 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी।

#### डेढ़ लाख लोग सीधे तौर पर होंगे लाभान्वित

रांची स्मार्ट सिटी परिसर में कई इंस्टीट्यूशंस, स्कूल, कॉलेज, पांच सितारा समेत कई होटल मॉल, ऑफिस तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का निर्माण होना है। साथ ही एक मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण निर्धारित है। इसके अलावा यहां लगभग 16 हजार आवासीय इकाई होंगे और अनुमानित है कि लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या इस विकसित क्षेत्र में निवास करेगी, जो इस परियोजना से सीधे रूप से लाभान्वित होगी।

# शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी गिरफ्तार

### शराब नीति से जुड़े ईसीआईआर की पहली गिरफ्तारी

### 23 अगस्त को ईडी ने योगेंद्र व उनके सहयोगियों के 32 ठिकानों पर की थी छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में शराब घोटाले के जरिए मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को गुरुवार शाम 7.20 बजे गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने 23 अगस्त को योगेंद्र तिवारी व सहयोगियों के 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। राज्य में साल 2021 में लागू हुई थोक शराब नीति के मामले में दर्ज ईसीआईआर में ईडी ने पहली गिरफ्तारी की है। योगेंद्र तिवारी के खिलाफ शराब घोटाले के साथ साथ देवघर में राय बंगला की जमीन खरीद में गड़बड़ी और बालू के कारोबार के निवेश की भी जांच ईडी ने की है। ईडी ने जांच में पाया है कि बालू, जमीन, कोयला तस्करी से अर्जित अवैध कमायी का निवेश भी शराब कारोबार में किया गया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को गिरफ्तार करने के पहले गुरुवार को पूरे दिन पूछताछ की थी। इससे पहले बुधवार को भी एजेंसी के रांची जोनल कार्यालय में ईडी ने योगेंद्र तिवारी से पूछताछ किया था। ईडी ने जांच में पाया है कि सत्ता के गलियारों में चर्चित नाम प्रेम प्रकाश के साथ मिलकर योगेंद्र तिवारी ने शराब कारोबार हासिल करने का मॉड्स तैयार किया था। साल 2021 में शराब की थोक कारोबार की नीति लागू होने के बाद योगेंद्र तिवारी ने प्रेम प्रकाश की मदद से 19 जिलों में शराब का थोक कारोबार हासिल किया था। इस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



#### कई बड़े नाम हैं शराब कारोबार में शामिल

ईडी ने जांच में पाया है कि शराब के थोक कारोबार में कई बड़े लोग योगेंद्र तिवारी के पार्टनर रहे हैं। राज्य सरकार के मंत्री, राजनेताओं और अफसरों को भी घूसखोरी की बात ईडी ने जांच में पायी है। ऐसे में आने वाले दिनों में ईडी बड़े नामों पर शिकंजा कस सकती है। ईडी ने 23 अगस्त को जब शराब घोटाले में छापेमारी की थी, तब राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित प्रियदर्शी उरांव, भाजपा के पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी व उनके बेटे के यहां भी छापेमारी की थी। ईडी ने जांच में पाया है कि इन लोगों के अलावे राज्य के उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के एक विधायक, कोयलांचल के विधायक भी योगेंद्र के सिंडिकेट का हिस्सा थे।

## 7 आईएएस अधिकारियों का तबादला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय प्रशासनिक सेवा (भाप्रसे) के सात अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है।

**कौन कहां गए**

| | |
|---|---|
| कमलेश्वर प्रसाद सिंह | - विशेष सचिव, कृषि विभाग प्रबंध निदेशक झारखंड मार्केटिंग बोर्ड |
| अनिल कुमार सिंह, उपनगर आयुक्त, चास | - विशेष सचिव, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग |
| अनिल कुमार, प्रतीक्षारत | - अपर सचिव, खाद्य व आपूर्ति विभाग |
| सौरव कुमार भुवानिया, एसडीओ, महगामा | - अपर नगर आयुक्त, चास नगर निगम |
| जावेद हुसैन, एसडीओ, रामगढ़ | - नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम |
| आलोक कुमार, एसडीओ, बंशीधर नगर | - अपर नगर आयुक्त सरायकेला आदित्यपुर नगर निगम |
| रवि जैन, एसडीओ, गुमला | - एसडीओ, साहिबगंज |
| राजेश कुमार, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी | - अपर सचिव, पर्यटन विभाग |
| विशाल कुमार, रामगढ़ | - कृषि निदेशालय |
| श्वेता वैध | - अपर सचिव, नगर एवं आवास विभाग |

## भारत ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने गुरुवार को पुणे में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराकर इस विश्व कप में अपनी जीत का चौका लगा दिया। 257 रनों के लक्ष्य को भारत ने विराट कोहली के शानदार नाबाद शतक की मदद से बड़ी आसानी से हासिल कर लिया। लक्ष्य पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान रोहित शर्मा ने एक बार फिर शानदार शुरूआत दिलवाई, हालांकि ,वो दो रन से अपना अर्धशतक लगाने से चूक गए। रोहित के बाद शुभमन गिल ने 53 रन बनाए। किंग कोहली 103 रनों के साथ नाबाद रहे इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रहे बांग्लादेश की शुरूआत शानदार हुई, लेकिन पहला विकेट गिरने के बाद उसके बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल पाए और अपनी टीम को 50 ओवर में 256 रनों का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### रांची हिंसा के आरोपी शकील को जमानत देने से कोर्ट का इनकार

**रांची।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत में गुरुवार को रांची हिंसा के आरोपित मोहम्मद शकील उर्फ कारू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने शकील को जमानत देने से इंकार कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। इसके बाद अदालत में जमानत देने से इनकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने पिछले दिनों शकील उर्फ कारू से जेल में पूछताछ भी की है।

### रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाकर भाजपा नेतृत्व ने साधे कई मकसद

# बाबूलाल मरांडी का बढ़ा सियासी कद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड के पूर्व सीएम और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बनाकर केंद्र की भाजपा सरकार ने एक साथ कई मकसद साधने की कोशिश की है। यह एक तरफ झारखंड की सक्रिय राजनीति से उनकी विदाई है, तो दूसरी तरफ लंबे समय तक पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और सेवा का इनाम भी है। इस फैसले का सबसे बड़ा मकसद है- झारखंड भाजपा के नए मुखिया बाबूलाल मरांडी को झारखंड में पार्टी के लिए खुलकर बैटिंग करने के लिए मनोनुकूल पिच उपलब्ध कराना।

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में रघुवर दास के नेतृत्व वाली भाजपा गठबंधन की सरकार पराजित होकर सत्ता से बाहर हो गई थी। इस पराजय के बाद भी रघुवर दास झारखंड भाजपा के लिए अहम फैक्टर बने हुए थे। इसकी वजह यह थी कि वह लंबे समय तक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, कई टर्म मंत्री और फिर पूरे पांच साल तक मुख्यमंत्री रहे। वह राज्य भाजपा में वैश्य और ओबीसी राजनीति का सशक्त चेहरा माने जाते रहे हैं। सीएम की कुर्सी छिनने के बाद पार्टी ने उन्हें संगठन में अहम जिम्मेदारी दी। उन्हें लगातार दो बार पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। लेकिन, भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व 2019 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद यह बात भी समझ चुका था कि पार्टी को अगर झारखंड की सत्ता में लौटना है तो आदिवासी चेहरे के हाथ में नेतृत्व की कमान सौंपनी होगी।

दरअसल, रघुवर दास की अगुवाई वाली सरकार के सत्ता से बेदखल होने की सबसे प्रमुख वजह राज्य में आदिवासी सीटों पर पार्टी की पराजय थी। राज्य में 28 सीटें एसटी के लिए आरक्षित हैं, जिनमें से 26 सीटों पर भाजपा को शिकस्त खानी पड़ी थी। लिहाजा, भाजपा ने 2019 के चुनावी नतीजों के तुरंत बाद बाबूलाल मरांडी की पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का विलय कराया और उन्हें पार्टी विधायक दल के नेता का अहम दायित्व सौंपा।

यह और बात है कि दलबदल से जुड़े कानून को ढाल बनाकर उन्हें विधानसभा के स्पीकर ने कभी इस रूप में मान्यता नहीं दी और न ही नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया। हाल में बाबूलाल मरांडी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर मरांडी के सामने सबसे बड़ी आंतरिक चुनौती यह मानी गई कि वे पार्टी के दो कद्दावर नेताओं रघुवर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### राजधानी में अपराधियों का उत्पात

# इटकी में 3 लोगों को मारी गई गोली

### तीन बाइक पर सवार थे हमलावर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा की सुरक्षा को धत्ता बताते हुए इटकी इलाके में अपराधियों से तीन लोगों को गोली मार दी है। जानकारी के अनुसार इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में तीन युवकों दीपक सिंह ,भोमा सिंह और नरेश नाम के युवकों को अपराधियों ने सरेशाम गोली मार दी। बताया जा रहा है कि तीनों जमीन कारोबारी है।तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए पंडरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि दीपक सिंह शिव सेना से जुड़े हुए हैं।



मिली जानकारी के अनुसार इटकी के गड़गांव के रहने वाले दीपक और भोमा सिंह इटकी के भंडरा निवासी नरेश के साथ गड़गांव चौक के पास एक दुकान के बाहर बैठे हुए थे ।इसी दौरान तीन बाइक पर सवार छह अपराधी मौके पर पहुचे और दीपक ,भोमा और नरेश को निशाना बना कर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार अपराधियों ने छह राउंड से ज्यादा फायरिंग की, जिसमे दीपक के पेट के पास, भोमा के कान के पास और नरेश के पेट में गोली लगी है। फायरिंग के बाद स्थानीय लोग को अपनी और आते देख सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। स्थानीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### सुरक्षा पर सवाल

जिस तरह से अपराधियों ने सरेशाम तीन युवकों को गोली मारी और फिर आसानी से फरार भी हो गए यह राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।एक तरफ जहां यह दावा किया गया था की दुर्गा पूजा में हर तरफ सुरक्षा के इंतेजाम किए गए हैं ,लेकिन एक साथ तीन युवकों को गोली मारे जाने के बाद पुलिस का दावा खोखला साबित हो गया है।

## गागर में सागर

### चाईबासा : दुर्गा पूजा में खरीदारी के लिए उमड़ने लगी बाजार में भीड़



**चाईबासा।** दुर्गा पूजा को लेकर बाजार में खरीदारों के भीड़ उमड़ने लगी है. सुबह से ही खरीददार बाजारों में आना शुरू हो गए हैं. ज्यादातर खरीदार कपड़े, जूते, जेनेसिस की खरीदारी बाजार में हो रही है. ब्रांडेंड कपड़े की दुकानों में भीड़ हो रही है. बाजार में लोग अपनी जरूरत के सामान को खरीदारी करने में व्यस्त दिखे चाहे वह जूते हो कपड़े हो या रेडीमेड आइटम सभी दुकानों पर खरीददार अपनी जरूरत की सामान खरीदने में व्यस्त दिखे. उल्लेखनीय है कि पूजा को लेकर हर दुकानदार चाहे वह रेडीमेड या अन्य सामान के विक्रेता हों, सभी ने अपनी-अपनी दुकानों में छूट की घोषणा कर रखी है. इसके कारण शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी खरीदारी के लिए उमड पड़े हैं. ज्यादातर लोग रेडीमेड कपड़ों की खरीदारी करते दिखे और अपनी मनपसंद कपड़े चयन करते नजर आए.

### चक्रधरपुर में बैकुंठ साई अपार्टमेंट में लिफ्ट के गिरने से गार्ड की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** चक्रधरपुर के कुसुमकुंज रोड स्थित तारा निकेतन के समीप बैकुंठ साई अपार्टमेंट में लिफ्ट के गिरने से सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई है। घटना बुधवार रात की है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर चक्रधरपुर थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच में जुट गये। चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि पनसुवां गांव निवासी लक्ष्मण प्रधान रोजाना की तरह ड्यूटी में कार्यरत था। इसी दौरान फ्लैट में लिफ्ट में काम करने के दौरान लिफ्ट गिर गया और उसकी लिफ्ट के नीचे दबकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अपार्टमेंट में रहनेवालों से पूछताछ भी की गयी। पुलिस के द्वारा फरेंसिक टीम से भी संपर्क किया गया है। गार्ड की मौत किस परिस्थिति में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाकपा माओवादी-टीपीसी के नाम पर ठेकेदार से लेवी मांगने वाला गिरफ्तार

**चतरा।** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र स्थित बरवाडी से पुलिस ने भाकपा माओवादी और टीपीसी संगठन के नाम पर ठेकेदार से लेवी मांगने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है. एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए अपराधी राजेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गौरतलब है कि गिद्धौर थाना क्षेत्र स्थित गंगापुर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जलमीनार बनायी जा रही है. पिछले सप्ताह वहां असामाजिक तत्त्वों ने रंगदारी की मांग को लेकर काम बंद कराया और मजदूरों के साथ मारपीट व छीनतई की थी. इसको लेकर गिद्धौर थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 69/23) दर्ज करायी गयी थी. पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देशन में सिमरिया एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया. उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया.

### चाकुलिया : विधायक ने किया पंप हाउस का किया

**जमशेदपुर।** चाकुलिया नगर पंचायत के तहत वार्ड नंबर एक में स्थापित पंप हाउस का आज गुरुवार को विधायक समीर कुमार मोहंती ने उद्घाटन किया. विधायक ने फीता काटकर व नारियल फोड़ने के बाद पंप को स्टार्ट कर किया. मौके पर समीर कुमार मोहंती ने कहा कि इस पंप हाउस के चालू होने से आसपास के इलाके में बेहतर तरीके से जलापूर्ति हो सकेगी. मौके पर प्रखंड प्रमुख धनंजय करुणामय, नगर पंचायत के प्रशासक चंदन कुमार, नगर प्रबंधक मोनिस सलाम, प्रभात मिंज, गौतम दास, कनीय अभियंता प्रदीप उराव, असीम नाथ, रॉकी दास सहित कई लोग उपस्थित रहे.

### स्व. जगदीश रुंगटा फाउंडेशन ने 800 साड़ियों का किया वितरण

**जमशेदपुर।** स्व जगदीश रुंगटा फाउंडेशन ने आज गुरुवार को चाकुलिया के पुराना बाजार स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के पंडाल परिसर में 800 साड़ियों का वितरण किया. मुख्य अतिथि विधायक समीर कुमार महंती ने जरुरतमंद महिलाओं को साड़ियां दी. विधायक समीर कुमार महंती ने कहा कि जरुरतमंद महिलाओं के बीच दुर्गा पूजा के अवसर पर साड़ी का वितरण करना सराहनीय प्रयास है. जगदीश रुंगटा फाउंडेशन का यह कार्य सराहनीय है. इसके पूर्व विधायक समेत अन्य अतिथियों ने स्व जगदीश रूंगटा की तस्वीर पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर पद्मश्री जमुना टुडू, नगर पंचायत के प्रशासक चंदन कुमार, थाना के एएसआइ सैमुअल सोरेन, राम लखन यादव, नगर प्रबंधक मोनीस सलाम आदि उपस्थित रहे.

# ओडिशा को विकास की नई उंचाइयों तक पहुंचाएंगे : रघुवर दास

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने ओडिशा का राज्यपाल बनाये जाने पर खुशी जताई है. कहा है कि एक नई जिम्मेदारी उन्हें मिली है, वो भी जगन्नाथ बाबा के दरबार जैसे राज्य में इसके लिए वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार प्रकट करते है. झारखंड और ओडिशा दोनों की संस्कृति एक है और दोनों भरपूर खनिज सम्पदा से भरे हुए राज्य है. ओडिशा के मुख्यमंत्री लगातार ओडिशा की जनता की भलाई के लिए कार्य कर रहे है. संवैधानिक पद राज्यपाल का दायित्व निभाते हुए वे सरकार के साथ मिलकर ओडिशा को विकास की नई उंचाइयों तक पहुंचाने का काम करेंगे. उक्त बातें रघुवर दास ने अपने एग्रिको स्थित आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कही. एक सवाल के जवाब में रघुवर दास ने कहा कि मुख्यमंत्री हो या राज्यपाल का पद कोई भी जातिसूचक का पद नहीं होता. वे काफी संतुष्ट है, उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कई अहम पद का दायित्व उन्हें पार्टी देगी. पार्टी ने उन्हें काफी कुछ दिया है. वह 1980 से ही पार्टी के कर्मठ सिपाही है. पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी दी है उसे वे बेहतर व ईमानदारी से निभाएंगे. आने वाले चुनाव में सभी 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीतेगी और एक बार फिर से झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनेगी. उन्होंने कहा कि किसी के आने जाने से पार्टी पर कुछ प्रभाव नहीं पड़ता. भारतीय जनता पार्टी एक बहुत बड़ी पार्टी है और कार्यकताओं की पार्टी है. जब उन्हें टिकट मिला था तब वे खुद भी एक कार्यकर्ता थे. तत्कालीन एमएलए दीनानाथ पाण्डेय का टिकट काट कर एक साधारण मजदूर को टिकट दिया गया था. पार्टी में एक से एक कार्यकताओं की फौज है. अब पार्टी जिसे जहां से भी लड़ाए या जिम्मेदारी देगी पार्टी के कार्यकर्ता उसका इमानदारी से निर्वाह करेंगे. राज्यपाल बनाये जाने पर जमशेदपुर ही नहीं बल्कि पुरे झारखंड की जनता काफी खुश है, क्यूंकि पहली बार शहर के एक मजदूर को संवैधानिक पद का दायित्व मिला है. उक्त बातें रघुवर दास ने अपने एग्रिको स्थित आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कही. इस दौरान कार्यकताओं की भीड़ उनके आवास पर उमड़ पड़ी, सभी ने उन्हें मिठाई खिलाकर राज्यपाल बनाये जाने पर बधाई दी.



### दुर्गापूजा : प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को डीसी-एसपी ने दिए कई निर्देश

# सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से होगी शहर की निगरानी : डीसी

**हजारीबाग।** डीसी नैंसी सहाय व एसपी मनोज रतन चोथे ने सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में दुगार्पूजा के अवसर पर संपूर्ण पर्व के दौरान विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरतने व विधि व्यवस्था संधारित कर शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिए हजारीबाग क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को संबोधित किया. मौके पर डीसी नैंसी सहाय ने दंडाधिकारियों से कहा कि सजग व मुस्तैद रहते हुए पूजा संपन्न करना है. किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. किसी प्रकार की सूचना तत्काल अपने वरीय पदाधिकारी को दें. चिह्नित जगह जहां भीड़ इकट्ठा होती है, वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है. धैर्य और संवेदनशीलता के साथ हर परिस्थिति में विवेकपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न कराएं. दंडाधिकारियों की मुस्तैदी, सतर्कता और तत्परता पर ही शांतिपूर्ण पर्व की सफलता निर्भर करेगी. उन्होंने विनम्र रहते हुए अपने कार्यों को संपादित करने की बात कही. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस आपस में बेहतर तालमेल रखें ताकि हर परिस्थिति में कार्रवाई करने में मददगार हो. उन्होंने कहा कि सभी दंडाधिकारी पॉजिटिव माइंडसेट और एटीट्यूड के साथ निर्धारित स्थल पर मौजूद रहें. किसी भी तरह की सूचना वरीय अधिकारियों व कंट्रोल रूम को दें. वहीं एसपी ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराने का निर्देश दिया.





#### दिशा निर्देशों का करें पालन : एसपी

उन्होंने उपस्थित सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दुगार्पूजा त्योहार के दौरान जिला प्रशासन से जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन करवाना आवश्यक है. कहीं भी विधि व्यवस्था की कोई भी सूचना पर त्वरित एक्शन लेते हुए ऑन द स्पॉट कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान निर्धारित किए गए रूट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी आईडी कार्ड और रंगीन जैकेट के साथ मौजूद रहेंगे. उन्होंने कहा कि आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सभी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी वायरलेस फोन से युक्त होंगे. पर्व वाले मार्गों की सूक्ष्म निगरानी के लिए सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी जाएगी.

#### पुलिस हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम का नंबर साझा

एसपी ने पुलिस हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम का नंबर साझा किया. सीसीआर नंबर 8002529348 व 8002529349 और पुलिस कंट्रोल नंबर 06546-264159 पर किसी भी प्रकार की सूचना दी जा सकती है.वहीं सदर अस्पताल और आरोग्यम अस्पताल को चिकित्सा सेवा के लिए चिह्नित किया गया है. मौके पर डीडीसी आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार, डीएसपी महेश प्रजापति, डीएसपी राजीव कुमार व सभी जिला स्तरीय दंडाधिकारी उपस्थित थे.

## दुर्गा पूजा के दौरान तैनात रहेंगे 261 मजिस्ट्रेट-2500 जवान



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में 261 मजिस्ट्रेट और 2500 जवानों की तैनाती की गई है. इसको लेकर गुरुवार को गोलमुरी स्थित पुलिस लाईन में एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से एसएसपी किशोर कौशल और उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री समेत पुलिस पदाधिकारी और मजिस्ट्रेट मौजूद थे. बैठक में सभी को अपने-अपने कार्यों के प्रति जानकारी दी गई. वहीं उन्हें किस तरह से दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था को बनाए रखना है इसको लेकर दिशा-निर्देश दिए गए. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर उपायुक्त के साथ एक ज्वाईंट ऑर्डर निकाला गया है. इस ऑर्डर का अनुपालन ठीक तरिके से किया जाए इसको लेकर उक्त बैठक की गई है. बैठक के दौरान बताया गया कि पूजा समितियों और प्रशासन के बीच किस तरह से समन्वय बनाया जाए. उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान अंतिम समय तक जब तक भीड़ रहे तब तक पुलिस तैनात रहेगी.

#### चेन स्नैचर्स पर रखे नजर

एसएसपी ने मौके पर मौजूद जवानों को सख्त निर्देश दिए कि पूजा के दौरान स्नैचर्स की संख्या बढ़ जाती है. ऐसे में पूजा में तैनात जवान चेन स्नैचर्स पर नजर बनाए रखे. वहीं 20 अक्टूबर से लेकर 24 अक्टूबर तक यातायात नियमों में बदलाव करते हुए बड़े वाहनों के परिचालन के समय को बदला गया है. जवान इसका भी ध्यान रखे कि सभी वाहन नो इंट्री के दौरान नहीं चलें.

## चेकिंग के दौरान मारपीट करने वाले दरोगा समेत तीन पुलिस कर्मी सस्पेंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल ने चेकिंग के दौरान मारपीट करने वाले दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया. गौरतलब है कि बीते 17 अक्टूबर को जुगसलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत पार्वती घाट के पास चेकिंग अभियान चलाया गया था. इस दौरान जुगसलाई थाना के दरोगा विकास कुमार, टैंगो के आरक्षी काशमीर मुखी और आरक्षी अनिल कुमार महतो ने मो. जैद के बुलेट में प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर लगे रहने के कारण उसके साथ मारपीट की थी. इसको लेकर मो. जैद के पिता मो. जहीरुद्दीन ने शिकायत की थी. मो. जहीरुद्दीन की शिकायत पर एसएसपी ने संज्ञान लिया और घटना की संबंधित सक्षम पदाधिकारी से जांच करायी. जांच में पाया गया कि गश्ती दल में शामिल विकास कुमार, काशमीर मुखी और अनिल कुमार महतो ने मोडिफाइड बुलेट चलाने को लेकर मो. जैद के साथ मारपीट की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया. जबकि चेकिंग दल कानून के दायरे में रहकर उसके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई कर सकते थे. जांच के बाद एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए दरोगा विकास कुमार, आरक्षी काशमीर मुखी और आरक्षी अनिल कुमार महतो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया.

### पत्नी के हत्यारोपी को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के परसुडीह थान अंतर्गत खखरीपाड़ा निवासी संगीता कुशवाहा की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोपी पति अजय कुशवाहा को झारखंड हाइकोर्ट से जमानत मिल गई. अजय बीते 11 फरवरी से जेल में बंद है. जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस दीपक रौशन की अदालत ने आरोपी को जमानत दी. मामले में वरीय अधिवक्ता दिलीप कुमार कर्मकार ने बहस की. उन्होंने न्यायालय को बताया कि घटना 24 जुलाई 2022 की है और प्राथमिकी विलंब से 8 सितंबर को दर्ज हुई. परंतु इसका कारण स्पष्ट नहीं बताया गया. बता दें कि मध्य प्रदेश के रीवा का अजय कुशवाहा अपनी पत्नी संगीता कुशवाहा के साथ गोविंदपुर खखरीपाड़ा में नारायण बेसरा की जमीन पर सब्जी उगाने का काम करता था. चरित्रहीन होने के शक में 24 जुलाई को पत्नी के साथ मारपीट की तो पत्नी ने गुस्से में कीटनाशक पी लिया. स्थिति बिगड़ी तो संगीता को उसके माता-पिता रीवा इलाज के लिए ले गए, जहां उसकी मौत 29 जुलाई को हो गई. अजय के खिलाफ उसके ससुर और रीवा निवासी राम मनोहर ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई.

### गिरिडीह: ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह-मधुपुर पैसेंजर ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान देवघर जिले के जसीडीह के सिंघहो निवासी 22 वर्षीय संतोष किस्कु पिता भैया किस्कु के रूप में हुई है. सूचना पर गांडेय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.गुरुवार को गिरिडीह-मधुपुर रेलखंड पर (गोंदलीटांड) के पास शव देखा. हो हल्ला पर लोग जुटे और मृतक के जेब से मिले क्षतिग्रस्त मोबाइल की सिम से बात कर उसके परिजनों को सूचना दी. सूचना पर मृतक का भाई रविलाल किस्कु घटना स्थल पहुंचा और शव की शिनाख्त की. बताया कि उसका भाई बुधवार को कपड़ा खरीदने घर से निकला था. वह जसीडीह से गिरिडीह क्यों जा रहा था इसकी उन्हें जानकारी नहीं है. इधर, सूचना पर आरपीएफ के एएस खान,शिव कुमार और गांडेय थाना से राकेश रंजन घटना स्थल पहुंचे. इसके उपरांत गांडेय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

## आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जे की होगी जांच : मंत्री चंपई सोरेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** कोल्हान भूमि बचाओ समिति का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को रांची में आदिवासी कल्याण मंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की. मंत्री के आवास पर हुई इस मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल में शामिल रैयतों ने चाईबासा के आसपास हो रहे आदिवासी जमीन पर अवैध कब्जे व फजीर्वाड़े की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की. मंत्री चंपई सोरेन ने सारी शिकायतें सुनने के बाद नियमानुसार मामले की जांचकर कार्रवाई की बात कही. ये भी कहा कि सरकार को भी इसकी सूचना दें. समिति के उपाध्यक्ष डीबर देवगम ने मंत्री से कहा कि चाईबासा के मतकमहातू में दस आदिवासियों की जमीन पर बनवारी लाल नेवटिया का करीब तीस वर्षों से अवैध कब्जा है. इसमें मेरी भी पुश्तैनी जमीन है. नेवटिया दावा करता है कि उन्होंने सीएनटी एक्ट की धारा-49(6) के तहत यह जमीन खरीद ली है. इस पर चंपई सोरेन ने कहा कि इस मामले में नियमानुसार जांच करवायी जाएगी और सबों को जमीन वापस मिल सकेगी. एलियास बोदरा ने कहा कि बिरुवा पथ चाईबासा में उनकी जमीन पर भागीरथी लाल तोसावड नामक व्यक्ति का अवैध कब्जा है. 1964 सैटलमेंट अभिलेख में फजीर्वाड़ा करके ऐसा किया गया है. मतकमहातू के रैयत मानकी देवगम ने कहा कि मेरे गांव में रतिलाल तांती नामक व्यक्ति का मेरी 0.41 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा है. इसका खाता संख्या- 07, प्लॉट संख्या- 646 तथा 0.41 डिसमिल है. वो इसे फजीर्वाड़े से बेचने की फिराक में है. जिले के अभिलेखागार से 1913-14 सेटलमेंट खतियान भी गायब हो रहे हैं. इसमें जिले के अधिकारियों की ही मिलीभगत है. ऐसे मामलों में कार्रवाई होनी चाहिए. प्रतिनिधिमंडल में समिति के उपाध्यक्ष डीबर देवगम, सचिव चाहत देवगम, एलियास बोदरा, मानकी देवगम शामिल थे.

## लोगों में उत्साह

### धनबाद के कतरास में दुर्गापूजा पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे कारीगर

# पेरिस का डिजनीलैंड व कूच बिहार पैलेस होगा आकर्षण का केंद्र



रानी बाजार मैदान में बन रहा पेरिस के प्रसिद्ध डिजनीलैंड की तर्ज पर पंडाल।

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कतरास में दुर्गा पूजा की रौनक दिखने लगी है. रानी बाजार, रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान, जीएनएम स्कूल, केशलपुर, सिनीडीह व राजबाड़ी में हर साल की तरह इस बार भी भव्य पूजा पडाल का निर्माण किया जा रहा है. कारीगर व मजदूरा पंडालों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं. कतरास के रानी बाजार मैदान में इस बार पेरिस के प्रसिद्ध डिजनीलैंड की तर्ज पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है. पंडाल की चौड़ाई 100 फुट व ऊंचाई 65 फुट है. करीब 6 लाख रुपये की लागत से पंडाल का निर्माण हो रहा हैं. जामताड़ा के कुशल कारीगर धनंजय मंडल अपने 10 दक्ष सहयोगियों के साथ पंडाल को अंतिम रूप देने में लगे हैं. माता की मूर्ति का निर्माण धनबाद के कारीगर दुलाल पाल कर रहे हैं. पंडाल की साज-सज्जा व लाइटिंग की व्यवस्था मनोज लाइट एंड साउंड की ओर से की जा रही है. दुर्गा पूजा समिति का कुल बजट 9 लाख रुपये का हैं.रानी बाजार में भव्य मेले लगाने की भी तैयारी है. लोग मौत का कुआं, मीना बाजार व तरह-तरह के झूलों का आनंद ले सकेंगे. दुर्गा पूजा कमेटी में संरक्षक विधायक ढुल्लू महतो, अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद गुप्ता व रामदास सिंह, सचिव मान सिंह, सहसचिव अभय सिंह व बमबम शर्मा, कोषाध्यक्ष हरिवंश लाल गंभीर (मधु ), सह कोषाध्यक्ष, दान सिंह व राजीव रंजन सिंह हैं.

#### रेलवे इंस्टीट्यूट में बन रहा कूच बिहार पैलेस जैसा पंडाल

रेलवे इंस्टीट्यूट दुगार्पूजा समिति की ओर से इस बार रेलवे मैदान में कुच बिहार पैलेस की अनुकृति का भव्य पंडाल बनाया जा रहा है. पंडाल जामताड़ा के प्रसिद्ध कारीगर उत्पल मंडल की देखरेख में बन रहा है. पूजा कमेटी के बिल्लू चटर्जी ने बताया पंडाल निर्माण पर कुल करीब 8 लाख रुपए लागत आएगी. अंदर का डेकोरेशन दुगार्पुर के कलाकार गौराचन्द्र डे कर रहे हैं. मूर्ति का निर्माण लकड़का के सुभाष कुंभकार कर रहे हैं. पूजा पर 10 से 11 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान है. यहां भव्य मेले का आयोजन भी किया जा रहा है. पूजा कमेटी में संरक्षक राजेश प्रसाद पासवान, अध्यक्ष पीएस चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष आलोक नाथ गुप्ता, जायनाथ महतो व मोहम्मद हैदर अली खान, सचिव विजय महाजन, कार्यकारिणी सचिव बिल्लू चटर्जी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, सहायक सचिव अनिल कुमार सोनी शामिल हैं. सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम की ओर से जीएनएम हाई स्कूल मैदान में मोर महल की अनुकृति वाला भव्य पंडाल बनाया जा रहा है.



रेलवे इंस्टीट्यूट में बन रहा कूच बिहार पैलेस जैसा पंडाल।

## गागर में सागर

### जेपीएससी अध्यक्ष ने बीएयू के गिलोय अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण किया




**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष डॉ. मेरी नीलिमा केरकेट्टा तथा राज्य के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. डीके सक्सेना ने बृहस्पतिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी संकाय में अवस्थित गिलोय प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र का भ्रमण किया। केन्द्र के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने औषधीय एवं सगन्धीय पौधों तथा एथनोमेडिसिन की खेती को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा की। डॉ केरकेट्टा ने खाने योग्य जंगली पौधों तथा जंगली मशरूम के औषधीय गुणों पर विशेष अनुसंधान करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर आईसीएआर के औषधीय एवं सगन्धीय पादप अनुसंधान निदेशालय, आनंद (गुजरात) के निदेशक डॉ मनीष दास, वानिकी संकाय के डीन डॉ एमएस मलिक, बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह तथा गिलोय अनुसंधान केंद्र के प्रभारी डॉ कौशल कुमार उपस्थित थे।

### रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में दुर्गोत्सव



**रांची।** शहर के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दुर्गोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शंख ध्वनि और पुष्प वर्षा के साथ मां दुर्गा के आवाहन से हुई। बच्चों ने आकर्षक धुनेची नृत्य प्रस्तुत किया। डांडिया ने सभी का मन मोह लिया। महिषासुर मर्दिनी शीर्षक कार्यक्रम में विभु, प्रियांशु आयुष, आनंद ,अमन, उन्नति भट्ट, रचिता, हिमांशी, माही और प्रत्यक्षा की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा आयुष आर्या, आकाश,रचित एवं मनीष के ढाक वादन ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी है। चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने कहा कि यह पर्व न केवल अन्याय, अत्याचार और अनाचार के प्रतिकार का पर्व है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपरा का संवाहक भी है। यह तमाम विविधताओं के बीच समाज और देश को एकता के सूत्र में बांधने वाला पर्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनीता वर्मा, मीनू सहाय, सतीश कुमार मिश्रा, मोनिका मुंडू, प्रियंका चक्रवर्ती, विभा सिंह, अर्चना श्रीवास्तव तथा सुषमा तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### महिलाओं को शस्त्र रखना जरूरी : रेणु



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी ने गुरुवार को शस्त्र पूजन किया। प्रांत धर्म प्रसार सह परियोजना सहप्रमुख रेणु अग्रवाल कहा कि महिला को शस्त्र रखना जरूरी है। सभी को शस्त्र चलाना आना चाहिए। शस्त्र रखने की प्रथा हमारे देवी देवताओं से ही लिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की युवा महिला इकाई दुर्गा वाहिनी की बहनों को प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने सभी को मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी ने से जुड़ने का निवेदन किया। इस अवसर पर वाहिनी की महिलाएं मौजूद रहीं।

### राजेन्द्र प्रसाद ने रघुवर दास को दी बधाई



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रघुवर दास को उड़ीसा के राज्यपाल बनाये जाने पर उन्हें बधाई दी है। श्री प्रसाद ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व संगठन में अपने दायित्व को बखूबी निभाया है। उन्होंने कहा कि श्री दास के अनुभव का लाभ उड़ीसा की जनता और सरकार को मिलेगी। वह झारखंड में एक अच्छे प्रशासक रूप में रहें हैं। उन्होंने जनता के प्रति काफी सेवा किया है। वह उड़ीसा की जनता का काफी ख्याल रखेंगे।

### चुनाव से पहले लोगों से किये वायदे को सांसद संजय सेठ ने किया पूरा

# ग्रामीणों को मिला रेलवे अंडरपास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खिजरी विधानसभा के सौदाग पंचायत में रेलवे लाइन के नीचे बनाए गए अंडर पास सबवे का उद्घाटन सांसद संजय सेठ ने किया। इस अवसर पर रांची के मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार सहित कई अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। विदित हो कि सांसद संजय सेठ बतौर भाजपा उम्मीदवार जब उसे क्षेत्र में गए थे, तो स्थानीय ग्रामीणों ने उनसे यह मांग की थी कि यहां एक अंडरपास का निर्माण कराया जाए। ताकि ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो सके। अंडर पास नहीं होने के कारण ग्रामीण रेलवे की पटरी पर कर आवाजाही करते थे। इस कारण उनके जान माल पर हमेशा खतरा बना रहता था। कई बार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं भी हुई थी। सांसद श्री सेठ ने उसे समय ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि वह बहुत जल्द चुनाव जीतने के बाद इस पर काम शुरू करेंगे और अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। सांसद संजय सेठ इसके लिए लगातार प्रयासरत रहे और अंततः रेलवे



के द्वारा इसकी स्वीकृति की गई, डीपीआर बना और अंडरपास बनकर तैयार हो गया। लगभग 3.50 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ यह अंडर पास 40 मीटर लंबा, 4 मीटर चौड़ा और 3.5 मीटर इसकी ऊंचाई है। इस अंडरपास के निर्माण से क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीण काफी खुश दिखे। सांसद संजय सेठ ने इस अंडरपास के निर्माण पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसीलिए हम कहते हैं, मोदी है तो मुमकिन है। देश में एक ऐसी सरकार बनी है, जो सिर्फ योजनाओं का शिलान्यास नहीं करती बल्कि नियत समय के अंदर उसका उद्घाटन भी करती है। जब मैं चुनाव के दौरान इस क्षेत्र में आया था तो ग्रामीणों की परेशानी देखकर मुझे भी लगा था, यह गंभीर विषय है। इस पर काम करना चाहिए। लगातार कार्य करने और सारी लंबी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद अंतत आज अंडरपास बनकर तैयार हो गया। अब ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो सकेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने भी सांसद श्री सेठ के प्रति आभार जताया।

### रांची में 25 अक्टूबर तक शराब की खरीद-बिक्री पर लगे रोक : सुरक्षा समिति

**रांची।** रांची जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति की ओर से गुरुवार को जिला स्कूल कैंपस से अल्बर्ट चौक तक जागरूकता मार्च निकाला गया। मांग की गयी कि दुर्गोत्सव के दौरान सप्तमी, अष्टमी और नवमी को रांची में शराब की खरीद-बिक्री पर पाबंदी लगाया जाए। 25 अक्टूबर तक शहर में चार पहिया वाहन घुसने पर भी रोक लगायी जाए। जयपाल सिंह स्टेडियम, जिला स्कूल कैंपस, रांची विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन कैंपस में दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान पार्किंग व्यवस्था की जाए। सुरक्षा समिति ने कहा कि महिलाएं कीमती आभूषण पहनकर पूजा घूमने से बचें। मेला घूमने ले जाने वाले छोटे बच्चों के पॉकेट में अपना पता, नाम और फोन नंबर अवश्य डालें। युवा दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय ने कहा कि राजधानी में इस समय तीन-तीन फ्लाइओवर का निर्माण हो रहा है। जिस कारण जाम की स्थिति पूर्व से बनी हुई है। सभी श्रद्धालु चार पहिया लेकर दुर्गा उत्सव घूमने निकलेंगे तो स्थिति दयनीय हो जाएगी।

# संकुचित मानसिकता के दायरे से बाहर निकले भाजपा : बंधु



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा और इसके नेताओं को झारखंड के हित में संकुचित मानसिकता से बाहर निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन की लूट मची है। उसपर भी जमीन के मामले में अनेक वैसे स्वार्थी तत्व संलिप्त हैं, जिन्हें झारखंड से कोई लेना-देना नहीं है। तिर्की रांची के अपर बाजार स्थित प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से हटकर राज्यहित में जब से झारखंड बना तब से लेकर अब तक जमीन में हुई भ्रष्टाचार और घोटाले को लेकर भाजपा आमने-सामने चर्चा करें। कोई भी राजनीतिक दल हो या उसका नेता-कार्यकर्ता उसका उद्देश्य जनहित में काम करना है। इसके लिए सत्ता एक माध्यम बनकर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भी बहुत बड़ी भूमिका है लेकिन सत्ता के लिए वैसी छटपटाहट नहीं होनी चाहिए जैसी अभी झारखंड भाजपा के नेताओं में है। उन्होंने कहा कि 2000 में राज्य गठन के बाद 23 साल गुजर जाने पर भी अबतक झारखंड के लोगों की स्थिति ऐसी क्यों है जबकि अधिकांश वक्त तक प्रदेश में भाजपा ही सत्ता में रही है।

### सरकार की एक चिट्ठी ने उड़ा दी उपभोक्ता फोरम की नींद




**रांची।** राज्य सरकार के एक पत्र ने उपभोक्ता फोरम की नींद उड़ा दी है। पहले से ही अध्यक्ष और सदस्य की कमी से जूझ रही उपभोक्ता फोरम अब कर्मचारियों की कमी से जूझने जा रही है। कर्मचारियों की कमी ऐसे ही नहीं बल्कि पूरे सिस्टम पर भारी पड़ेगी, जिसके कारण जनवरी 2024 के बाद कोर्ट की सुनवाई पूरी तरह से बंद हो जाएगी। दरअसल, राज्य सरकार ने आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे कर्मचारियों की सेवाएं जनवरी 2024 के बाद खत्म करने का फैसला लिया है। सरकार के इस फैसले से राज्य उपभोक्ता आयोग और जिलों में बनी उपभोक्ता फोरम में कार्यरत 216 कर्मचारी एक साथ बाहर हो जायेंगे। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष बसंत कुमार गोस्वामी सरकार के इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहते हैं कि अगर इसे लागू किया गया तो व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। जिला उपभोक्ता न्यायालय से लेकर राज्य उपभोक्ता आयोग में ये लंबे समय से कार्यरत हैं जो प्यून, स्टेनो और लिपिकीय कार्य को करते हैं।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न दुर्गापूजा के समितियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक

# श्रद्धालुओं की परेशानियों का रखें ख्याल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा गुरुवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में विभिन्न दुर्गा पूजा के समितियों के प्रतिनिधियों के साथ ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) और दुर्गा पूजा की पूरी तैयारी सम्बंधित बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार दूबे,अपर जिला दंडाधिकारी (विधी-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के प्रतिनिधि शामिल थे। उपायुक्त के द्वारा ध्वनि प्रदूषण (विनयमन और नियंत्रण) का पालन रांची शहर के सभी पंडालों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं फायर सेफ्टी, सीसी टी.वी., माता दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के रूट पालन और हर बड़े बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा



आए हुए सभी पूजा समिति के सदस्यों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा की, पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग इंट्री गेट और निकलने के लिए एग्जिट गेट की व्यवस्था हर पंडालों में होनी चाहिए और ध्यान रहें की भीड़ नियंत्रण अच्छे तरीके से हो दर्शन करने में किसी भक्तों को कोई परेशानी नहीं हो यह ध्यान रखें। पंडाल में जितनी क्षमता दर्शन करने वालों की रहें उतनी ही संख्या में भक्तों को दर्शन के लिए पूजा समिति वालें भेजे। उपायुक्त द्वारा रांची शहर के सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा का लगाना सुनिश्चित करने एवं सीसीटीवी कैमरा की 24 घंटे मॉनिटर करने के लिए व्यक्ति की तैनाती हर वक़्त रहें यह सुनिश्चित करने का निर्देश सभी पूजा समिति के सदस्यों को दिया गया। सीसीटीवी कैमरा से भीड़ की स्थिति को भी देखने के लिए प्रयोग करने को भी उपायुक्त रांची द्वारा कहा गया। उपायुक्त रांची, द्वारा सभी दुर्गा पूजा पंडालों में पर्याप्त मात्रा में रौशनी की व्यवस्था करने एवं अगर संयोगवश बिजली जाने की स्थिति में जेनसेट की व्यवस्था रखने का निर्देश। उपायुक्त रांची, द्वारा रांची के सभी दुर्गा पंडालों में फायर सेफ्टी की हर मानक व्यवस्था रखने का निर्देश पूजा समिति के सदस्यों को देते हुए कहा की सभी को फायर उपकरण का प्रयोग आना चाहिए ताकि अप्रिय घटना होने पर तुरंत इसका प्रयोग कर अप्रिय घटना को तत्काल रोका जा सकें। 24 घंटे फायर सेफ्टी से जुड़े लोग पंडाल में मौजूद रहें यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया एवं फायर सेफ्टी की जांच एक्सपर्ट से कराने को कहा गया एवं शार्ट सर्किट से बचने के सारें उपाय पंडालों में अनिवार्य रूप से रखने का निर्देश उपायुक्त रांची द्वारा दिया गया। उपायुक्त रांची, द्वारा पूजा समिति के सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा की पूजा पंडालो के बाहर भीड़ एक साथ ज्यादा एकत्र ना हो इस बात का ख्याल विशेष रूप से रखने को कहा एवं मुख्य सड़क जाम नही हो इसका ख्याल रखने को कहा और पूजा पंडालों में साफ-सफाई, पानी व्यवस्था रखने को भी कहा गया।

## रांची में त्योहारों को लेकर जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति का जागरुकता मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुर्गोत्सव के दौरान सप्तमी, अष्टमी और महानवमी को शराब बंदी, श्रद्धालुओं से चार पहिया वाहन उपयोग न करने के लिए रांची जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति ने गुरुवार को जागरुकता मार्च निकाला। मार्च जिला स्कूल कैंपस से फिरायालाल चौक तक निकाला गया। इस दौरान आम लोगों के साथ प्रशासन से तीन दिवसीय सप्तमी अष्टमी और नवमी को पूर्ण रूप से शराबबंदी व साथ ही जयपाल सिंह स्टेडियम, जिला स्कूल कैंपस, रांची विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन कैंपस को दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। मार्च में उपस्थित सुरक्षा समिति के स्वयंसेवकों ने हाथ में तख्तियां लेकर श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि महिलाएं कीमती आभूषण पहनकर पूजा घूमने से बच्चे व साथ ही अपने साथ मेला घूमने ले जाने वाले छोटे बच्चों के पॉकेट में अपना, पता, नाम और फोन नंबर अवश्य डालें। रांची जिला दुर्गा पूजा समिति और रांची जिला युवा दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय ने कहा कि राजधानी रांची में इस समय तीन-तीन फ्लाइओवर का निर्माण हो रहा है, जिस कारण जाम की स्थिति पूर्व से बनी हुई है।

### सीयूजे में सतर्कता जागरुकता अभियान के तहत प्रतियोगिता

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के जनसंचार विभाग में गुरुवार को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने सतर्कता जागरुकता अभियान चलाया। इसके तहत नारा लेखन, भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के चीफ मैनेजर (फाइनेंस) आरके सिंह, चीफ मैनेजर (सिस्टम) ओमप्रकाश और डॉ. अनीता ने विद्यार्थियों के बीच संबोधन और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। सीयूजे के आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. रतन कुमार डे ने विद्यार्थियों को जीवन में ड्यूटी और डिग्निटी के महत्व के बारे में समझाया। नारा लेखन में जनसंचार विभाग के पीएचडी स्कॉलर विनायक झा को प्रथम, राहुल कुमार को द्वितीय और विशाखा एवं अनुराग को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में राहुल कुमार को प्रथम, दिव्या स्वराज को द्वितीय और शांभवी और सुमन को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

# सदर अस्पताल में भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने की कन्या पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा के तत्वावधान में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल के आह्वान पर नवरात्रि में ही कन्या पूजन क्यों, वर्ष भर कन्या पूजन क्यों नहीं किया जाता है उनके इसी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 2 सालों से पूरे राष्ट्र में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत रांची सदर हॉस्पिटल में नवरात्र में पहले दिन से ही 21 कन्या का पूजन किया गया। दूसरे दिन भी 15 कन्या का पूजन किया गया। तीसरे दिन भी 21 कन्या का पूजन किया गया। चौथ दिन राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बधवाल, राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गीता डालमिया के द्वारा 25 कन्या का पूजन किया। इस अवसर पर



सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनिल खेतान मुख्य रूप से उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल जी ने मंच की ओर से उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया तथा सभी नवजात कन्याओं को कपड़े, खिलौने, साड़ी, चादर, फल बिस्किट जरूरत के अन्य समान एवं शगुन के लिफाफा दिए जाते हैं। डॉक्टर खेतान ने मारवाड़ी महिला समिति के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची शाखा अध्यक्ष नैना मोर, बीना मोदी, मधु सराफ, रीना सुरेखा, छाया अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, सीमा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, प्रीति बंका, उर्मिला पाड़िया, मंजू गड़ोदिया, मीरा अड़ूकिया आदि बहनों का सहयोग रहा।

## निगरानी

### दुर्गा पूजा के दौरान सभी जिलों में हुई पुलिस जवानों की तैनाती

# त्योहार को लेकर सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम : अमोल वी होमकर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में दुर्गा पूजा और आगामी पर्व त्योहार को लेकर सुरक्षा बलों की तैनाती हर जिले में कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए झारखंड के 24 जिलों में करीब 10 हजार अतिरिक्त पुलिस बल प्रदान किए हैं। रांची, हजारीबाग और जमशेदपुर में बम निरोधक दस्ते की टीम को भी तैनात किया गया है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को मुख्यालय के द्वारा निर्देश दिया गया है कि वह शहर की निगरानी इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए करें। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के स्तर से 24 जिलों में पर्व त्योहारों को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी जिलों को पर्याप्त बल उपलब्ध करवा दिया गया है। जिले के एसपी मुख्यालय के द्वारा उपलब्ध करवाए गए बलों की ब्रीफिंग कर सुरक्षा के लिए उनका योगदान सुनिश्चित करवाएंगे। आईजी होमकर ने बताया अग्निशमन विभाग, एनडीआरफ, एसडीएस



और एंबुलेंस सिस्टम को भी पूरी तरह से अलर्ट पर रखा गया है। दुर्गा पूजा से लेकर महापर्व छठ तक अतिरिक्त सुरक्षा बल जिलों में तैनात रहेंगे। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 5030 लाठी बल, आरएपी छह बटालियन, 04 पार्टी आंसू गैस दस्ता, बम निरोधक दस्ते की तीन टीम, 4975 होमगार्ड, सीआरपीएफ की एक बटालियन, एसएसबी की पांच बटालियन के साथ-साथ सभी रेंज डीआईजी के नियंत्रण में 580 जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

**कहां कितनी तैनाती:** राजधानी रांची में सबसे ज्यादा अतिरिक्त पुलिस बल मुख्यालय के द्वारा दिया गया है। राजधानी में 1387 लाठी बल, 400 होमगार्ड के अलावा दो कंपनी आरएपी, एक बीडीएस की टीम और एक टियर गैस टीम प्रदान किये गए हैं। इसके अलावा संवेदनशील माने जाने वाले हजारीबाग, जमशेदपुर और गिरिडीह जिले में भी एक-एक कंपनी आरएपी, बीडीएस और टियर गैस प्रदान किया गया है। सभी रेंज डीआईजी को 100-100 अतिरिक्त पुलिस प्रदान किए गए हैं यह बल

**राजधानी रांची में सबसे ज्यादा अतिरिक्त पुलिस बल मुख्यालय के द्वारा दिया गया है। राजधानी में 1387 लाठी बल मिले हैं**

रिजर्व में रहेंगे। रेंज डीआईजी जरूरत के अनुसार अपने जिलों में इनका प्रयोग कर सकेंगे।पुलिस मुख्यालय की तरफ से झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भी अलर्ट जारी किया गया है। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वह विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से विशेष रूप से अपने-अपने जिलों में निगरानी रखने का काम करेंगे। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटे। वही सोशल साइट्स पर विशेष निगरानी रखने की हिदायत सभी जिलों को दी गई है। आईजी अमोल होमकर ने बताया कि स्पेशल ब्रांच के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील स्थानों और व्यक्तियों के संबंध में सभी जिलों को सूचनाएं दी गई है।

### स्वैच्छिक रक्तदान संगठन ने सिविल सर्जन को समस्याओं से अवगत कराया

**रांची।** जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को लेकर सक्रिय संगठनों के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से मिलकर रक्त संबंधित समस्याओं को अवगत कराया। कार्यालय में हुए इस मुलाकात के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, पैथोलॉजी विभाग के हेड डॉ विमलेश कुमार सिंह और सदर अस्पताल ब्लड बैंक प्रभारी डॉ रंजू को जानकारी दी। इस दौरान सिविल सर्जन ने सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और न्यायोचित मांगों पर अपनी सहमति दी। साथ ही भरोसा दिया कि अविलंब पहल की जायेगी। वहीं कुछ विषेश मुद्दों को वरीय पदाधिकारी के संज्ञान में भी लाया जाएगा। छह सदस्यीय टीम में लहू बोलेगा के संस्थापक नदीम खान, डॉ दानिश रहमानी, आसिफ अहमद, मो शाहबाज, मेहर खालसा के जयंत, गुरुनानक सेवक जत्था के करण अरोड़ा शामिल थे।

## मोरहाबादी में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला जलाया जायेगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह का वातावरण है। सभी इलाकों में एक से बढ़कर एक दुर्गा पूजा के पंडाल बनाएं गए हैं। दशमी के दिन मोरहाबादी सहित अन्य स्थानों में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला दहन किया जाएगा। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर दुग्गल ने गुरुवार को बताया कि अब तक रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला जलाने का ट्रेडिशनल तरीका होता था, जिसमें प्रतीक स्वरूप तीर धनुष होता था। लेकिन पुतले में बिरादरी के कोई स्वयंसेवक मशाल से आग लगा देते थे। इस बार इसे अपडेट किया गया है। अब प्रतीक स्वरूप तीर धनुष तो प्रदर्शित किए जाएंगे, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जरिये रिमोट का बटन दबाते ही रावण जलने लगेगा। इसी तरह पूर्व मंत्री सीपी सिंह और सांसद संजय सेठ भी रिमोट का बटन दबाकर कुंभकर्ण और मेघनाथ का दहन करेंगे। इस बार 70 फीट का रावण का पुतला होगा। जबकि कुंभकर्ण के पुतले की लंबाई 65 फीट और मेघनाथ का पुतला 60 फीट का होगा। उन्होंने बताया कि इस बार खास रूप से आतिशबाजी होगी। इसके लिए कोलकाता से प्रख्यात आतिशबाजी करने वाले शेखर मुखर्जी को बुलाया गया है।

## गागर में सागर

### बोलबा के मां वनदुर्गा में हुई महाआरती, उमड़ी भक्तों की भीड़



**बोलबा।** प्रखंड के मालसारा पंचायत अंतर्गत मां वनदुर्गा की पावन प्रांगण में सैकड़ो भक्तों द्वारा महा आरती किया गया। मां वनदुर्गा प्रांगण में शारदीय नवरात्र के पंचमी तिथि में महाआरती हुई ।आरती का मुख्य गायन मार्गदर्शक संजय मिश्रा एवं पुरोहित परमेश्वर पांडा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंदिर को सजाने के लिए भोला कुमार केरसई ने गेंदा फूल प्रदान किया एवं पंचमी के अवसर पर राहुल कुमार उर्फ छोटू द्वारा भक्तों के बीच मीठा वितरण किया गया। महा आरती का कार्यक्रम में मुख्य रूप से वनदुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष जहुरन सिंह सचिव जगरनाथ सिंह मार्गदर्शक ज्योतिषचर्य संजय मिश्रा महेंद्र सिंह रितेश कुमार अंकित कुमार मनीष कुमार भोला कुमार केसरी सिंह गजेंद्र सिंह भोंदा सिंह कैलाश सिंह शशि प्रसाद कलिंद्र सिंह मनोज सिंह अरुण सिंह नीलांबर महतो सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों एवं मालसरा के ग्रामवासी तथा केरसई के भक्तगण कि हम भूमिका थी।

### सड़क पार कर रही स्कूली बच्ची मोटरसाइकिल के धक्के से घायल

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरजा के पास सड़क पार कर रही 9 वर्षीय स्कूली बच्ची को मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार धक्का मार दिया। धक्का इतना जोरदार था की बच्ची गिरी और माथे में गंभीर चोट लगी। बाद में उसे तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से वाहन द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया ,जहां उसकी उपचार चल रही है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गरजा मेंदाटोली गांव निवासी मरियम डुंगडुंग स्कूल जा रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल सवारने टक्कर मार दी ।इधर उसकी इलाज सदर अस्पताल में चल रही है फिलहाल खतरे से बाहर है।

### सर्पदंश दो लोगों की हालत बिगड़ी सदर अस्पताल में उपचार जारी

**सिमडेगा।** सिमडेगा के अलग-अलग क्षेत्र में जहरीले सांप के डसने से दो लोगों की तबीयत बिगड़ी ,जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया है ।पहला मामला केरसई गांव की है जहां पर 30 वर्षीय पिंकी देवी नामक महिला को सांप ने डसा, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ी ।पति द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया ।जहां उपचार चल रही है। बताया गया जमीन पर सोई थी इस दौरान सांप ने डसा ।वहीं दूसरा मामला कोलेबिरा थाना क्षेत्र के लचरागढ़ की है जहां की संगीता कुमारी नामक 16 वर्षीय किशोरी को जमीन में सोने के दौरान जहरीले सांप ने डसा और बाद में उसकी तबीयत बिगड़ी। इधर दोनों की इलाज सदर अस्पताल में चल रही है।

### पारिवारिक तनाव में 62 वर्षीय वृद्ध ने की आत्महत्या का प्रयास

**बानो।** थाना क्षेत्र के बिंजामर्चा गांव निवासी 62 वर्षीय पौलुस कोनगाड़ी नमक वृद्ध व्यक्ति ने पारिवारिक तनाव में आकर कीटनाशक पिकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिवार वालों ने उसे इलाज के लिए बानो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए सदा अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया ।इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में उसकी इलाज चल रही है ।जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया। पत्नी ने बताया कि वह कई दिनों से परेशान रह रहा था और उसका मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं था। अचानक उसने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया और बाद में तबीयत बिगड़ी तब उसे इलाज के लिए लाया गया। इधर डॉक्टर के द्वारा रिम्स भेजा गया है साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही थी।

### झुमरीतिलैया : फोर लेन सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया शहर के बाईपास में बन रहे फोर लेन पुल के गार्डवाल और नाली निर्माण में अनियमितता का आरोप है. आसपास के लोगों का आरोप है कि समय पर सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका. अब संवेदक द्वारा आनन-फानन में जैसे-तैसे काम को पूरा कराया जा रहा है. इस दौरान गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है. बनने के साथ ही गार्डवाल में दरारें पड़ने लगी है. वहीं दो दिन पहले जिस नाली का ढलाई हुआ, वह धंस गया. स्थानीय निवासी राजीव कुमार ने बताया कि गार्डवाल अभी से टूट रहा है तो आने वाले समय में जब इस पर भारी वाहनों का परिचालन होगा तो क्या होगा, भगवान ही मालिक हैं. स्थानीय संतोष कुमार ने बताया कि परसों ही नाली को ढकने के लिए ढाला गया था जो धंस गया.

## पथ निर्माण में अनियमितता को लेकर कूटूंगीया पहुंचे डीसी, लिया जायजा

# फाइलों में नहीं मिली एमबी, योजना बोर्ड भी गायब







**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** मिंजुरगढ़ा से शहीद हेरमन रास्केट उच्च विद्यालय कूटूंगीया तक 1.5 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य में अनियमितता और मनमाने तरीके से सड़क निर्माण को लेकर कूटूंगीया पंचायत की मुखिया जानकी देवी द्वारा उपायुक्त सिमडेगा को लिखित शिकायत की थी ।शिकायत के बाद गुरुवार को डीसी अजय कुमार सिंह ने जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय, कुटुंगिया पंचायत और ओडगा पंचायत का निरीक्षण कर कई विकास योजनाओं का जायजा लिया। जलडेगा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद उपायुक्त ने सबसे पहले कुटुंगिया पंचायत का विजिट किया । जहां उन्होंने मनरेगा और 15वें वित्त आयोग द्वारा पंचायत से संचालित पूर्ण और ऑनगोइंग योजनाओं को निरीक्षण किया। इससे पहले उपायुक्त ने कुटुंगिया पंचायत के सभागार में संचालित योजनाओं का योजना पंजी, योजना फाइल, और एमबी का जांच किया। उपायुक्त सिमडेगा ने एक एक कर सभी फाइलें चेक किया ,लेकिन किसी भी फाइल के अंदर एमबी नही मिला। वहीं रजिस्टर में योजनाओं का सही तरीके से नही लिखे रहने से उपायुक्त ने रोजगार सेवक एडमन समद, संबंधित पंचायत के जेई, एई और बीपीओ को कार्य में सुधार लाने और सभी पूर्ण और अपूर्ण योजनाओं का एक एक कर महीने के अंत तक रिपोर्ट, एमबी आदि सभी दस्तावेज संधारित करने का निर्देश दिया। वहीं योजना निरीक्षण के क्रम में पुलिया निर्माण और आम बागवानी में योजना बोर्ड नही लगने से भी उपायुक्त ने कर्मियों की कार्यशैली से नाखुश दिखे। उन्हें अपने सामने पुलिया का मापी भी कराया। किसानों की शिकायत पर मीडिया द्वारा लगातार आईटीडीए द्वारा संचालित वेजिटेबल कलस्टर की खबरें प्रकाशित होने के बाद मामला को उपायुक्त ने संज्ञान में लेते हुए वेजिटेबल कलस्टर का भी निरीक्षण किया। लोगों ने बताया की यहां भारतीय लोक कल्याण संस्थान और आदित्य विकास समिति एजेंसी को चार क्लस्टर का निर्माण कर 100 किसानों के साथ 100 एकड़ जमीन पर खेती कराना था, साथ में अलग अलग प्रकार के 40 हजार पौधे भी लगने थे लेकिन जमीन पर कुछ नही है, आज के समय में बोरिंग भी फेल है। किसानों को टपक सिंचाई के नाम पर श्री भंडारी प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने किसानों के बैंक खाते से गलत तरीके से लाखों रुपए निकासी कर के भाग गया है ।वही मिंजुरगढ़ा से शहीद हेरमन रास्केट उच्च विद्यालय कूटूंगीया तक 1.5 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि सड़क निर्माण कार्य में एजेंसी गलत तरीके से काम कर रही है। जिधर रोड बनना चाहिए उधर नही बनाकर एजेंसी अपने मनमाने ढंग से निर्माण कार्य करा रही है ।उपायुक्त ने अपने दौरे के क्रम में ओडगा रेलवे स्टेशन एवं सप्ताहिक बाजार का भी निरीक्षण किया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय में खेल मैदान एवं स्टेडियम निर्माण के लिए प्रस्ताव देने का निर्देश दिया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुरेखा एक्का ने विद्यालय से परेशानी एवं समस्या को बताते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के संख्या के अनुरूप प्रयाप्त डेस्क बेंच नहीं है। गर्मी के दिनों में पेयजल का घोर अभाव होता, एक भवन कइ वर्षों से अधर में है, ।एक भवन का मरम्मती कर रहे संवेदक अधूरा काम कई महिनों से गायब है। विद्यालय में चार दिवारी नही है। कम्प्यूटर शिक्षा के लिए कम्प्यूटर मिला है ,पर शिक्षक नहीं होने के कारण बच्चे कम्प्यूटर शिक्षा से भी वंचित हैं।

## सरस्वती विद्या मंदिर में कन्या पूजन का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में 19 अक्टूबर को कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष रामरतन महर्षि, सचिव सुभाष प्रसाद वर्णवाल, संरक्षक वीरेंद्र सिंह, जयंती सेठ, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के सचिव नारायण सिंह उपस्थित रहे. साथ ही नारायण मोदी, राजेंद्र साव, प्रिंस कुमार राणा, अशोक प्रसाद, शिवशंकर मोदी, राजेन्द्र बरनवाल, निशिकांत वर्मा आदि सम्मिलित हुए. सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर विद्यालय में 101 कन्याओं का पूजन किया गया. कार्यक्रम प्रमुख रविता उपाध्याय ने कहा कि संसार को संचालित करने वाली मां दुर्गा सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी है. भारतीय संस्कृति में कुंवारी कन्याओं को मां दुर्गा का साक्षात स्वरूप माना गया है, इससे लक्ष्मी, विद्या और तेज प्राप्त होता है।

### कोडरमा : जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, 9 घायल

**कोडरमा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकोबार डोंगोपहरी में आपसी जमीनी विवाद में दो गोतिया के बीच जमकर मारपीट हुई. घटना में दोनों ओर से नौ लोग घायल हो गये. दरअसल डोंगोपहरी निवासी प्रयाग प्रसाद, पिता स्व सुक्कर सुंडी का अपने गोतिया सुरेंद्र प्रसाद, पिता स्व गुरुचरण प्रसाद के साथ कई वर्षो से जमीन विवाद चल रहा है. गुरुवार को कुछ बात को लेकर विवाद हो गया, जिसमें एक पक्ष से 40 वर्षीय प्रयाग प्रसाद पिता सुक्कर सुंडी, 36 वर्षीय मुनिया देवी पति प्रयाग प्रसाद, 40 वर्षीय प्रमिला देवी पति बिनोद प्रसाद, 45 वर्षीय बिनोद प्रसाद पिता सुक्कर सुंडी, 17 वर्षीय बीरेंद्र प्रसाद पिता प्रयाग प्रसाद, 27 वर्षीय रंजीत प्रसाद पिता बिनोद प्रसाद और दूसरे पक्ष से 60 वर्षीय गंगिया मसोमात पति गुरुचरण मंडल, 36 वर्षीय सुरेंद्र प्रसाद पिता स्व गुरुचरण प्रसाद और 28 वर्षीय मुकेश मंडल पिता गुरुचरण मंडल घायल हो गये. सभी घायलों का इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## गरीबी की राशन कटौती करनेवाले डीलर जाएंगे जेल : अजय एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठाईटांगर।** प्रखंड के ग्रामीण राशन कटौती के खिलाफ गोलबंद होकर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का के साथ धरने पर बैठे ।ग्रामीणों ने बताया कि राशन वितरकों ने अगस्त महीने का राशन ही नहीं दिया ।लेकिन फिंगरप्रिंट तो ले लिया। कोरोमियां पंचायत अंतर्गत मारारोमा गांव के फिलिसिता टेटे एवं अनन्तासिया टेटे को चार महिना से राशन नहीं मिला, लेकिन फिंगरप्रिंट तो ले लिया गया ।राशन वितरक से पुछने पर कहते हैं राशन ही खत्म हो गया। वहीं प्रेमा ग्रुप गलेसेरा नामक राशन वितरक 3 महीना से ग्रामीणों को राशन नहीं दिया लेकिन फिंगरप्रिंट तो ले लिया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि कोनपाला के राशन वितरक ग्रीन कार्ड को लाल कार्ड करने के नाम पर छोटू मांझी, जलधर प्रधान, कृपा केरकेट्टा, सुभद्रा देवी से चार चार सौ रुपए ले लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि राशन वितरक प्रति महीना प्रति कार्ड 2 किलोग्राम से 10 किलोग्राम तक राशन काट लेते हैं। फिंगरप्रिंट अपलोड करते समय वजन मापक पर लोहा, बालु या अन्य चीजों को रखकर वजन करके पर्ची दे? दिया जाता है लेकिन दो या तीन दिन बाद उससे कम वजन का राशन दिया जाता है ।जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि गरिबों की राशन में कटौती बर्दाश्त नहीं करेंगे ।अब से राशन कटौती करने वाले डीलर जाएंगे जेल अब से जब फिंगरप्रिंट अपलोड होगा उसी दिन राशन वितरण होना चाहिए। जिप सदस्य ने यह भी कहा कि जनता भय भूख और भ्रष्टाचार से त्राहिमाम है ,और हमारे विधायक जर्सी खस्सी और साड़ी बांटने में मसगुल हैं ।अब जनता इनसे जवाब मांगती है कि हम हमारी समस्या का समाधान के लिए चुनकर विधानसभा भेजें हैं या हाथी भगाने और साड़ी जर्सी बांटने के लिए। मौके पर कोनपाला मुखिया फ्रांसिस्का लकड़ा, धवाईपानी वार्ड सदस्य शंकर मांझी, छात्रसंघ जिला अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग, निस्तोर कुजूर ने भी संबोधित किया वहीं मजदूर यूनियन जिला अध्यक्ष दीपक लकड़ा ने मंच संचालन किया।

## मासिक बैठक में योजनाओं पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में गुरुवार को संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमुख जिला परिषद सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा सभी पंचायत समिति सदस्य शामिल रहे। बैठक में सिमडेगा सदर प्रखंड क्षेत्र में चल रहे सरकारी योजना एवं कार्यों पर चर्चा हुई इसके अलावा बिजली पानी सड़क आवास आदि योजनाओं पर लोगों को लाभ देने को लेकर निर्देश दिए गए। प्रखंड प्रमुख ने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतते हुए कार्यों को सही तरीके से कर लोगों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सरकार जिस उद्देश्य के साथ योजनाओं को धरातल पर लाने का प्रयास कर रही है उसे प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी पूरा करने का कार्य करें क्षेत्र में घूम लोगों को कि योजनाओं का लाभ देना है इस चीज का आकलन करते हुए उन योजनाओं को लाभ दें मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रौनियार खलखो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं पंचायत समिति उसे चयन करते हुए प्रखंड तक लाइन उन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### खेलकूद प्रतियोगिता में कैलाश राय स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**कोडरमा।** महात्मा गांधी नगर स्थित कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने विद्या भारती बिहार क्षेत्र द्वारा आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया. इस आशय की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने कहा कि प्रांतीय प्रतियोगिता में केवल प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन ही क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेते हैं. इस वर्ष क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मां छिन्नमस्तिका की गोद में बसे रजरप्पा प्रोजेक्ट की धरती पर स्थित विद्यालय में 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित किया गया. इसमें विद्यालय से तीन भैया और तीन बहनों की टोली संरक्षक आचार्य धीरज कुमार पांडे और दीदी अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में भाग लिया.

## 29 अक्टूबर को सिमडेगा में संकल्प पद यात्रा महासम्मेलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 29 अक्टूबर को रौतिया समाज विकास परिषद के बैनर तले होने वाले सम्मेलन को लेकर के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने सिमडेगा के विभिन्न गांव पहुंचकर समाज के ग्रामीणों के साथ बैठक कर चर्चा की उन्होंने पाकरडांड प्रखंड के भुम्भू, कोबांग, कादोपानी एवं जलडेगा प्रखंड के सुख जरिया, मगसपुर, ओड़गा, टाटी, लमड़ेगा एवं लतापानी आदि गांवों में पहुंच कर जनसम्पर्क अभियान चलाया ।साथ ही बैठक में उन्होंने कहा जब तक रौतिया समाज की मांगों को सरकार पूरा नहीं करती है तब तक आंदोलन और संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने जानकारी देते हुवे कहा कि 29 अक्टूबर 2023 को सिमडेगा में भव्य विशाल संकल्प पद यात्रा सह महासम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसमें पूरे प्रदेश से समाज के लोग आने वाले हैं जंहा पर रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने का मांग किया जाएगा।

**उत्साह**

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में पहुंचा महिला एशियाई हॉकी ट्रॉफी

# ट्रॉफी देखकर बच्चों में बढ़ेगी रुचि : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** बुधवार को समाहरणालय परिसर में एशियाई हॉकी ट्रॉफी का अनावरण एवं प्रदर्शनी लगाई गई. ट्रॉफी टूर गिरिडीह से चलकर कोडरमा पहुंचा और कोडरमा से झुमरी तिलैया के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते हुए शाम को सेक्रेड हार्ट स्कूल पहुंचा, जहां खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया. कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दुर्गा कुमार, प्रशिक्षु अपर समाहर्ता, कोडरमा तथा स्कूल प्रिंसिपल प्रमोद शर्मा ने स्कूल प्रांगण में ट्रॉफी का अनावरण किया. कार्यक्रम का संचालन स्कूल के पीटी शिक्षक राकेश पांडेय ने किया. सभी अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि साथ आये और राष्ट्रीय खिलाड़ियों का बुके देकर स्वागत किया. इस मौके पर प्रशिक्षु अपर समाहर्ता दुर्गा कुमार ने कहा कि स्कूलों में खेल को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन कई कार्यक्रम चला रहा है. विभिन्न प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तर पर विभिन्न प्रकार के खेल आयोजन, खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण शिविर, स्कॉलरशिप आदि का प्रावधान है. इस मौके पर प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि एशियाई स्तर पर रांची में महिला हॉकी खेल का आयोजन होगा, जिसमें कई देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे. यह राज्य के लिए गौरव की बात है. यह ट्रॉफी स्कूल प्रांगण में स्कूल के बच्चों के सामने है, जिसको देखकर बच्चे हॉकी आदि खेल में विशेष रूचि लेंगे. उन्होंने बताया कि यह ट्रॉफी राज्य के सभी 24 जिलों से होते हुए 27 नवंबर को रांची पहुंचेगी. प्राचार्य ने कहा कि खेल के क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है. वैसे भी हॉकी खेल में झारखंड की कई बेटियां अपना दबदबा बनाकर रखी हैं. उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी. सेक्रेड हार्ट स्कूल के पीटीआई कुंदन कुमार राणा, राकेश पांडेय, आशुतोष गौतम, प्रमोद सिंह, कोडरमा हॉकी संघ के प्रतिनिधि विशाल सिंह, गोलू यादव, ट्रॉफी लेकर आने वाले राष्ट्रीय खिलाड़ियों में मिजान अंसारी, अमरदीप कुमार, विनोद कुमार, मुरारी पासवन, सोनू कुमार, संजय यादव आदि बच्चे मौजूद थे.

## विधायक ने सफाई कर्मियों की तुड़वाई हड़ताल, शहर में साफ-सफाई हुई शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** दुर्गा पूजा में श्रद्धालुओं को साफ सफाई को लेकर कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए विधायक भूषण बाड़ा ने शानदान पहल किया है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने दुर्गा को देखते हुए सफाई कर्मियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल को गुरुवार को समाप्त करवाया। विधायक तीसरे दिन भी हड़ताल में डटे सफाई कर्मियों से मिलकर दुर्गा पूजा को देखते हुए हड़ताल खत्म कर काम मे वापस लौटने की अपील की। विधायक भूषण बाड़ा के आग्रह पर सफाई कर्मियों ने भी अपनी हड़ताल समाप्त की। साथ ही गुरुवार से काम पर वापस लौट गए ।इसके बाद शहर में सफाई अभियान शुरू हो गया। सफाई कर्मियों के काम मे वापस लौटने पर विधायक ने सफाई कर्मियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल में पसर रही गंदगी को पट्ट खुलने से साफ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को मां के दर्शन करने में कोई परेशानी होने नहीं दिया जाएगा। गंदगी के कारण किसी भी श्रद्धालुओं एवं आयोजन समिति को कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने सफाई कर्मियों से काम मे तेजी लाते हुए पूजा पंडालों में एवं शहर में फैली गंदगी को पट्ट खुलने से पूर्व साफ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की सभी मांगे पूरी कर ली जाएगी। फिलहाल पूजा के दौरान किसी भी आयोजन समिति अथवा श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका सफाई कर्मी पूरा ध्यान रखें। मौके पर नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, डॉ अहमद हुसैन आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### श्री बंशीधर नगर में माता की भव्य आरती में शामिल हुए पूर्व विधायक



**श्री बंशीधर नगर।** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा भवानी की भव्य आरती की गई। सब्जी बाजार के प्रांगण में जय भामा शाह क्लब द्वारा एकम से प्रत्येक दिन संध्या समय भव्य आरती हो रही है। बुधवार की शाम आरती में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव भी शामिल हुये। क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष रजनी कांत मधुर ( भोलू ) ने बताया बताया कि क्लब द्वारा भव्य व आकर्षक पूजा पंडाल, फुल, लाइटिंग द्वारा सजावट की जायेगी। एकम से महा आरती संध्या समय प्रतिदिन, नवमी को कन्या पूजन के बाद महा भंडारा तथा दशहरा के दिन भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा। आरती में क्लब के संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, बिरेंद्र अग्रहरि, ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ मुन्ना, पप्पू अनमोल, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डू, अशीष कुमार सोनू, अशीष गुप्ता, संतोष कुमार, विकास कुमार शालू, चंदन गुप्ता अध्यक्ष, रजनीकांत मधुर (भोलू) उपाध्यक्ष , अजित कुमार केशरी, सूरज गुप्ता, नित्यानंद कुमार, अनिल मेहता क दिनेश जायसवाल, दिनेश गुप्ता अमित अग्रेहरी, दिनेश गुप्ता, अविनाश, सत्य प्रकाश आदि शामिल थे।

### भूमि विवाद में हुई मारपीट के मामले में 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**डंडई।** भूमि विवाद मामले में 8 लोगों के खिलाफ स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। डंडई निवासी राम प्रवेश राम के लिखित आवेदन के आधार पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने उक्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि दूसरे पक्ष से भी आवेदन दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक दूसरे पक्ष के आवेदन के आलोक किसी भी तरह की करवाई नहीं हो सकी थी। मालूम हो कि डंडई बाजार स्थित वॉटरवेज के समीप गुमटी रखने को लेकर मीना कुंवर, रामप्रवेश राम व उनके बेटा और बेटी के साथ भगवानदास वगैरह लोगों के बीच मंगलवार को मारपीट की गई थी। उक्त घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### राज्यपाल बनाए जाने पर रघुवर दास को भाजपा नेताओं ने बधाई दी

**खरौंधी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा के राज्यपाल बनाए जाने पर भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने बताया कि उनके अनुभव का लाभ ओडिशा वासियों को मिलेगा। विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, बिनोद चौधरी, भाजपा नेता बसंत कुमार यादव, रामकृपाल द्विवेदी, अरुण सिंह, रामचंद्र सिंह, विनोद सिंह, सतेंद्र यादव, सुशील यादव, विकास सिंह, सुनील द्विवेदी, कलामुद्दीन अंसारी, अमित रंजन आदि ने रघुवर दास को बधाई दी है।

### भाजपा नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को मिलकर दी बधाई



**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बावरी को नेता प्रतिपक्ष झारखंड विधानसभा बनाये जाने के बाद भाजपा नेताओं ने उनसे मुलाकात कर बधाई दी। भाजपा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से भी मुलाकात की तथा दोनों नेताओं को नगर उंटारी में जीयर स्वामी महाराज द्वारा कराये जा रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आने का निमंत्रण दिया। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता मौजूद थे।

## गढ़देवी मंदिर का बनेगा भव्य तोरण द्वार, शौचालय व स्नानागार की भी होगी व्यवस्था, मंत्री ने किया भूमि पूजन

# ‘हमें मिलकर आसुरी शक्तियों को करना होगा समाप्त’

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा स्थित मां गढ़देवी मंदिर का भव्य तोरणद्वार का पुनर्निर्माण किया जाएगा। साथ ही शौचालय और स्नानागार का भी निर्माण किया जाएगा। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। तत्पश्चात मंत्री ने टंडवा में नवनिर्मित गोरेया स्थान मंदिर व आयोजित भंडारा का फीता काटकर व पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया।

मौके पर मंत्री ने सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां गढ़देवी गढ़वा वासियों सहित संपूर्ण झारखंड वासियों को हमेशा खुशहाल रखें। आज मां गढ़देवी के आशीर्वाद से ही गढ़वा का नवनिर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भेदभाव भूलकर एकता के सूत्र में बंधें, तभी पूरे समाज का बेहतर तरीके से विकास होगा। यही नवरात्रि पर सच्ची भक्ति होगी। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए शौचालय एवं स्नानागार की काफी आवश्यकता थी। मां गढ़देवी का जिस तरह से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, उसी तरह वे भव्य तोरणद्वार का भी पुनर्निर्माण करायेंगे। दशहरा के बाद कार्य प्रारंभ हो जाएगा। दशहरा बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की जीत तथा आसुरी शक्तियां के नाश का प्रतीक त्योहार है। हम सभी को मिलकर समाज से आसुरी शक्तियों को समाप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि वे सभी धर्मां के धार्मिक कार्यां के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। हम सभी गढ़वा वासियों ने गढ़वा को बदलने का संकल्प लिया है। इसे पूरा करने के लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। मंत्री ने कहा कि हम सभी को मूल उद्देश्य से भटकना नहीं चाहिए। सभी को मिलकर समाज से जाति, धर्म, ऊंच नीच के भेदभाव, समाज में फैली बुराइयों को मिटाना होगा, तभी माता रानी प्रसन्न होंगी। मंत्री ने कहा कि टंडवा गोरेया स्थान में विवाह मंडप बनाने का प्रस्ताव आया है। इस पर वे विचार कर उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडेय, चिंटू पांडेय, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, सीओ मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अराधना सिंह, रेखा पाठक, कंचन साहु, विनोद जायसवाल, दिलीप गुप्ता, अजय केशरी, देवेंद्र सिंह, दिव्य प्रकाश केशरी, मां गढ़देवी मंदिर धार्मिक न्यास के सभी पदाधिकारी, टंडवा में आयोजित कार्यक्रम में दौलत सोनी, मंटू गुप्ता, अंतु दास, जितेंद्र सिन्हा, सुनीता देवी, सुनील कुमार, संजय चौधरी, चंदन पासवान, कुलदीप गुप्ता आदि मौजूद थे।

टंडवा में गोरया स्थान मंदिर का मंत्री ने किया उद्घाटन



## मंत्री ने सरस्वती नदी पर नवनिर्मित पुल का किया उद्घाटन, टंडवा में दानरो नदी पर भी बनेगा नया पुल



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के मझिआंव मोड़ स्थित सरस्वती नदी पर नवनिर्मित उच्च स्तरीय पुल का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। दो करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से बने इस पुल का उद्घाटन गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने किया।

मौके पर मंत्री ने कहा कि इस पुल के निर्माण से गढ़वा शहर को जाम से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। किसी को भी कार्य को करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की जरूरत होती है। सिर्फ झूठ और फरेब के बल पर जनता को ठगने से कोई काम नहीं होता है। मंत्री ने कहा कि वर्षों से यह पुल, बस स्टैंड, टाउन हॉल काफी जर्जर हो चुका था। पूर्व के जनप्रतिनिधि ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। चुनाव जीतने के बाद जब उन्होंने सर्वे कराया तब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 2400 किलोमीटर कच्ची सड़क थी। आज पूरे गढ़वा में एक हजार किलोमीटर पक्की सड़क बन रही है। इनमें कुछ का कार्य पूर्ण हो चुका है, कुछ का निर्माण कार्य चल रहा है, कुछ का टेंडर हो चुका है। कहा कि गढ़वा में जहां भी कदम रखेंगे, हर कदम पर विकास की नई किरण दिखेगी।

मंत्री ने कहा कि टंडवा में दानरो नदी पर स्थित पुल काफी जर्जर हो चुका है। वहां भी इसी वितीय वर्ष में नये पुल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता अगर उन्हें अपना प्रतिनिधि नहीं बनाती तो आज गढ़वा में बाईपास भी देखने को नहीं मिलता। उनके अथक प्रयास से ही काफी तेज गति से बाईपास का निर्माण हो रहा है। पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों ने एनएचएआई को पत्र प्रेषित कर शंखा से खजुरी तक सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण करने का प्रस्ताव भेजा है। इसके हो जाने से गढ़वा में भी डिवाइडर के साथ सड़क चौड़ी हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि 2024 के अंत तक गढ़वा इस स्थिति में पहुंच जाएगा कि बाहर के लोग यहां विकास कार्य देखने आयेंगे। मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर मुख्य रूप से सीओ मयंक भूषण, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अराधना सिंह, रेखा पाठक, कंचन साहु, दिलीप गुप्ता, देवेंद्र सिंह, दिव्य प्रकाश केशरी, आशीष अग्रवाल, फुजैल अहमद, छुन्नु कुरैशी, पुनम कांस्यकार, संवेदक छटन तिवारी, बबलू दूबे, अजय केशरी, विजय केशरी, नीलू खान आदि मौजूद रहे।

## नवरात्र : छात्राओं ने प्रस्तुत की नवदुर्गा की भव्य झांकी



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में नवरात्रि के शुभ अवसर पर नवदुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें दुर्गा की नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री बनी नवम और दशम कक्षा की बहनों की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, जिला कारवाह धर्मेंद्र जयसवाल, लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबशटा, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविंद्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, यादव, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, आकाश कुमार सेन, मधु, खुशबू तिवारी आदि मौजूद रहे।

## दिल में बसते हैं गढ़वा के लोग : महेश्वरम

### सदर अनुमंडल पदाधिकारी के स्थानांतरण पर सम्मान सह विदाई समारोह हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के चिनिय रोड स्थित होटल रॉयल पद्मावती के सभागार में गुरुवार को गढ़वा जिला क्रिकेट संघ एवं गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में सदर अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के स्थानांतरण पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में राज महेश्वरम ने कहा कि गढ़वा के लोग उनके दिलों में बसते हैं। यहां लोगों से उन्हें जो सम्मान और प्यार मिला है उसे वह हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि जितना समय मिला उसमें खेल के क्षेत्र में हो या सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का प्रयास किया। सभी के सहयोग से बहुत सारा आयोजन सफल भी रहा, जो गढ़वा में पहली बार हुआ। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो दोबारा वह खेल के क्षेत्र में गढ़वा को नंबर वन पर लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि नौकरी में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है, जिसमें सभी को एक दिन इससे गुजरना पड़ता है।



ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक में कहा कि राज महेश्वरम के निर्देशन में यहां विभिन्न खेलों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वह हमेशा खेल को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहते थे। जब भी किसी भी प्रकार की समस्या होती तुरंत उसके समाधान के लिए हुए निकल पड़ते थे। उनका मार्गदर्शन हम सभी को हमेशा मिलता रहेगा। ऐसा उम्मीद करते हैं कि पुनः गढ़वा में उच्च पदाधिकारी बनकर वापस लौटेंगे। ओलंपिक संघ के सचिव आलोक मिश्रा ने कहा कि राज महेश्वरम का खेल के क्षेत्र में सराहनीय योगदान रहा है। वे खेल के क्षेत्र में जिले को नंबर एक बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। वह हम सबों के दिलों में बसे हुए। उनका कार्य हमेशा याद रहेगा। क्रिकेट संघ सचिन राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि राज महेश्वरम अधिकारी के साथ-साथ सुलझे हुए इंसान हैं। संघ के अध्यक्ष के नाते वे हमेशा सहयोग करते रहे हैं। गढवा से उनका लगाव लगा रहेगा क्योंकि वह क्रिकेट संघ के स्थायी अध्यक्ष भी हैं। उनका यहां आना जाना लगा रहेगा। एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव सुशील तिवारी ने कहा कि राज महेश्वरम के मार्गदर्शन में जिले में क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता, अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता, क्रिकेट संघ की एजीएम सफलतापूर्वक संपन्न हुई। फुटबॉल संघ के कोषाध्यक्ष जगन्नाथ राम ने कहा कि जिले में जो भी आयोजन हुए उनमें राज महेश्वरम का अहम योगदान रहा। वह हमेशा एक अभिभावक के तौर पर हम सबों के बीच खड़े रहते थे। कार्यक्रम का संचालन फुटबॉल संघ के सह सचिव अरविंद कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार विनय पांडेय ने किया। इस मौके पर प्रमोद तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी राजेश पांडेय, विकास पांडेय, उपेंद्र राम, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, विवेक सिन्हा, अभय कांत, सिकंदर प्रजापति, प्रियंका कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवरात्र को लेकर बड़गड़ में भक्तिमय माहौल 75 साल से मनाया जा रहा दुर्गा पूजा महोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा महोत्सव कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हो चुका है। दस दिवसीय पूजा महोत्सव के प्रारंभ होते ही मुख्यालय सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। इस वर्ष बड़गड़ में दुर्गा पूजा महोत्सव का 75वां आयोजन किया जा रहा है। पूजा समारोह को सफल बनाने में युवा संघ के सदस्य मनीष गुप्ता, राहुल गुप्ता, अनिमेष गुप्ता, मोहित दास, अनुप राज, अंकित जयसवाल, अर्पित गुप्ता, अभय ठाकुर, राजू रंजन सोनी, भास्कर सोनी, समीर राज, अतुल कुमार, प्रिंस कुमार, विशाल सोनी, कौशल कुमार पूरे आस्था के साथ कार्यों के संपादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। दस दिवसीय पूजा महोत्सव अब से 75 वर्ष पूर्व बड़गड़ में पहली बार



बाजार टांड़ के सनातनी व्यवसायी वर्ग के लोगों ने दुर्गा पूजा मनाया था। जिसमें हिंदू धर्म के लोगों के अलावा इसाई एवं मुस्लिम धर्म के लोगों ने भी बढ़चढ़ कर सहयोग किया था। जब यहां दुर्गा पूजा समारोह पहली बार मनाया जा रहा था तब गांव के ही रहने वाले स्वर्गीय मानकी साव ने खुद अपने हाथों से माता की प्रतिमा का निर्माण किया था। उस वक्त के पूजा समिति में गांव के पूर्वज भूतपूर्व मुखिया स्व राम सकल साव के नेतृत्व में स्व धनुषधारी साव, स्व राधा प्रसाद जयसवाल, स्व जगदीश प्रसाद जयसवाल, स्व नारायण साव, स्व रामचंद्र साव, स्व बाबूलाल साव, स्व रामवृक्ष सोनी, त्रिवेणी साव, स्व रघु साव, स्व कौलेश्वर साव, स्व बजन साव, स्व नन्हकू साव, स्व रामजी साव केसरी, स्व शंकर साव, स्व छेदी साव, स्व रघुनी पाल, स्व प्रभु ठाकुर, स्व चलितर साव, स्व विश्वनाथ साव आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गांव के पूर्वजों ने लकड़ी का मड़ई बनाकर मुख्यालय में सर्वप्रथम मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की थी। उस वक्त मुटकी गांव निवासी आचार्य सुमंत शुक्ला ने विधि विधान पूर्वक नवरात्र पाठ एवं पूजन अनुष्ठान संपन्न कराया था। कलाकारों द्वारा लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे।

## एक से डेढ़ माह ही चल पाया जलमीनार

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

लाखों रुपये की लागत से बना जल मीनार ग्रामीणों के लिए हाथी का दांत बन चुका है। साथ ही यह नगर प्रशासन व पदाधिकारियों को ठेंगा दिखा रहा है। सरकार लोगों की मूल भुत सुविधाएं कपड़ा पानी और मकान उपलब्ध कराने को तत्पर है, लेकिन भ्रष्टचार में लिप्त पदाधिकारियो व संवेदकों की मिलीभगत से सरकारी योजनाएं दम तोड़ती जा रही हैं। मामला नगर पंचायत क्षेत्र श्री बंशीधर नगर के वार्ड 6 के मुख्य पथ भवनाथपुर पर स्थित ब्लॉक मोड़ पर लगाया गया जल मीनार का है। लगभग छह महीने पहले 6 लाख 89 हजार रुपये की लागत से वार्ड 6 के ब्लॉक मोड़ पर ग्रामीणों को शुद्ध



पानी की आपूर्ति के लिए जल मीनार नगर पंचायत की तरफ से लगवाया गया था, लेकिन जल मीनार गरीब ग्रामीणों के लिए लोहे का ढांचा मात्र बन कर रह गया है। ग्रामीण जुगेश उरांव, अनिल चंद्रवंसी, उदय उरांव, बलराम उरांव, बबलू, अरुण उरांव, महेंद्र ठाकुर, सिराजुदीन अंसारी, छोटू उरांव, विजय उरांव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार लगने के मात्र एक से डेढ़ महीने ही चला। उसके बाद से बंद हो गया। फिर इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है, जबकि जल मीनार लगवाने वाली संस्था की जल मीनार लगवाने के बाद पांच वर्ष तक मेंटेनेंस की जिम्मेवारी होती है। इधर नगर प्रशासन द्वारा बनवाने की बात तो की जाती है, लेकिन छह महीने बीत जाने के बाद भी जल मीनार पुनः चल नहीं पाया। वहीं संवेदक जलमीनार को बनवाने से सीधे-सीधे मना कर देता है। इस संबंध में नगर प्रबंधक रवि कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि इस बाबत मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई है। आपके से सूचना मिली है तो उस जल मीनार को जल्द- जल्द से बनवा दिया जाएगा।

## धर्म-कर्म

### जिस घर में नित्य हरि कीर्तन होता है, वहां कलियुग प्रवेश नहीं कर सकता : जीयर स्वामी

# भाव न हो तो साधन का कोई विशेष मूल्य नहीं : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि जिसका जैसा भाव होता है, उसको वैसा ही फल मिलता है। सफेद कपड़े में थोड़ी भी स्याही का दाग पड़ने से वह दाग बहुत स्पष्ट दिखता है, उसी प्रकार पवित्र मनुष्यों का थोड़ा सा दोष भी अधिक दिखलायी देता है। जिस घर में नित्य हरि कीर्तन होता है, वहां कलियुग प्रवेश नहीं कर सकता। जब भगवान के आश्रित हो रहे हो तो यह न हुआ, वह न हुआ आदि चिंताओं में मत पड़ो, विश्वासी भक्त आजीवन भगवान का दर्शन न मिलकर भी भगवान को नहीं छोड़ता। संसार कच्चा कुआं है। इसके किनारे पर खूब सावधानी से खड़े होना चाहिये। तनिक असावधान होते ही कुएं में गिर पड़ोगे, तब निकलना कठिन हो जायेगा। संसारी ! तुम संसार का सब काम करो; किंतु मन हर घड़ी संसार से विमुख रखो, कामिनी और कञ्चन ही माया है। इनके आकर्षण में पड़ने पर जीव की सब स्वाधीनता चली जाती है। इनके मोह के कारण ही जीव भव-बंधन में पड़ जाता है। संसार में रहने से सुख-दुःख रहेगा ही। ईश्वर की बात अलग है और उसके चरण कमल में मन लगाना और है। दुःखके हाथ से छुटकारा पाने का और कोई उपाय है नहीं। साधु-संग करने से जीव का मायारूपी नशा उतर जाता है। भगवान का भजन ही जीवन का सुफल है। सुगम मार्ग से चलो और सुखसे राम-कृष्ण-हरिनाम लेते चलो। वैकुंठ का यही अच्छा है और समीप का रास्ता जिससे भगवत प्रेम उदय होता है वही संग संग है, बाकी तो नरक निवास। संतों के द्वार पर श्वान होकर पड़े रहना भी बड़ा भाग्य है, क्योंकि वहां प्रसाद मिलता है और भगवान का गुणगान सुनने में आता है। कीर्तन का



अधिकार सबको है, इसमें वर्ण या आश्रम का भेद-भाव नहीं। कीर्तन से शरीर हरिरूप हो जाता है। प्रेम छंद से नाचो डोलो। इससे देहभाव मिट जायेगा। हरिकीर्तन में भगवान, भक्त और नामका त्रिवेणी संगम होता है। प्रेमी भक्त प्रेम से जहां हरिगुण-गान करते हैं। भगवान वहां रहते ही हैं तो कीर्तन से संसार का दुःख दूर होता है। कीर्तन संसार के चारों ओर आनंद की प्राचीर खड़ी कर देता है और सारा संसार महासुखसे भर जाता है। कीर्तन से विश्व धवलित होता और वैकुंठ पृथ्वी पर आता है। भगवान के वचन हैं – मेरे भक्त जहां प्रेम से मेरा नाम संकीर्तन करते हैं, वहां तो मैं रहता ही हूं – मैं और कहीं न मिलूं तो मुझे वहीं ढूंढ़ो। तेरा कीर्तन छोड़ मैं और कोई काम न करूंगा। लज्जा छोड़कर तेरे रंग में नाचूंगा। कीर्तन का विक्रय महान मूर्खता है। वाणी ऐसी निकले कि हरि की मूर्ति और हरि का प्रेम चित्त में बैठ जाय। वैराग्य के साधन बतावें, भक्ति और प्रेम के सिवा अन्य व्यर्थ की बातें कथा में न कहें। कीर्तन करते हुए हृदय खोलकर कीर्तन करें, कुछ छिपाकर-चुराकर न रखें। कीर्तन करने खड़े होकर जो कोई अपनी देह चुरावेगा, उसके बराबर मूर्ख और कौन हो सकता है। स्वांग से हृदयस्थ नारायण नहीं ठगे जाते। निर्मल भाव ही साधन-वन का बसंत है। भगवान भावुकों के हाथपर दिखायी देते हैं, पर जो अपनेको बुद्धिमान मानते हैं, वह मर जाते हैं तो भी भगवान का पता नहीं पाते। ज्ञान के नेत्र खुलने से ग्रंथ समझ में आता है। उसका रहस्य खुलता है, पर भाव के बिना ज्ञान अपना नहीं होता। भावके नेत्र जहां खुले वहीं सारा विश्व कुछ निराला ही दिखायी देने लगता है। भगवान से मिलन होने के लिये भाव आवश्यक है। चित्त यदि भगवच्चिन्तन में रंग जाय तो वह चित्त ही चैतन्य हो जाता है, पर चित्त शुद्ध भाव से रंग जाय तब जैसा भाव वैसा फल। भगवान के सामने और कोई बल नहीं चलता। पत्थर की ही सीढ़ी और पत्थर की ही देव-प्रतिमा, परंतु एक पर हम पैर रखते हैं और दूसरे की पूजा करते हैं। भाव ही भगवान हैं। गंगा-जल जल नहीं है, बड़-पीपल वृक्ष नहीं हैं, तुलसी और रुद्राक्ष माला नहीं है, ये सब भगवान के श्रेष्ठ शरीर हैं। भाव न हो तो साधन का कोई विशेष मूल्य नहीं।

## सुरेंद्र उरांव ने चतरा के नए एसडीओ के रूप में किया पदभार ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**



2010 बैच के झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुरेंद्र उरांव ने गुरुवार को चतरा के नए अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में योगदान देने के उपरांत पदभार ग्रहण किया। उरांव ने कार्यालय कक्ष में निवर्तमान एसडीओ मोहम्मद मुमताज अंसारी से पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण करने के बाद दोनो अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। निवर्तमान एसडीओ अंसारी ने 6 सितंबर 2020 को प्रभार संभाला था। अपने तीन साल के कार्यकाल में उन्होंने चतरा में कई जटिल समस्याओं का समाधान किया। उनके कार्यकाल में चतरा प्रमंडल में पूरी तरह से सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल रहा। मृदुभाषी श्री अंसारी ने अनुमंडल क्षेत्र में गंगा जमनी तहजीब को स्थापित करने में अहम भूमिका निभायी। वर्तमान एसडीओ उरांव को 2010 से लगातार प्रशासनिक सेवा में विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव है। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्व को देखते हुए श्री उरांव ने सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी है।

# बाल विवाह को समाप्त करें

***बाल*** विवाह किसी भी सभ्य समाज के लिए अभिशाप है। यह बच्चों के अधिकारों का घोर उल्लंघन है। बाल विवाह बच्चों के जीवन में अंधकार लाता है और बचपन को नष्ट कर देता है। इंसानियत के नाते हम सभी का फर्ज है कि इन कुरीतियों के खिलाफ खड़े होकर इस कुप्रथा को रोकना होगा। इसी संदर्भ में पिछले दिनों पलामू में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें प्रशासन की अहम भूमिका रही। बाल विवाह चिल्ड्रेन फाउंडेशन के बैनर तले अग्रगति इंडिया संस्था के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर पलामू में चर्चा हुई। इस संस्था के जनक कैलाश सत्यार्थी का पलामू से गहरा नाता रहा है। कारण वह यहीं से जाकर इस संस्था की कल्पना साकार हुई है। कार्यशाला में प्रखर अधिवक्ता भुवन ऋभु की लिखी पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का लोकार्पण किया गया। साथ ही वहां मौजूद सभी पदाधिकारियों को बाल विवाह को रोकने की शपथ दिलाई गई। सच में देखा जाये तो बाल विवाह न सिर्फ एक कम उम्र की लड़की के बचपन को अचानक से खत्म कर देता है, बल्कि उसके स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करता है और यह पीढ़ी दर पीढ़ी उनके भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। कभी-कभी बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद कानून लागू नहीं किया जाता है। ताकि लोग बच्चे के साथ विवाह कर सकें, लेकिन यह एक अपराध है। स्कूलों कॉलेजों में लोगों को बाल विवाह के बुरे प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि लोग बाल विवाह के मामलों की रिपोर्ट कर सके। हम सब को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि बाल विवाह में शामिल लोगों को कड़ी सजा मिले। इस बाबत एक टीम बनाई गयी है। यह टीम बाल विवाह, बाल मजदूरी,बाल तस्करी और बाल यौन शोषण के खिलाप कार्य करेगी और अग्रेतर कार्रवाई हेतु सीडब्ल्यूसी को रिपोर्ट करेगी। ताकि संबंधितों पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। बाल विवाह के खिलाप खड़ी होने वाली जिले के तीन किशोरियों को कार्यशाला में सम्मानित किया जाना यह दर्शाता है कि यह मुहिम पलामू ऐसी जगह पर रंग लायेगी। सम्मानित होने वाली बच्चियों के अभिभावक इनकी शादी बाल अवस्था मे कर रहे थे। इन तीनों लड़कियों ने अपनी शादी के खिलाफ जाकर इसकी शिकायत सर्बंधित थाना में की थी। यह एक साहसिक कदम है। इसकी प्रशंसा होनी ही चाहिए। इन लड़कियों के माध्यम से और लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी। ऐसा विश्वास किया जा सकता है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था के द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के जागरुकता रथ को उपायुक्त श्री शशि रंजन ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बाल विवाह, बाल तस्करी,बाल यौन शोषण,बाल मजदूरी के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।

**बाल विवाह चिल्ड्रेन फाउंडेशन के बैनर तले अग्रगति इंडिया संस्था के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर पलामू में चर्चा हुई। इस संस्था के जनक कैलाश सत्यार्थी का पलामू से गहरा नाता रहा है। कार्यशाला में प्रखर अधिवक्ता भुवन ऋभु की लिखी पुस्तक व्हेन चिल्ड्रेन हैव चिल्ड्रेन का लोकार्पण किया गया।**

# न्यायालय के निर्णय पर सवाल उठाते अखिलेश यादव





डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***समाजवादी*** पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को न्यायालय ने सजा क्या सुनाई, सपाइयों का भारतीय न्याय प्रणाली से भरोसा ही उठ गया। दरअसल, यह इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जो प्रतिक्रिया दे रहे हैं, वह कहने को तो भारतीय जनता पार्टी के ऊपर शाब्दिक हमला है, लेकिन असल में तो वह पूरी प्रक्रिया के लिए अप्रत्यक्ष रूप से न्याय व्यवस्था को ही दोषी करार दे रहे हैं। उनका कहना है कि 'माननीय आजम खान जी और उनके परिवार को निशाना बना कर समाज के एक पूरे हिस्से को डराने का खेल खेला जा रहा है आजम खान मुसलमान हैं, इसलिए उन्हें इस तरह की सजा का सामना करना पड़ रहा है।' जबकि इससे जुड़ी हकीकत आज सभी के सामने है। सभी जान रहे हैं कि फ्रॉड गिरी का परिणाम आखिर बुरा ही होता है। जब पूरा परिवार ही मिलकर भ्रष्टाचार करेगा तो फिर क्या परिणाम आयेगा? एमपी एमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र के साल 2019 के प्रकरण में आजम खान, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम को दोषी करार पाया है। यहां फिर स्पष्ट कर दिया जाय कि यह दोष का पाया जाना किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं, न्यायालय का है और सपा प्रमुख अखिलेश इसे लेकर भाजपा पर हमलावर हैं। क्या गलती करने के बाद उसकी संबंधित स्थान पर शिकायत करना भी गुनाह है? इस मामले में भी तो यही हुआ है । प्रकरण को गहराई से समझें, साल 2019 में रामपुर के गंज पुलिस थाने में बीजेपी विधायक आकाश सक्सेना शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आजम खान और उनकी पत्नी ने मिल कर उनके बेटे के दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाये हैं। फेक बर्थ सर्टिफिकेट का यह केस 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। पीड़ित द्वारा न्यायालय की शरण में जाने के चार साल बाद ये निर्णय आया है। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर ही यह पाया कि किस-किस तरह से आजम परिवार ने भ्रष्टाचार को अंजाम दिया और उसमें अपनी पूरी संलिप्तता दिखाई, इसलिए ही कोर्ट ने फेक बर्थ सर्टिफिकेट केस में आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुए 7-7 साल की सजा सुनाई है। वास्तव में सत्ता के दुरुपयोग किये जाने का भी एक सटीक उदाहरण है। आजम खान ने अपनी सत्ता का गलत तरह से उपयोग करते हुए रामपुर नगर पालिका से एक जन्म प्रमाणपत्र में जारी करवाया था जिसमें अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि एक जनवरी, 1993 थी। इसके बाद लखनऊ से जारी दूसरे प्रमाणपत्र में अब्दुल्ला की जन्मतिथि 30 सितंबर, 1990 दर्शायी गई, यह लालच और पॉवर के गेम के लिए भ्रष्ट आचरण की पराकाष्ठा है जो एक बालक वर्ष 90 में पैदा होता है, फिर 93 में फिर से पैदा हो जाता है। अब ऐसे प्रकरणों में सजा तो मिलना ही है। इसमें भाजपा का क्या दोष? अखिलेश यादव का यह कहना कि आजम खान ने रामपुर में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय बनवाये हैं। आजम खान और उनके परिवार को निशाना बनाकर समाज के एक पूरे हिस्से को डराने का जो खेल खेला जा रहा है, जनता वो देख भी रही है और समझ भी रही है। कुछ स्वार्थी लोग नहीं चाहते हैं कि शिक्षा-तालीम को बढ़ावा देने वाले लोग समाज में सक्रिय रहें। यहां भी वे अप्रत्यक्ष रूप से यही कह रहे हैं कि मुसलमानों के प्रति भाजपा की योगी सरकार दुराग्रह पूर्ण व्यवहार कर रही है। जबकि यूपी की आज की तारीख में हकीकत यह है कि जनसंख्या के अनुपात में यदि कोई अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा लाभ ले रहा है तो वह मुसलमान ही है। संबंधित समय-समय पर आईं रिपोर्ट्स को भी देखा जा सकता है, जिसमें स्पष्ट बताया गया है कि यूपी में मुस्लिम आबादी 17-19 प्रतिशत है, लेकिन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ में उनकी हिस्सेदारी 45-55 प्रतिशत है। यानी राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में मुसलमानों की हिस्सेदारी राज्य की जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी से कई गुना अधिक है। सही मायनों में देखा जाय तो इस तरह के वातावरण की निर्मिति तभी संभव है जब कोई राज्य सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करती हो। इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहते भी हैं कि उनकी सरकार में कल्याणकारी नीतियां भेदभाव रहित हैं। अतः उत्तर प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों को लेकर कहना यही होगा कि यूपी की पिछली सरकारें कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान करने के लिए 'पिक एंड चूज' नीति का इस्तेमाल करती नजर आयीं, जबकि योगी की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रही है। राज्य, सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन और हितग्राही को लाभ देने के मामले में जाति, पंथ, धर्म, क्षेत्र और भाषा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता दिखा है। काश, अच्छा हो जो अखिलेश यादव समाजवाद के आचार्य नरेंद्र देव, जय प्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया जैसे दिग्गजों के विचार के अनुरूप आचरण करते हुए नजर आयें। सही तथ्य जनता के सामने रखें, इस तरह भाजपा की आड़ लेकर न्याय प्रक्रिया पर उंगली न उठायें। न्यायालय साक्ष्यों के आधार पर ही किसी निर्णय तक पहुंचता है और अपना निर्णय सुनाता है। किसी बेगुनाह को भूल से भी सजा न हो जाय, फिर साक्ष्यों के अभाव में अपराधी ही क्यों न छूट जाए, इस सोच के साथ न्यायालय कार्य करते हैं। ऐसे में आजम परिवार को सजा होना बता रहा है कि वे दोषी हैं और जो दोष करने की सजा हो सकती है, वह उन्हें आज मिली है। **(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

**वास्तव में सत्ता के दुरुपयोग किये जाने का भी एक सटीक उदाहरण है। आजम खान ने अपनी सत्ता का गलत तरह से उपयोग करते हुए रामपुर नगर पालिका से एक जन्म प्रमाणपत्र में जारी करवाया था जिसमें अब्दुल्ला आजम की जन्मतिथि एक जनवरी, 1993 थी।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें दुर्गा माता के नव रुपों की कहानी*

***माना*** जाता है कि यह संख्या अखंड होती है और जिसका ब्रह्म स्वरूप कभी खंडित नहीं किया जा सकता। विभिन्न कामनाओं के लिए भक्तगण नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना और पूजन करते हैं। आइये हम बताते हैं आपको इन नौ रूपों की कथा और कौन से हैं यह नौ रूप।

**प्रथम दुर्गा मां शैलपुत्री :** नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री का पूजन किया जाता है। पर्वतराज हिमालय के घर देवी ने पुत्री के रूप में जन्म लिया और इसी कारण इनका नाम शैलपुत्री पड़ा। प्रकृति का प्रतीक मां शैलपुत्री जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का सर्वोच्च शिखर प्रदान करती हैं। शैलपुत्री के दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल रहता है तथा इनका वाहन वृषभ (बैल) है। मां के इस रूप को लाल और सफेद रंग की वस्तुएं पसंद होने के कारण इस दिन लाल और सफेद पुष्प एवं सिंदूर अर्पित करें और दूध की मिठाई का भोग लगाएं। मां शैलपुत्री का पूजन घर के सभी सदस्य के रोगों को दूर करता है एवं घर से दरिद्रता को मिटा संपन्नता को लाता है। इनकी पूजा का मंत्र है - **'या देवी सर्वभूतेषु प्रकृति रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।'**

**द्वितीय दुर्गा मां ब्रह्मचारिणी मां ब्रह्मचारिणी**

वह परम ब्रह्म जिसका न आदि है न कोई अंत, उसी ब्रह्म सरूपा चेतना का स्वरूप है मां ब्रह्मचारिणी। नवरात्रि के दूसरे दिन इन देवी की पूजा की जाती है। नारद मुनि के कहने पर इन देवी ने शिवजी को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी और उन्हें ब्रह्म ज्ञान प्राप्त हुआ था, इसीलिए इनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा।

**(क्रमशः)**

# केन्द्रीय सशस्त्र बलों में बढ़ता मानसिक तनाव



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***देश*** की आंतरिक सुरक्षा कायम रखने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले देश के अर्द्धसैनिक बल के सैनिकों में बढ़ता मानसिक तनाव बेहद चिंतनीय है। पिछले एक दशक में इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसा नहीं है कि सरकार या यों कहें कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय समस्या की गंभीरता से नावाकिफ है अपितु सभी स्तर पर चिंतन मनन के बाद भी कोई ठोस परिणाम नहीं निकल पाया है। समस्या की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि केन्द्रीय सशस्त्र बलों में आत्महत्या के मामले तो बढ़े ही हैं साथ ही आपसी गोलीबारी के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। हमें सैनिक बलों और अर्द्धसैनिक बलों की कार्यप्रणाली को भी समझना होगा तो देय सुविधाओं को भी ध्यान में रखना होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि सैनिक बल जहां बार्डर पर कठिनतर परिस्थितियों में तैनात रहते हैं पर जब वहां उनका टेन्योर पूरा हो जाता है तो उसके बाद उनकी तैनाती शांत व कम जोखिम वाले स्थानों पर होती है। सैनिकों के लिए सैनिक अस्पताल भी बेहतरीन सुविधा व विशेषज्ञयुक्त होने के साथ सैनिकों के परिजनों को भी बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो जाती है। दूसरी और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती पूरी तरह से देखा जाय तो कठिन परिस्थितियों से भरी होती है। चाहे वह नक्सल प्रभावित क्षेत्र की हो या फिर जम्मू-कश्मीर में शांति व्यवस्था की हो या नार्थ ईस्ट में शांति व्यवस्था बनाये रखने की हो। इसके अलावा देश के किसी भी कोने में किसी कारण से अशांति के हालात होते हैं या फिर आपदा के हालात होते हैं तो व्यवस्था के नाम पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती आम बात है। ऐसे में काम की अधिकता, सेवा परिस्थितियां और फिर व्यक्तिगत कारण संवेदनशील व्यक्ति को बहुत जल्द अवसाद में ला देते हैं। अर्द्ध सैनिक बलों में मुख्यतः सीआरपीएफ, बार्डर सिक्योरिटी फोर्स, असम राइफल्स, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी आदि आते हैं। पिछले दिनों गृह मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 2020 में 4940 मानसिक रोगी चिन्हित किए गए इनमें से सर्वाधिक 1882 सीआरएफ, 1327 बीएसएफ, 530 असम राइफल्स, 472 सीआईएसएफ, 417 आईटीबीपी और 312 एसएसबी के हैं। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार ही 2017 से 2022 के बीच अर्द्ध सैनिक बलों के सैनिकों के बीच आपसी गोलीबारी में 57 कर्मियों की जान गई है तो 2018 से 2022 क बीच 658 कर्मियों के आत्महत्या की है। कमोबेश यह स्थिति आज भी है। इससे यह साफ हो जाता है कि मानसिक तनाव बड़ी समस्या है और इसे दूर करने के लिए ठोस उपाय किये जाने की अतिआवश्यकता है। हालांकि इस समस्या का हल खोजने के लिए टास्क फोर्स के गठन से लेकर कई समितियां बनाई गई है पर हालात में अभी तक जिस तरह के बदलाव आने चाहिए थे वे नहीं आ पाये हैं। दरअसल आधुनिक जीवन पद्धति और भागमभाग की जिंदगी में मानसिक तनाव इस तरह हाबी रहता हे कि लाख प्रयासों के बाद भी व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार हो जाता है। एक और कार्य स्थल की परिस्थितियां, दूसरी और पारिवारिक जिम्मेदारियां, तीसरी और पारिवारिक तात्कालिक व दीर्घकालिक समस्या, चौथा कार्य स्थल पर रेस्ट करने का पर्याप्त समय नहीं मिल पाना, पांचवां आवश्यकता पर या चाहने पर छुट्टियां नहीं मिलने के साथ ही अन्य कई छोटे मोटे कारण हो जाते हैं जिससे व्यक्ति तनाव में चला जाता है। आर्थिक समस्या प्रमुख कारण है। मानसिक तनाव की इस समस्या का समाधान इसलिए जरुरी हो जाता है कि जहां एक और मानसिक रोग बढ़ता जा रहा हैं वहीं करीब 50 हजार लोगों द्वारा समयपूर्व नौकरी छोड़ना अपने आप में गंभीरता को दर्शाता है। इस सबके लिए मनोचिकित्सकों का होना आवश्यक हो जाता है।

**गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार ही 2017 से 2022 के बीच अर्द्ध सैनिक बलों के सैनिकों के बीच आपसी गोलीबारी में 57 कर्मियों की जान गई है तो 2018 से 2022 क बीच 658 कर्मियों के आत्महत्या की है।**

तनाव

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

**ज्ञान इसलिए नहीं होता कि हम अतीत की व्याख्या करते रहे, यह तो भविष्य का निर्माण करने के लिए होता है।**

# हमास के खिलाफ है भारत फिलिस्तीन के नहीं



डॉ. प्रभात ओझा

***इजराइल*** पर हमास के हमले और फिर इजराइल की जवाबी कार्रवाई में एक पक्ष कमजोर पड़ गया है। वह पक्ष है फिलिस्तीन राष्ट्र का। निश्चित ही इस पक्ष को फिलिस्तीन आधारित हमास जैसे आतंकवादी संगठन ने कमजोर किया है। विडंबना यह है कि हमास अपने को फिलिस्तीन का उद्धारक मानता है और गाजा पट्टी के एक हिस्से पर उसका अधिकार भी है। ताजा घटनाक्रम में इजराइली सेनाओं ने गाजा को घेर रखा है। वहां रसद जैसी जरूरी आपूर्ति के साथ पानी तक की समस्या खड़ी हो गई है। अमानवीय हालात तो यह है कि केंद्रीय गाजा के अल अहली अस्पताल में रॉकेट अटैक में 500 से ज्यादा लोग मारे गये हैं। मरीजों के साथ यहां अन्य लोगों ने भी शरण ली थी। दिल हिला देने वाले इस हमले के बाद युद्ध का परिदृश्य बदल गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति इजराइल यात्रा पर पहुंचे। जहां से वे जार्डन जाने वाले थे। वहां उनकी किंग अब्दुल्ला द्वितीय, मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल सीसी के साथ बातचीत होने वाली थी। गाजा के अस्पताल में हमले के बाद इन देशों ने बातचीत रद्द कर दी। हालांकि बाद में बाइडेन ने मिस्र के राष्ट्रपति फतह अल सीसी से बातचीत की और गाजा में मानवीय सहायता भेजे जाने के लिए मिस्र ने राफा बॉर्डर खोलने की सहमति दी। जो भी हो, दो दिन पहले के अपने इंटरव्यू में बाइडन ने फिलिस्तीन का भी नाम लिया था। हमास और इजराइल संघर्ष में अमेरिका पूरी क्षमता के साथ इजराइल के साथ है। हमास जैसे आतंकी संगठन के बर्बर हमले के कारण दुनिया के कई देश इजराइली जनता के पक्ष में खड़े हैं। इनमें भारत भी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास के हमलों की कटु निंदा की है। उन्होंने किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई को दुनिया की प्रगति में बाधक बताया है। प्रधानमंत्री के बयान के दो दिन बाद ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने फिलिस्तीन का समर्थन करते हुए द्विराष्ट्र के सिद्धांत की वकालत की। यहां समझना होगा कि कथित रूप से फिलिस्तीन के लिए लड़ने वाले हमास और स्वयं फिलिस्तीन राष्ट्र में फर्क है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने बयान में इस मुद्दे पर भारत की नीति को दीर्घकालिक और सुसंगत बताया। उनके मुताबिक, भारत ने इजरायल के साथ सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर सदैव एक संप्रभु, स्वतंत्र फिलिस्तीन की स्थापना की वकालत की है। भारत का मानना है कि यह सीधी वार्ता की बहाली और इसके साथ ही इजराइल के साथ शांतिपूर्ण संबंधों से सम्भव होगा। स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री ने सिर्फ आतंकवाद पर इजराइल के साथ खड़े होने की दृढ़ता दोहराई है। इस पूरे मसले को इजरायल, फिलिस्तीन और हमास के नजरिये से देखना होगा। फिलिस्तीन नेशनल अथॉरिटी यानी पीएनए ही स्टेट ऑफ फिलिस्तीन है। फिलिस्तीन लिबरेशन ऑर्गनाइजेशन अर्थात पीएलए के प्रमुख फतह पार्टी के अध्यक्ष महमूद अब्बास मई 2005 से इसके राष्ट्रपति भी हैं। उसके पहले करीब 15 साल तक यासिर अराफात इस जगह पर थे। यासिर अराफात के समय भारत के साथ फिलिस्तीन के सम्बंधों में अधिक मजबूती दिखी थी। गैर अरब देशों में भारत फिलिस्तीन नेशनल अथॉरिटी को मान्यता देने वाला पहला देश है। हम फिलिस्तीन स्टेट को भी मान्यता देने वाले देशों में शामिल हैं। वर्ष 1996 में गाजा में भारत ने अपना प्रतिनिधि कार्यालय खोला। वर्ष 2003 में उसे रामल्ला में स्थानांतरित कर दिया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 53 वें सत्र के दौरान (1998-99) भारत 'आत्मनिर्णय के लिए फिलिस्तीनियों के अधिकार' सम्बंधी मसौदा प्रस्ताव का सह-प्रायोजक था। वर्ष 2003 में इजरायल द्वारा दीवार बनाने के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के पक्ष में भी भारत मतदान करने वालों में शामिल था। यूएनए के 2012 के संकल्प के पक्ष में भी भारत ने मतदान किया था। यह प्रस्ताव फिलिस्तीन को संयुक्त राष्ट्र में 'गैर-सदस्य पर्यवेक्षक राज्य' बनाने का था।

**अमानवीय हालात तो यह है कि केंद्रीय गाजा के अल अहली अस्पताल में रॉकेट अटैक में 500 से ज्यादा लोग मारे गये हैं। दिल हिला देने वाले इस हमले के बाद युद्ध का परिदृश्य बदल गया है।**

हमास

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### डीएवी में नन्हे मुन्हें बच्चियों ने प्रस्तुत किया डांडिया व मां के नौ रूप



**बरही ।** नवरात्रि के पावन अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में एलकेजी से स्टैंडर्ड टु के विद्यार्थियो के लिए डांडिया सह झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका उद्घाटन प्राचार्य ए के सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम में नन्हे मुन्हें बच्चो ने डांडिया की आकर्षक प्रस्तुति, नृत्य, मां दुर्गा के नौ स्वरूप और राम रावण युद्ध की झांकी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया. उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि भारत वर्ष में त्योहारों की पौराणिक महता आज भी जीवंत है, जो जीवन में खुशियां लाने में सहायक है. त्योहार से अच्छे गुणो का विकास और दुगुर्णों का नाश होता है. नारी स्वरूपा दुर्गा के नौ विभिन्न रूप स्त्री शक्ति का प्रतीक है. इस अवसर पर आयोजित होने वाले नृत्य संगीत भारतीय सभ्यता की अविरल छठा को दशार्ता है. दुगार्पूजा उनमें से एक है. जो असत्य और अधर्म के ऊपर से सत्य तथा धर्म के विजय का अच्छा उदाहरण है. मौके पर उन्होंने बच्चो को आदि शक्ति और दैत्यासुर महिषासुर की कहानी भी बताया. अंत में उन्होंने सभी को दुगार्पूजा व दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास नवरात्र संपन्न होने की कामना किया. कार्यक्रम सफल बनाने में लल्लन यादव, दीपक शरण, दीपक कुमार, मुन्नी कुमारी, नीरू कुमारी, संध्या सिंह, ममता कुमारी ,अनुराधा कुमारी, उषा कुमारी, आरती कुमारी आदि ने सार्थक भुमिका निभाई.

### व्यक्ति ने किया विषपान, रेफर

**बरही ।** धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी उमेश प्रसाद (५०) विषपान कर आत्महत्या करने का प्रयास किया. जानकारी मिलते ही परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया. जहां प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया. विस्पन का मुख्य कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है.

### कलहाबाद हाई स्कूल में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम कलहाबाद हाई स्कूल में नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ो छात्र-छात्राएं अपने अपने घर से एक एक मुट्ठी मिट्टी और चावल लाकर पंच कलश में रखकर कलश यात्रा निकाली। कार्यक्रम युवा मंत्रालय एवं भारत सरकार के निदेर्शानुसार आयोजित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र के युवा स्वयंसेवक संदीप कुमार व संचालन गैपहाड़ी के रविन्द्र कुमार ने किया । इसके तहत देश के प्रत्येक प्रखंड और गांव से मिट्टी और चावल इकट्ठा कर उसे दिल्ली भेजा जाएगा । इस मिट्टी को एक जगह एकत्रित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने हेतु एक बगीचे का निर्माण किया जाएगा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव वीरो के परिवार को शॉल व फूल देकर सम्मानित किए ।विशिष्ट अतिथि जिला परिषद् सदस्या कुमकुम देवी , गैयपहाडी पंचायत के मुखिया कलावती देवी पंचायत समिति सदस्या सुषमा रानी,और बगोदर के जिला परिषद् रीता प्रसाद एवम हाई स्कूल के प्रिंसिपल अमित गुप्ता, प्रधानाध्यापक शशिभूषण साव और बरकट्ठा प्रखंड के सभी मुखिया और पंचायत सदस्य,इन्द्रदेव प्रसाद मुखिया अध्यक्ष , एवम सचिन राजेंद्र, गोधन,राजाराम, सभी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### माता दुर्गा के 16 श्रृंगार सहित भक्त ब्रह्मदेव ने डाक चढ़ाया

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत तुइयो अंतर्गत ग्राम मधुबन दुर्गा मंदिर में माता के दरबार मे मधुबन निवासी प्रकाश ठाकुर एवम केंदुआ 1 के ब्रह्मदेव सिंह के द्वारा माता के सोलह श्रृंगार सहित डाक चढ़ाया गया। वहीं डाक कार्यक्रम में सम्मलित हुए पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने माता रानी के दरबार मे माथा टेककर क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि व शांति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर उपप्रमुख सुरजी देवी, पूर्व मुखिया दशरथ यादव, वार्ड सदस्य मालती देवी, चिंता देवी, दशरथ यादव, दीपक ठाकुर बालेश्वर ठाकुर, विजय कुमार यादव, राजू यादव, राजेश ठाकुर, जागेश्वर ठाकुर, प्रसादी ठाकुर, मनोज यादव, महादेव राणा, नरेश यादव, द्वारिका ठाकुर, कालेश्वर यादव, महेश यादव, सुखदेव यादव, भोला यादव, त्रिवेणी यादव, बद्री दास, शंकर दास, रामदेव यादव, महादेव ठाकुर, उपेंद्र यादव आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामगढ़ इनडोर स्टेडियम में झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का स्वागत सह अनावरण कार्यक्रम

# हर क्षेत्र से हर खेल में खिलाड़ी उभरे और विश्व पटल पर रामगढ़ का नाम रौशन करें : उपायुक्त






**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** रांची में होने वाले महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 को लेकर गुरुवार को इंडोर स्टेडियम रामगढ़ में चैंपियंस ट्रॉफी का स्वागत एवं अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़, चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक रामगढ़, पीयूष पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की. ततपश्चात उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया. उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने कहा कि हॉकी का इतिहास झारखंड में बहुत पुराना है और महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का झारखंड में होना हम सभी के लिए एक सम्मान का विषय है. साथ ही उन्होंने बताया कि हर तरह के खेल को बढ़ावा देने में जिला प्रशासन प्रयासरत है जिसके लिए आने वाले समय में प्रत्येक पंचायत में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे कि जिले के हर क्षेत्र से हर खेल में खिलाड़ी उभरे और विश्व पटल पर रामगढ़ का नाम रौशन करें. पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे ने हॉकी खेल जगत में झारखंड की बेटियों की सराहना करते हुए कई खिलाड़ियों का उदाहरण प्रस्तुत किया एवं उनसे प्रेरणा लेने की अपील की. साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है बल्कि खिलाड़ियों में अपने राज्य व देश के लिए कुछ करने की इच्छा भी जागृत होती है. वही उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार द्वारा खेल के जगत में खिलाड़ियों के लिए कई प्लेटफार्म उपलब्ध कराए जा रहे हैं और आप सभी इस तरह के अवसर का लाभ अवश्य ही उठाएं. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिनमे जूडो से चांदनी कुमारी एवं पीयूष कुमार राणा, कराटे से चंद्र प्रकाश उपाध्याय एवं रक्ष रानी, वॉलीबॉल से साजन करमाली एवं नैना कुमारी, बॉक्सिंग से तुषार कुमार, बैडमिंटन से विनीत कुमार, प्रियांशु कुमार एवं पवन गोपाल, फुटबॉल से प्रेम कुमार एवं मोहम्मद आतिफ, निशानेबाजी से सोनू प्रताप सिंह एवं मोहित कुमार को सम्मानित किया गया. ज्ञात हो कि पहली बार महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का आयोजन आगामी 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक रांची में किया जा रहा है जिसमे भारत के साथ जापान, चीन, कोरिया एवं थाईलैंड की महिला खिलाड़ी शामिल होंगी. इसी संदर्भ में राज्य के युवाओं एवं युवतियों को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हॉकी झारखंड के तत्वाधान में एशिया ट्रॉफी का टूर राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन ओलंपिक सचिव सीडी सिंह के द्वारा किया गया. वहीं कार्यक्रम में जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों एवं खिलाड़ियों सहित अन्य उपस्थित थे.

## एनसीसी कैडेट्स करण कुमार को बांसुरी वादन में मिला प्रथम स्थान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के एन सी सी कैडेट्स करण कुमार को बांसुरी वादन में प्रथम स्थान मिला। जानकारी देते हुए डिवाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आईपी भारती ने बताया कि 22 झारखंड बटालियन हजारीबाग के तत्वावधान मे विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 9 से 18 अक्टूबर तक शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमे डिवाइन स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने भी भाग लिया था।शिविर मे कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग,मानचित्र अध्ययन जैसे आर्मी विष ?यों के साथ-साथ अग्नि शमन, ट्रैफिक नियम,व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व ,आपदा प्रबंधन जैसे कई विषयों का प्रशिक्षण दिया गया। साथ कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए ,भाषण, खेलकूल जैसी प्रतियोगित का आयोजन किया गया।वहीं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओ में गायन, वादन नृत्य जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल थी। जिसमें डिवाइन पब्लिक स्कूल सीपीएल करण कुमार ने बांसुरी वादन मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को 22 बटालियन एनसीसी हरमीत सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापिका स्वाति ने बताया कि अनुशासन बनाने में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### बीडीओ-सीओ ने पूजा पंडाल का किया निरीक्षण

**बरही ।** बीडीओ सी आर इंदीवर और सीओ रामनारायण खलखो ने करियातपुर पूजा पंडाल का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने पूजा समिति के लोगों को पंडाल के अंदर अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, पुरुष व महिला प्रवेश द्वार, वॉलिंटियर्स इत्यादि की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया. साथ ही सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर ही पूजा मनाने की अपील की. बीडीओ ने समिति के पदाधिकारियो को पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक पदाधिकारी से सामंजस बनाए रखने की बात कही. वही सीओ ने अफवाह फैलाने वाले और सामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने की बात कही. निर्धारित मानक पर ही धार्मिक संगीत बजाने और डीजे का उपयोग नही करने का निर्देश दिया.

## युवा वैश्य महासभा ने रघुवर दास को उड़ीसा का राज्यपाल होने पर दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के उड़ीसा का राज्यपाल मनोनीत होने पर युवा वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि यह पल वैश्य समाज के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री के उड़ीसा का राज्यपाल मनोनीत होने पर पूरे झारखंड राज्य के वैश्य समाज के लोग अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। साहू ने यह भी कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए हम लोग देश के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करते हैं। कहा की हम लोग पूरे झारखंड के वैश्य समाज देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देश के कर्मठ गृह मंत्री अमित शाह का भी हृदय की गहराइयों से साधुवाद करते हैं कि उन्होंने यह निर्णय लेकर पूरे भारतवर्ष के वैश्य समाज के सर को ऊंचा करने का कार्य किया है। रघुवर दास को राज्यपाल मनोनीत करने का ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए युवा वैश्य महासभा झारखंड प्रदेश के सम्मानित पदाधिकारी उमेश राजगढ़िया, अनिल गोयल, किशोर जाजू, पंकज वर्णवाल , विनोद जायसवाल,सुरेंद्र साहू, रंजीत कुमार, रूपेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, निलेश गुप्ता, हरि रत्नम साहू, रविंद्र साहू, संतोष रंजन, अजीत गुप्ता, राकेश गुप्ता, विजय गोराई, संजय जयसवाल, पिंकू चौधरी सहित युवा वैश्य महासभा झारखंड प्रदेश के अनेक सदस्यों ने देश के महामाहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया है।

## बरही : प्रखंड के 112 विद्यालयों के 150 शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** निपुण भारत के तहत बुनियादी साक्षरता शिक्षा सुदृढ़ीकरण को लेकर बीआरसी भवन में चलाया जा रहा गैर आवासीय प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हुआ. अंतिम और चौथे बैच में प्रखंड के हिंदी भाषी चालीस शिक्षक-शिक्षिकाओ को प्रशिक्षण मिला. बीपीएम अरुण कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रखंड के 112 विद्यालयों से लगभग 150 शिक्षको को प्रशिक्षित किया गया है. बीईईओ रामसेवक दांगी ने बताया कि केंद्र सरकार के निपुण भारत कार्यक्रम के तहत यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया. जिसमे मुख्य रूप से एफएलएन कीट का उपयोग, शिक्षक संदर्शिका भरने के तरीको आदि से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. इससे शिक्षको की गुणवता में सुधार आएगा. जिससे पठन पाठन में सकारात्मक असर दिखेंगे. मास्टर ट्रेनर तुलसी कुमार दास ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बुनियादी साक्षरता के आठ घटकों मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्णज्ञान, शब्द भंडार,धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन के साथ पुस्तकालय की उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी गई. प्रशिक्षण के क्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में किशोरी महतो, तुलसी कुमार दास, मुनिलाल राम, रामचंद्र यादव व रूम टू रीड संस्था से अशोक सकलानी व बीपीएम अरुण कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. प्रशिक्षण लेने वाले एम दीपक कुमार यादव,राजेश कुमार,निर्मल कुमार दास,अशोक यादव, अनिल यादव ,अल्ताफ अहमद ,मालती कुमारी, सरिता कुमारी, रवि भूषण कुमार यादव, अरुण कुमार सिंह, शीला कुमारी, फुलेश्वर कुमार सिंह, मोङ्क ताहिर हुसैन, सुनीता कुमारी, रामानुज शर्मा, बेबी देवी, देवनिस एक्का , बमल कुमार तुरिया यशोदा कुमारी,अनूप कुमार प्रधान, राज देव प्रसाद यादव, रिंकू कुमारी ,कलावती कुंज ही, ललिता कुमारी आदि शामिल थे.

### हजारीबागः हाथियों के झुंड ने मचाया तांडव गांव वाले परेशान

**हजारीबाग।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गोरहर, भैयाडीह, पहाड़पुर, नवाडीह, बजुकोला, पहाड़पुर होते हुए 30 की संख्या में हाथियों का प्रवेश हुआ है. इस दौरान हाथियों ने फसल के साथ-साथ बाउंड्री को भी नुकसान पहुंचाया है. जिससे ग्रामीण के बीच दहशत का माहौल देखा जा रहा है. ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के कर्मी और प्रशासन को दिया है. जिसके बाद ग्रामीण हाथी को भगाने का प्रयास कर रहे हैं. वहीं प्रशासन ने हाथी के नजदीक नहीं जाने की अपील की है, तथा ग्रामीणों को रात में महुआ शराब घर में नहीं रखने का अपील किया है. शिलाड़ीह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने बताया क्षेत्र में हाथियों के आगमन से दहशत में है. ग्रामीण रात में जागकर ड्यूटी कर रहे हैं. वहीं हाथी को भगाने का प्रयास किया जा रहा है.

## मनोकामना पूर्ण होने पर मां दुर्गा को चढ़ाया श्रृंगार, निकाली गई शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** सार्वजनिक दुगार्पूजा बरकट्ठा में मां दुर्गा को गुरुवार को श्रृंगार चढ़ाया गया।इस निमित भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ रामखेलावन यादव के घर से निकलते हुए डाकडीह स्थित मंदिर होते हुए बुढ़िया माता मंदिर का भ्रमण करते हुए दुर्गा मंदिर में समापन किया गया। इस बाबत पूजा समिति अध्यक्ष रामखेलावन यादव ने बताया कि पूर्वजों के द्वारा मां दुर्गा से कामना की गई थी। जिसको पूर्ण होने पर मां दुर्गा को श्रृंगार चढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि इंसान झुठा हो सकता है। लेकिन देवी देवता झुठ नहीं होते हैं। मन से मांगी गई हर कामना को मां दुर्गा पूर्ण करती है। शोभायात्रा में रामखेलावन यादव, सहदेव यादव, बालदेव यादव, श्यामसुंदर यादव, शंभू यादव, विजय यादव, लक्ष्मण यादव, विकास यादव, दयानंद यादव, अशोक यादव, विनोद यादव, शिवकुमार यादव,लखन यादव समेत आदि ग्रामीण शामिल थे।

## सामग्री वितरित

### विधायक ने किया सोना सोबरन योजना का शुरूआत

# विस क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हूं : अकेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** नवरात्रि के मौके पर रसोईयाधमना, पुरहरा, कोइली, बेंदगी आदि विभिन्न पीडीएस दुकानों में विधायक उमाशंकर अकेला ने सोना सोबरन योजना की शुरूआत किया. जिसके तहत बीपीएल कार्डधारियों के बीच साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है. जिसके तहत वर्ष में दो बार बीपीएल कार्डधारियों को वस्त्र दिए जाते है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनहित कार्य के लिए संकल्पित है. राज्य का कोई भी निर्धन भूखे और नंगे नही रहे इसे प्राथमिकता के साथ गरीब लिया जा रहा है. केंद्र सरकार के राशन बंद करने के बावजूद राशन कार्ड तथा राशन का वितरण किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि अपने दोनो कार्यकाल में पूरे विधासभा क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बहाल करते हुए है सड़कों को दुरुस्त किया गया है. 90 करोड़ की लागत से विधायक मद से पहली बार अनुसूचित जाति विद्यालय से बांझेडीह तक के सड़क चौड़ीकरण किए जा रहे है. शीघ्र ही जवाहर घाटी पेयजल परियोजना से प्रखंड के पांच पंचायत कोनरा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिम, रसोईया धमना तथा बेंदगी में पेयजल आपूर्ति चालू किए जायेगे. इसके लिए राज्य सरकार हेतु 28 करोड़ 70 लख रुपए का आवंटन भी कर दिया है. मार्च 2024 तक प्रत्येक घर में पेयजलापूर्ति प्रारंभ हो जायेगा. अन्य स्थानों पर नल घर योजना के तहत पेयजल की व्यवस्था की जा रही है. कार्यक्रम के अंत में उन्होंने नवरात्रि की शुभकामायें देते हुए शांतिपूर्ण तरीकों से दशहरा मनाने की अपील किया. कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सह कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल राजा, विधायक प्रतिनिधि तौकीर रजा, बेंदगी मुखिया व कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, पंचायत अध्यक्ष तैयब अली अंसारी, सुखदेव साव, चंद्रिका देवी, पूनम कुमारी, अनिरुद्ध यादव, सकलदेव यादव, भुवनेश्वर भुइंया, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.

## अब रामगढ़ जिले में व्यापार हुआ आसान, एसबीआई ने खोला आरबीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के व्यापारियों के लिए बेहद सुखद समाचार है। भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक ने गुरुवार को रामगढ़ में ही रीजनल बिजनेस ऑफिस (आरबीओ) खोल दिया है। इस ऑफिस के उद्घाटन के साथ ही मुख्य महाप्रबंधक ने एसएमई ब्रांच का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित ने कहा कि रीजनल बिजनेस ऑफिस रामगढ़ और चतरा जिले के 32 शाखाओं को सीधे तौर पर डील करेगा। इससे पहले यहां के ग्राहकों को अपने लोन के लिए रांची की दौड़ लगानी पड़ती थी लेकिन अब उनके सारे काम रामगढ़ में ही हो जाएंगे। आज इन दोनों जिलों के बैंकों के मैनेजर यहां मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि रीजनल बिजनेस ऑफिस के साथ एसएमई ब्रांच का भी उद्घाटन किया गया है। जितने भी छोटे से बड़े व्यापारी इस बैंक के साथ जुड़ना चाहते हैं, वे सीधे तौर पर यहां आ सकते हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने कहा कि विकास में बैंकों की भूमिका हमेशा रही है। आज जब रामगढ़ में भारतीय स्टेट बैंक बिजनेस ऑफिस खोल रहा है, तो इसका सीधा असर रामगढ़ के व्यापार जगत से पड़ेगा। व्यापारी बड़े हों या छोटे स्तर के। उन सभी को सीधा बैंकों के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। जो व्यापारी पहले अपने लोन के लिए रांची का चक्कर लगाते थे अब उनके सारे काम इसी जिले में होंगे। जब दस्तावेजों का काम आसानी से होगा तो उनका व्यापार पर भी इसका असर पड़ेगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रभास बोस, उप महाप्रबंधक विजय कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक रंधीर मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# बिहार : सादगी, सच्चाई का रास्ता ही वास्तविक सुख : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। मोतिहारी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी जी की विरासत को समझने और आत्मसात करने के लिए आप सब को सादगी और सच्चाई के अच्छे परिणामों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि मैं अनुभव पर आधारित दृढ़ विश्वास से कहती हूं कि सादगी और सच्चाई का रास्ता ही वास्तविक सुख, शांति और प्रसिद्धि का मार्ग है। पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में आयोजित समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि आज से लगभग 106 वर्ष पहले चंपारण में गांधीजी के कहने पर लोगों ने सामाजिक समानता और एकता का रास्ता अपनाया और ब्रिटिश हुकूमत को झुकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि आज भी सामाजिक समानता और एकता का वही रास्ता देशवासियों को आधुनिक विकास के रास्ते पर आगे ले जाएगा और भारत एक विकसित देश के रूप में प्रतिष्ठित होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या लगभग 60 प्रतिशत है। होनहार छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन और बढ़ते हुए आत्म-विश्वास में मुझे भविष्य के विकसित भारत का स्वरूप दिखाई देता है।

राष्ट्रपति के शाम को पटना स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान चिकित्सा संस्थान (एम्स) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करने का कार्यक्रम है। राष्ट्रपति बनने के बाद मुर्मू पहली बार बुधवार को तीन दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचीं। वे राजभवन में ठहरी हैं। राष्ट्रपति शुक्रवार को गया जिले में स्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी।




## सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होगा : शाह




**एजेंसी। जगदलपुर**

बस्तर जिले के तीन विधानसभा उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार करने के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को जगदलपुर पहुंचे। उन्होंने लालबाग मैदान में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में तीन दीपावली मनानी है, पहली त्योहार की, दूसरी 03 दिसंबर को कमल की सरकार बनने पर और तीसरी दीपावली राम मंदिर का शुभारंभ होने पर मनेगी। गृहमंत्री शाह ने कहा कि बस्तर नक्सली क्षेत्र माना जाता था, एक बार फिर से भाजपा को मौका दे दो पूरे छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र ऐसा है, जहां पुलिस का जवान मरता है तो भी आदिवासी मरता है, नक्सली मरता है तो भी आदिवासी मरता है और आम नागरिक मरता है तो भी आदिवासी मरता है। उन्होंने कहा कि आपके पास दो विकल्प हैं, एक नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस की सरकार और दूसरी भाजपा सरकार, जो नक्सलवाद को समाप्त करेगी। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी के विकास के लिए 75 हजार करोड़ रुपये दिए हैं, जिससे पानी, बिजली, स्कूल जैसे सुविधाएं पहुंचाई है।

## गागर में सागर

### गडकरी ने अटारी सीमा पर 418 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब में अटारी सीमा पर स्थापित देश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज को फहराकर उसका उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दिल्ली-अमृतसर-कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और अमृतसर बाईपास निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। केन्द्रीय मंत्री गडकरी गुरुवार को पंजाब के दौरे पर रहे। उन्होंने पंजाब के लोक निर्माण विभाग मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ और अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला के साथ दिल्ली-अमृतसर-कटरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और अमृतसर बाईपास निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की पहल पर पंजाब में अटारी सीमा पर स्थापित देश का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। यह राष्ट्रीय ध्वज 418 फीट ऊंचा है। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी थे।

### कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन की जमानत 6 नवंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत 6 नवंबर तक बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने 10 अक्टूबर के अपने आदेश में सत्येंद्र जैन को दी गई अंतरिम जमानत 6 नवंबर को अगली सुनवाई तक बढ़ा दी थी। मई में जैन को चिकित्सा आधार पर छह सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत कई शर्तों के साथ दी गई थी, जिसमें मीडिया से बात करने पर रोक और बिना अनुमति के दिल्ली छोड़ने पर रोक शामिल थी। मामले को 6 नवंबर 2023 को अपराह्न 03:00 बजे न्यायमूर्ति एएस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करें। इस बीच, पहले दी गई अंतरिम जमानत को सुनवाई की अगली तारीख यानी 6 नवंबर, 2023 तक बढ़ा दिया गया है।

### पुणे में प्रशिक्षण के दौरान विमान क्रैश, प्रशिक्षु पायलट घायल

**मुंबई।** पुणे जिले के बारामती तहसील में स्थित कटफल गांव में रेडबर्ड कंपनी का प्रशिक्षण विमान लैंडिंग के दौरान गुरुवार को शाम 4 बजे के करीब अचानक क्रैश हो गया। इस घटना में प्रशिक्षु पायलट शक्ति सिंह घायल हो गए। उसे तत्काल बारामती के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।
बारामती में स्थित कटफल में पायलटों को प्रशिक्षण दिया जाता है। पिछले कुछ दिनों से यहां पायलटों को ट्रेनिंग दी जा रही है। आज प्रशिक्षु पायलट विमान उड़ाने और लैंडिंग करने की प्रैक्टिस कर रहे थे। अचानक लैंडिंग करते समय विमान क्रैश हो गया। इस घटना में प्रशिक्षु पायलट घायल हो गए, जिनका बारामती के अस्पताल में इलाज जारी है।

### चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 1 नवंबर तक बढ़ी

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने गुरुवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 1 नवंबर तक बढ़ा दी। नायडू को राजमुंड्री सेंट्रल जेल से वर्चुअली कोर्ट में पेश किया गया। जज ने हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ा दी। नायडू ने जज से कहा कि उन्हें जेल में अपनी सुरक्षा को लेकर आशंका है। जज ने उनसे यह बात लिखित में देने को कहा। जज ने जेल अधिकारियों को नायडू द्वारा लिखे जाने वाले पत्र को अदालत के सामने रखने का निर्देश दिया। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष ने न्यायाधीश को अपने सामने आ रही स्वास्थ्य समस्याओं से भी अवगत कराया। जज ने जेल अधिकारियों को चंद्रबाबू नायडू की मेडिकल रिपोर्ट जमा करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने जेल अधिकारियों से उनकी स्वास्थ्य स्थिति और उनके इलाज के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी ली। सीआईडी ने नायडू को मुख्यमंत्री रहते हुए हुए कथित घोटाले में 9 सितंबर को गिरफ्तार किया था। अगले दिन विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने उन्हें 22 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया।

## एईपीएस में मौजूद फॉल्ट के मार्फत लोगों को टारगेट कर रहे साइबर ठग

**आरएनएम। नई दिल्ली**

देश में जनवरी 2020 से जून 2023 के बीच रिपोर्ट किए गए साइबर क्राइम में 75 प्रतिशत से ज्यादा वित्तीय स्कैम थे। आईआईटी कानपुर के अनुसार जिन वित्तीय फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई गई, उनमें ज्यादातर डिजिटल बैंकिंग व यूपीआई पेमेंट्स से जुड़े थे। अब इन साइबर अपराधियों ने हाल ही में लॉन्च हुए आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (एईपीएस) में मौजूद फॉल्ट के जरिए लोगों को टारगेट कर रहे हैं। इस स्कैम के नए तरीके में सबसे भयावह बात यह है कि पीड़ित व्यक्ति को ओटीपी, लिंक या कोई ईमेल भी नहीं मिलता। साइबर ठग आधार कार्ड के लिए रजिस्टर्ड आपकी बायोमीट्रिक डिटेल को एक्सेस करके आसानी से आपके सारे पैसे चुरा सकते हैं। ये स्कैमर किसी पीड़ित व्यक्ति के बैंक का नाम और अकाउंट डिटेल्स के जरिए फिंगरप्रिंट डिटेल्स एक्सेस कर लेते हैं। सबसे खराब बात है कि जो लोग एईपीएस स्कैम में टारगेटेड हैं उन्हें अपने बैंक अकाउंट से पैसे निकलने का कोई एसएमएस तक नहीं मिलता। आमतौर पर ये स्कैमर्स होटल, फोटोग्राफी शॉप व लोकल साइबर कैफे में अपने पीड़ित की तलाश करते हैं। क्योंकि आमतौर पर ये वो जगहें हैं जहां लोग अपनी आधार डिटेल्स सबमिट करते हैं। एक बार किसी व्यक्ति की आधार डिटेल हाथ में आते ही ये साइबर क्रिमिनल्स उनके बैंक अकाउंट पर नजर रखते हैं। इस स्कैम का जरूरी पहलू है फिंगरप्रिंट डिटेल्स। रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्रिमिनल्स सरकारी कार्यालय जैसे रजिस्ट्री ऑफिस आदि से फिंगरप्रिंट डिटेल्स लेने की कोशिश करते हैं क्योंकि यहां लोग रिकॉर्ड रखने के उद्देश्य से अपने फिंगरप्रिंट सबमिट कराते हैं। फिंगरप्रिंट्स लेने के लिए सिलिकॉन थंब का इस्तेमाल किया जाता है। और फिर इन्हें एईपीएस का इस्तेमाल करके पीड़ित व्यक्त के अकाउंट से पैसे निकालने के लिए उपयोग किया जाता है।

### आधार-इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम क्या है?

नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने हाल ही में आधार-इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम लॉन्च किया है। इस सिस्टम को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व यूआईडीएआई द्वारा बनाई गई गाइडलाइन्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस इनोवेटिव सिस्टम के मार्फत आधार कार्ड होल्डर कई फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन परफॉर्म कर सकते हैं। इनमें कैश डिपॉजिट, फंड विड्रॉल, अकाउंट बैलेंस चेक करना, मिनी स्टेटमेंट निकालना, आधार-टू-आधार फंड ट्रांसफर करना, ट्रांजेक्शन ऑथेंटिकेशन और भीम आधार के जरिए पेमेंट करने जैसे काम शामिल हैं। ये सभी काम सिर्फ तीन जरूरी डिटेल- बैंक का नाम, आधार नंबर और बायोमीट्रिक ऑथेंटिकेशन के जरिए किए जा सकते हैं।

### इससे बचने के लिए क्या करें

- अपने आपको एईपीएस स्कैम से बचाने के लिए जरूरी है कि आधार बायोमेट्रिक डिटेल्स को लॉक रखें।
- यूआईडीएआई की वेबसाइट या एमआधार मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करके आधार डिटेल्स को लॉक किया जा सकता है। सभी आधार धारकों के लिए डिफॉल्ट सेटिंग्स में एईपीएस हमेशा इनेबल रहता है। इसलिए इस बार को हमेशा याद रखें और अपना डेटा सेफ रखने के लिए इसे डिफॉल्ट सेटिंग्स में जाकर डिसेबल कर दें।
- बायोमेट्रिक डिटेल्स लॉक करने और एईपीएस डिफॉल्ट सेटिंग को डिसेबल करने के लिए आपको अपने स्मार्टफोन में एमआधार ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के साथ साइन अप करना होगा।
- इसके बाद आपको आधार डिटेल्स वेरीफाई करनी होंगी और फिर आपको बायोमेट्रिक डेटा लॉक करने का ऑप्शन मिलेगा।
- इस डेटा को लॉक करने का ऑप्शन हमेशा मौजूद रहता है। आप चाहें तो इसे लॉक करके अपने आधार नंबर को सुरक्षित कर सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन सर्विसेज के लिए आधार नंबर और ओटीपी का इस्तेमाल नहीं कर सकता।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा-ईडी मनमर्जी से लोगों को गिरफ्तार नहीं कर सकती

## धारा 50 पीएमएलए में गिरफ्तारी की शक्ति नहीं

**आरएनएम। नई दिल्ली**

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया कि पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को समन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की शक्ति शामिल नहीं है। जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति पीएमएलए की धारा 50 में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, जो ईडी अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों। अदालत ने कहा, पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को समन जारी करने और दस्तावेजों के उत्पादन और बयान दर्ज करने की आवश्यकता की शक्ति, जो सिविल अदालत की शक्तियों के समान है, किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की धारा 19 के तहत शक्ति से अलग है। इसमें कहा गया, हालांकि पीएमएलए की धारा 19 ईडी के नामित अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, जो उस प्रावधान में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन है, लेकिन यह स्पष्ट है कि गिरफ्तारी की शक्ति धारा 50 में नहीं है और न ही पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी किए गए समन का स्वाभाविक परिणाम का कोई मतलब है।

जस्टिस भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 19 और 50 दो अलग और विशिष्ट प्रावधान हैं और एक के तहत शक्तियों के प्रयोग को इस आशंका पर नहीं रोका जा सकता है कि इससे दूसरे के तहत शक्तियों का प्रयोग हो सकता है। अदालत ने कहा, अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो पीएमएलए की धारा 50 के तहत दस्तावेज पेश करने या शपथ पर बयान देने के लिए बुलाया गया कोई भी व्यक्ति, केवल यह आशंका व्यक्त करते हुए ऐसे समन का विरोध कर सकता है कि उसे ईडी के हाथों पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति वैधानिक योजना के विपरीत होगी। अदालत ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल नामक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। मित्तल ने उक्त ईसीआईआर से निकलने वाली सभी कार्यवाही पर रोक लगाने की भी मांग की। ऐसा तब हुआ जब मित्तल को 21 अगस्त को ईडी के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया गया। यह उनका मामला था कि उन्हें इस बात की प्रबल आशंका थी कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया जाएगा या गिरफ्तार किया जाएगा और बलि का बकरा बनाया जाएगा।

### जिला जज ही करेंगे ज्ञानवापी परिसर के व्यासजी के तहखाने मामले की सुनवाई

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने को जिलाधिकारी को सौंपने के मामले की सुनवाई जिला जज की अदालत में होगी। जिला जज ने व्यास परिवार का आवेदन मंजूर करते हुए गुरुवार को कहा कि इस केस को सिविल जज सीनियर डिवीजन से वापस लेकर जिला जज की अदालत में सुना जाएगा। व्यासजी के तहखाने को लेकर वादी शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में वाद दाखिल किया था। इसके बाद उन्होंने इस मामले को जिला जज की अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था। व्यास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, सुभाष नंदन चतुर्वेदी और सुधीर त्रिपाठी ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में यह याचिका दाखिल की थी।




### 'टाइगर 3' में सलमान खान के लिए पहली बार गाएंगे अरिजीत सिंह

**गायक** अरिजीत सिंह और सुपरस्टार सलमान खान के बीच विवाद खत्म हो गया है। अब अरिजीत 'टाइगर 3' में अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। वाईआरएफ प्रमुख आदित्य चोपड़ा ने 'टाइगर 3' के दो गानों के लिए अरिजीत को चुना है। अरिजीत का पहला गाना 'लेके प्रभु का नाम' सोमवार को रिलीज होगा। यह एक डांस नंबर है जिसमें सलमान और कैटरीना कैफ हैं। वहीं दूसरा गाना एक रोमांटिक ट्रैक है जो दर्शकों और प्रशंसकों के दिलों को छू जाएगा। निर्देशक मनीष शर्मा ने कहा, हम 'लेके प्रभु का नाम' के अगले सप्ताह रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकते। यह एक अनोखा पार्टी ट्रैक है और इसमें सलमान के स्वैग के साथ अरिजीत की आवाज का होना खास है। साथ ही कैटरीना की सुंदरता इसे हर किसी को नाचने पर मजबूर करने का परफेक्ट फॉमूर्ला बनाती है।" संगीत निर्देशक प्रीतम ने कहा, यह एक ऐसा सहयोग है जो मैं होने की प्रतीक्षा कर रहा था। सलमान खान सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं और अरिजीत सिंह हमारी पीढ़ी के शीर्ष गायक हैं।



### डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा-11' नजर आएंगे शिव ठाकरे



**अमरावती** के शिव ठाकरे ने दर्शकों के मन में एक अलग जगह बनाई है। 'रोडीज' के 14वें सीजन के बाद वह घर-घर में मशहूर हो गए। शिव ने अपनी ईमानदारी और अच्छे काम के दम पर 'रोडीज' के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब शिवा जल्द ही डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा-11' में दिखेंगे। शिव ठाकरे 'बिग बॉस' मराठी के दूसरे सीजन के विजेता थे। समय के साथ उन्होंने हिंदी सीजन 'बिग बॉस', 'खतरों के खिलाड़ी' के जरिए अपना एक अलग फैन बेस तैयार किया। शिव अब नए शो में एंट्री के लिए तैयार है। शिव जल्द ही 'झलक दिखला जा' 11वें सीजन में हिस्सा लेंगे। पिछले कुछ दिनों से हर तरफ "झलक दिखला जा" के नए सीजन की चर्चा हो रही है। रियलिटी शो 'झलक दिखला जा" के 11वें सीजन के निश्चित 10 प्रतियोगियों के नाम हाल ही में सामने आ गए हैं।

### एक भावुक प्रेम कहानी है कलर्स का नया शो 'चांद जलने लगा' : कनिका मान


**कलर्स** के नए शो 'चांद जलने लगा' में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री कनिका मान ने शो में अपने किरदार के लिए की गई तैयारियों पर खुलकर बात की। 'चांद जलने लगा' में विशाल आदित्य सिंह और कनिका, देव और तारा की भूमिका में हैं। शो की कहानी बचपन के प्यार की असाधारण यात्रा को रेखांकित करती है, जो कभी एक-दूसरे के सहारा थे, लेकिन किस्मत उन्हें अलग कर देती है। जैसा कि सदियों पुरानी कहावत है 'प्यार वह आग है जो दिल को जला देती है,' 'चांद जलने लगा' वह धधकती आग है, जो साल की सबसे भावुक प्रेम कहानी होने का वादा करती है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कनिका ने कहा, मैं तारा की भूमिका निभाती नजर आऊंगी। वह एक तेजस्वी और प्रतिबद्ध युवा महिला है जो अपने घावों को छिपाने के लिए दिखावा करती है।" कनिका ने कहा, वह एक इंटीरियर डिजाइनर के रूप में अपने करियर में काफी प्रगति कर रही है, और वह अपने परिवार की शांतिदूत है। अपनी शांत उपस्थिति के तहत, तारा को अपने बचपन के दोस्त देव की यादें सता रही हैं। अभिनेत्री ने कहा, तारा एक आत्मविश्वासी और मजबूत लड़की है जो किसी से नहीं डरती। एक बच्ची के रूप में, वह लगभग हर चीज से डरती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में, वह स्वतंत्र और आत्मविश्वासी हो गई है।" उन्होंने साझा किया, मुझे लगता है कि एक कलाकार के लिए सबसे अच्छी तैयारी स्क्रिप्ट को अच्छी तरह से पढ़ना है। इससे मुझे चरित्र की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और भावनाओं को समझने में मदद मिली।"



## उपलब्धि : वायु सेना को एचएएल से मिलेगा पहला स्वदेशी तेजस एमके-2 फाइटर

# जीई-414 इंजन के अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद

### सौदा पूरा होने पर 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांसीसी लड़ाकू राफेल की ताकत वाला 4.5 जेनरेशन का मीडियम वेट फाइटर जेट स्वदेशी तेजस एमके-2 वायु सेना को 6 साल बाद मिलेगा। अमेरिका से जीई-414 इंजन का सौदा एक साल में होने की उम्मीद है और अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा। भारत में ही जीई-414 इंजन बनने के बाद तेजस एमके-2 में स्वदेशी सामग्री 60 फीसदी से बढ़कर 75 प्रतिशत हो जाएगी। भारत सरकार ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमानों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। अभी तक इंजन की अनुपलब्धता के कारण प्रोटोटाइप का निर्माण अटका हुआ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले अमेरिकी दौरे में जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित किये जाने का समझौता होने बाद एलसीए तेजस मार्क-2 के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कंपनी के साथ भारत में ही जीई-414 इंजन बनाने का अनुबंध एक साल में होने की उम्मीद है। इस पर एचएएल सीएमडी ने कहा है कि अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 3 साल बाद पहला 'मेड इन इंडिया' विमान रोल आउट हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पहला विमान रोल आउट होने के बाद तमाम तरह के परीक्षण होंगे, इसलिए तेजस मार्क-2 का उत्पादन होने और वायु सेना में शामिल होने में 6 साल का वक्त लगेगा। अभी फिलहाल तेजस एमके-1ए में 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन 'मेड इन इंडिया' जीई-414 जेट इंजन के बाद तेजस एमके-2 में स्वदेशी सामग्री बढ़कर 75 फीसदी हो जाएगी।

भारतीय वायु सेना स्वदेशी शक्तिशाली लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 की डिजाइन को लगभग दो साल पहले ही मंजूरी दे चुकी है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने पिछले साल 31 अगस्त को इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद इस साल के अंत तक स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इसके लिए इंजन फाइनल न होने से प्रोटोटाइप का विकास अधर में लटका था। अब अमेरिका से जीई-414 जेट इंजन का सौदा होने के बाद केंद्र सरकार ने एलसीए तेजस मार्क-2 के छह प्रोटोटाइप पर काम शुरू करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। हालांकि अमेरिकी कांग्रेस से मंजूरी अभी भी लंबित है। इसके बावजूद इस सौदे को अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों से मंजूरी मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) 15 साल या उससे अधिक की अवधि में लगभग 230 एलसीए मार्क-2 विमानों का निर्माण करेगा। एलसीए मार्क-2 कार्यक्रम से भारत की स्वदेशी एयरोस्पेस क्षमताओं को बढ़ावा मिलने के साथ ही वायु सेना का हवाई बेड़ा भी मजबूत होगा। भारतीय वायु सेना शुरूआत में 108 विमानों का ऑर्डर दे सकती है। बाद में इनकी अंतिम गिनती 230 हो सकती है, जिसके बाद 2030 तक भारत के हवाई बेड़े में लड़ाकू विमान शामिल होंगे।

## गागर में सागर

### कैम्पस एक्टिव वियर के एक्सक्लुजिव रीटेल स्टोर में मिल रहा ऑफर

**रांची।** फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिव वियर ने रांची में अपने पहले एक्सक्लुजिव रीटेल स्टोर को लॉन्च किया है। हरमू रोड दिगंबर जैन स्थित एक हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में फैले इस स्टोर में उच्च गुणवत्ता के फैशनेबल एवं किफायती फुटवियर्स की व्यापक रेंज उपलब्ध होगी। ब्राण्ड ने उपभोक्ताओं को फैशनेबल फुटवियर उपलब्ध कराने तथा मल्टी-चैनल सेल्स दृष्टिकोण के तहत इस आउटलेट को लॉन्च किया है। आउटलेट में कैम्पस एक्टिव वियर की ओजीज, नाइट्रोफ्लाय और नाइट्रोबूस्ट फुटवियर रेंज उपलब्ध होगी। कैम्पस एक्टिववियर एक स्पेशल ऑफर भी लेकर आया है, जिसके तहत रुपये 3499 और इससे अधिक की खरीददारी करनेवाले उपभोक्ता स्टाइलिश बैक पैक बिल्कुल मुफ्त पा सकेंगे। कैम्पस एक्टिव वियर के सीइओ निखिल अग्रवाल ने कहा कि रांची में पहले एक्सक्लुजिव आउटलेट को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, स्टाइलिश एवं किफायती फुटवियर उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। कैम्पस एक्टिव वियर हर मौके के लिए खास प्रोडक्ट्स के साथ उपभोक्ताओं के स्टाइल को बढ़ाने, उन्हें बदलते मार्केट के साथ उत्कृष्ट उत्पादों का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।

### हाइड्रोजन उपकरण का बाजार 2030 तक 50 अरब डॉलर होगा : रिपोर्ट




**नई दिल्ली।** हाइड्रोजन क्षेत्र के निकाय आईएच2ए ने बुधवार को उम्मीद जताई कि घरेलू हाइड्रोजन उपकरण विनिर्माण एवं सेवा का बाजार वर्ष 2030 तक 45-50 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इंडिया हाइड्रोजन अलायंस (आईएच2ए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसका यह आकलन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र से संबंधित सभी उपकरणों पर आधारित है। इन उपकरणों के घरेलू इस्तेमाल के अलावा पश्चिम एशिया एवं अफ्रीकी देशों को निर्यात भी इसमें शामिल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार का आकार इस स्तर पर पहुंचने से भारत भावी हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए आपूर्ति श्रृंखला के एक केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा। उद्योग निकाय ने हरित हाइड्रोजन का क्षेत्रीय उपकरण एवं सेवा निर्यात बाजार 36 अरब डॉलर तक पहुंचने का भी अनुमान जताया है। इसके साथ ही इसने कहा कि अगले सात वर्षों में घरेलू हाइड्रोजन उपकरण बाजार 9-13.5 अरब डॉलर का हो जाएगा।

### शेयर बाजार में कोहराम : सेंसेक्स 551 अंक लुढ़का, निफ्टी 19,700 के नीचे

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से मिले कमजोर रुझानों, मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बिकवाली के दबाव में लाल निशान पर बंद हुए। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, भारत और दुनिया भर में बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने निवेशकों को जोखिम भरी संपत्तियों से दूर कर दिया। आज के कारोबार में इरए सेंसेक्स 551 अंक कमजोर हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 144 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.85 फीसदी और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.32 फीसदी गिर गया। इरए का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 551.07 अंक यानी 0.83 फीसदी की गिरावट के साथ 65,877.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 66,475.27 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 65,842.10 तक आया। वहीं, दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी में भी 143.85 अंक यानी 0.73 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 19,667.65 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 19,840.95 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 19,659.95 तक आया। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में केवल 4 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। टाटा मोटर्स, सन फार्मा, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा आज के सेंसेक्स के टॉप गेनर्स रहे। सबसे ज्यादा मुनाफा टाटा मोटर्स के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 1.92 फीसदी चढ़े। वहीं, दूसरी तरफ सेंसेक्स के शेयरों में 26 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। बजाज फाइनैंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स के टॉप लूजर्स रहे। सबसे ज्यादा नुकसान बजाज फाइनैंस के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 2.72 फीसदी गिर गए।

## सीमेंट बिजनेस में एक और धमाका करेंगे अडाणी

# अब ओरिएंट कंपनी की होगी डील

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश के सबसे अमीर व्यक्तियों और सबसे प्रमुख उद्योगपतियों में एक गौतम अडाणी सीमेंट उद्योग में एक नया धमाका कर सकते हैं। सीमेंट उद्योग में उतरने के बाद देखते-देखते पहली पंक्ति में पहुंचने वाले गौतम अडाणी के सामने एक नई डील का मौका आया है। अगर ये डील हो जाती है तो सीमेंट उद्योग में गौतम अडाणी और उनके अडाणी समूह की उपस्थिति पहले से मजबूत हो जाएगी। ईटी की एक रिपोर्ट की मानें तो अडानी समूह को ओरिएंट सीमेंट से ऑफर मिला है। रिपोर्ट में मामले से जुड़े लोगों के हवाले से बताया गया है कि उद्योगपति सीके बिड़ला ने ओरिएंट सीमेंट में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए गौतम अडाणी से संपर्क किया है। इससे पहले सीके बिड़ला को अन्य कंपनियों से ऑफर मिले हैं, लेकिन उन्हें वैल्यूएशन को लेकर सहमति नहीं बन पाने के चलते रिजेक्ट किया जा चुका है। अगर अडाणी समूह और ओरिएंट सीमेंट के बीच डील पर बात बन जाती है तो यह कुछ ही महीनों के भीतर सीमेंट इंडस्ट्री की एक नई बड़ी डील होगी। इससे पहले भी सीमेंट इंडस्ट्री में संतुलन को बदलने वाली डील अडानी ने ही की थी, जब समूह ने होलसिम के भारतीय कारोबार का अधिग्रहण किया था। अडानी और होलसिम की डील पिछले साल सितंबर में पूरी हुई थी। 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा की डील में अडानी समूह के हिस्से एसीसी और अंबुजा सीमेंट आई थी। उसके बाद अडानी समूह ने इसी साल अगस्त में सांघी इंडस्ट्रीज के सीमेंट बिजनेस का अधिग्रहण पूरा किया है। सीमेंट इंडस्ट्री की बात करें तो अभी भारत में अडानी समूह से आगे सिर्फ अल्ट्राटेक सीमेंट है। अल्ट्राटेक सीमेंट के पास अभी सालाना 140 मिलियन टन के उत्पादन की क्षमता है, जबकि सालाना 70 मिलियन टन के उत्पादन की क्षमता के साथ अडानी दूसरे नंबर पर हैं। अडानी समूह की योजना है कि साल 2028 तक सीमेंट के कुल उत्पादन को बढ़ाकर 140 मिलियन टन प्रति वर्ष किया जाए। ओरिएंट सीमेंट के अधिग्रहण की डील से अडानी को अपना यह लक्ष्य पाने में मदद मिल सकती है। पूरे देश के हिसाब से देखें तो सीमेंट इंडस्ट्री में अल्ट्राटेक और अडानी के अलावा जेके सीमेंट और श्री सीमेंट जैसी कंपनियां भी पहली कतार में शामिल हैं। वहीं ओरिएंट सीमेंट को देखें तो इसके पास कई राज्यों में बड़ी बाजार हिस्सेदारी है। कंपनी महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में बड़ी हिस्सेदारी पर काबिज है। मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, गुजरात और छत्तीसगढ़ में भी कंपनी के पास अच्छी हिस्सेदारी है। अभी कंपनी की कुल क्षमता करीब 8 मिलियन टन सालाना सीमेंट के उत्पादन की है। यह सांघी इंडस्ट्रीज की 6.1 मिलियन टन सालाना की क्षमता की तुलना में ज्यादा है, जिसे अडानी समूह की अंबुजा सीमेंट ने खरीदा है।

### अमेजन.इन के दशहरा डिलाइट्स के रोमांचक डील्स के साथ उत्सव का जश्न मनाएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अमेजन.इन शहरा डिलाइट्स के साथ त्योहार की जरूरी चीजें, भारतीय मिठाई और स्नैक्स, ड्राई फ्रूट्स, होम डेकोर, कॉस्मेटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्मार्टफोन, एक्सेसरीज, बड़े एप्लायंसेस, फैशन और ब्यूटी के एसेंशियल्स और बहुत कुछ से लेकर खास तरीके से बनाए गए उत्पादों की एक विविध रेंज लेकर आया है। अमेजन.इन पर 'दशहरा डिलाइट्स' एक ऐसा त्योहारी सीजन है जो ग्राहकों के लिए मौसमी अवसरों का अनुभव करने के लिए मूल्य-पूर्ण ऑफर्स और डील्स का एक-स्टॉप-डेस्टिनेशन है। यह विभिन्न प्रकार के उत्पादों और लोकप्रिय ब्रांडों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है, जैसे कि फिलिप्स,सैमसंग, मेबीलाइन, लोरियल, टाइटन, सोनी, जेबीएल, अमेजन इको, एस्सार और बहुत कुछ। वे स्मार्टफोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी एसेंशियल्स, घर, रसोई, बड़े एप्लायंसेस टीवी, और भी कई श्रेणियों के तहत सहेली, कारीगर, बुनकरों, ब्रांड्स, और स्थानीय पड़ोस के दुकानदारों के सामान की खरीदारी कर सकते हैं। यहां अमेजन.इन के दशहरा डिलाइट्स पर ग्राहकों के लिए कुछ उत्पाद उपलब्ध हैं, जिन्हें वे चुन सकते हैं। सभी ऑफर और सौदे भाग लेने वाले विक्रेताओं की ओर से हैं। मैट्रो महिलाओं के लिए सिंथेटिक सैंडल अमेजन.इन पर खरीदें जिसकी कीमत 1,030 रुपये से शुरू हो रही है। वहीं, वुडलैंड के सैंडल्स 1619 में खरीद सकते हैं।


### सोने की कीमत 61500 रुपये प्रति 10 ग्राम चांदी में भी उछाल

**नई दिल्ली।** ग्लोबल संकेतों के चलते सोने की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिल रही है। दिल्ली के सरार्फा बाजार में मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार 18 अक्टूबर 2023 को सोना 500 रुपये की तेजी के साथ 60,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। इसके पहले कारोबारी सत्र में सोना 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ग्लोबल मार्केट में भी सोने के दामों में तेज उछाल देखने को मिल रहा है।

## खत्म होगा विप्रो के 5 सहायक कंपनियों का वजूद

# पैरेंट कंपनी ने किया मर्जर का ऐलान

**एजेंसी। नई दिल्ली**




देश की प्रमुख आईटी कंपनी विप्रो ने विगत बुधवार को पांच सब्सिडियरी कंपनी को अपने पैरेंट कंपनी विप्रो लिमिटेड में मर्जर का एलान किया है। विगत बुधवार को इसके शेयर करीब 1 फीसदी टूटकर 407.50 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए। बोर्ड मीटिंग में मर्जर का फैसला लिया गया और सितंबर तिमाही की कमाई को भी मंजूरी दी गई। बोर्ड मीटिंग में कहा गया कि विप्रो एचआरसर्विसेज, विप्रो ओवरसीज आईटी सर्विसेज, विप्रो टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट सर्विसेज, विप्रो ट्रेडमार्क होल्डिंग और विप्रो वीएलएसआई डिजाइन सर्विसेज का मर्जर पैरेंट कंपनी में किया जाएगा। हालांकि अभी मर्जर के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल समेत वैधानिक और नियामक अप्रूवल की आवश्यकता होगी। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, विप्रो ने मर्जर को लेकर चार वजह बताए हैं। इसमें व्यवसाय संचालन को मजबूत करना, संचालन के तालमेल को सक्षम करना, प्रशासनिक, मैनेजमेंट और अन्य खर्च कमी आदि शामिल हैं। मर्जर में सभी सहायक कंपनियां पूर्ण स्वामित्व वाली हैं। इस कारण मर्जर में नए शेयर जारी नहीं होंगे। साथ ही शेयरों के पैटर्न में भी कोई बदलाव नहीं होगा। मार्च 2023 के अंत तक विप्रो ओवरसीज आईटी सर्विसेज का रेवेन्यू शून्य था, विप्रो एचआर सर्विसेज ने 67,753 करोड़ रुपये, विप्रो टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट सर्विसेज ने 85.3 करोड़ रुपये, विप्रो वीएलएसआई डिजाइन ने 218 करोड़ रुपये और विप्रो ट्रेडमार्क ने 29 लाख रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया है। विप्रो ने 2,667.3 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट भी दर्ज किया है, जो 0.70 फीसदी की उछाल है। विप्रो में लगातार चौथी तिमाही से कर्मचारियों के संख्या में गिरावट आ रही है। सितंबर तिमाही के दौरान 5051 कर्मचारियों की संख्या में कमी आई है।

### सरकार ने रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया, गेहूं मसूर में सबसे ज्यादा इजाफा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विपणन वर्ष 2024-25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। रबी सीजन की सबसे बड़ी फसल गेहूं के एमएसपी में 7 फीसदी का इजाफा किया गया है। इतना ही इजाफा मसूर के एमएसपी में हुआ। तिलहन फसलों के एमएसपी में 2.5 से 4 फीसदी तक बढ़ोतरी की गई है। रबी सीजन की प्रमुख दलहन फसल चने के एमएसपी में 2 फीसदी इजाफा हुआ है। देश में जल्द ही रबी फसलों की बोआई शुरू होने वाली है। ऐसे में एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा से इन फसलों की बोआई को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। गेहूं का एमएसपी 150 रुपए बढ़ाकर 2,275 रुपए किया गया है। इसके एमएमपी में सबसे ज्यादा 7 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। जौ का एमएसपी 1,735 रुपए से बढ़कर 1,850 रुपए हो गया है।

## बहुत गहरे हैं भारत-इजरायल के कारोबारी रिश्ते

# पश्चिमी एशिया में तनाव बढ़ा सकती हैं देसी कंपनियों की मुश्किलें

**एजेंसी। नई दिल्ली**





इजरायल-हमास युद्ध के बीच वैश्विक तौर पर इसके असर का आकलन होने लगा है। कई ऐसे देश हैं जो इजरायल-हमास युद्ध से सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं और रक्षा के मोर्चे सहित अर्थव्यवस्था पर इसका नकारात्मक असर झेल रहे हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं रहने वाला है क्योंकि भारत से इजरायल के बीच अच्छा-खासा व्यापार है। भारत से इजरायल को मुख्य रूप से मोती और कीमती पत्थर, ऑटोमोटिव डीजल, कैमिकल और मिनरल प्रोडक्ट्स, मशीनरी और इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट, प्लास्टिक, टैक्सटाइल और वस्त्र प्रोडक्ट्स, बेस मेटल्स और ट्रांसपोर्ट इक्विपमेंट से लेकर कृषि उत्पादों का निर्यात होता है। भारत से इजरायल को वित्त वर्ष 2023-23 में कुल 2.04 बिलियन डॉलर का जेम्स एंड ज्वैलरी ट्रेड हुआ है जबकि इससे पिछले वर्ष यानी वित्त वर्ष 2021-22 में 2.8 बिलियन डॉलर का ट्रेड हुआ था। भारत-इजरायल के बीच वित्त वर्ष 2022-23 में मर्चेंडाइज और सर्विस सेक्टर का कुल ट्रेड 12 बिलियन डॉलर के करीब रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 में एक्सपोर्ट कुल 8। 4 बिलियन डॉलर पर रहा जबकि इंपोर्ट 2.3 बिलियन डॉलर पर रहा है। इसके चलते भारत से मर्चेंडाइज के एक्सपोर्ट में 6.1 बिलियन डॉलर का सरप्लस रहा है। भारत ने वित्त वर्ष 2022-23 में इजरायल को कुल 5.5 बिलियन डॉलर का डीजल एक्सपोर्ट किया है जबकि 1.2 बिलियन डॉलर का कट और पॉलिश्ड डायमंडस का एक्सपोर्ट रहा है। इसके अलावा भारत से इजरायल को कच्चे हीरों का 519 मिलियन डॉलर का निर्यात हुआ। वहीं कट और पॉलिश्ड डायमंड्स का एक्सपोर्ट 220 मिलियन डॉलर का रहा है। इलेक्ट्रोनिक्स और टेलीकॉम कंपोनेंट जैसे आईसी और फोटोवैल्टिक सेल्स का एक्सपोर्ट 411 मिलियन डॉलर का रहा है। पोटेशियम क्लोराइड का एक्सपोर्ट 105 मिलियन डॉलर का रहा है और हबीसाइड का एक्सपोर्ट 6 मिलियन डॉलर का रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में 10.1 बिलियन डॉलर का मर्चेंडाइज ट्रेड इजरायल और भारत के बीच हुआ है। वित्त वर्ष 2022-23 के बीच भारत का इजरायल को कुल 7. 89 बिलियन डॉलर का मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट रहा है जबकि इजरायल से भारत को कुल 2.13 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट रहा है।

## विदेश

# मालदीव के नये राष्ट्र पति का ऐलान : एक हफ्ते के भीतर भारतीय सेना को वापिस भेज दूंगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



मालदीव अपनी प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है। नवविवाहित जोड़े और सेलिब्रिटीज मालदीव को खूब पसंद करते हैं। लेकिन इस खूबसूरत देश में भी राजनीति में उतार-चढ़ाव होती रहते हैं। हाल ही में हुए चुनाव को मोहम्मद मुइज्जू ने जीत लिए है। मुइज्जू अब मालदीव के नए राष्टपति के रुप में कार्यभार को संभालने के लिए बिलकुल तैयार है। आपको बता दें कि मोहम्मद मुइज्जू को चीन के समर्थन के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने जीतने से पहले ही यह एलान कर दिया था की अगर वे जीत जाते हैं तो वो कार्यभार के पहले ही दिन भारतीय सेना को मालदीव से हटाने का काम करेंगे। मुइज्जू ने 'अल जजीरा' को इंटरव्यू देते हुए कहा कि जब भी वे राष्ट्रपति का कार्यभार संभालेंगे, पहले दिन ही वो भारतीय सैनिकों को मालदीव से जाने का अनुरोध करेंगे। आपको बता दें कि मालदीव में पिछले महीने चुनाव हुए थे जिसमें मुइज्जू ने निवर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम सोलिह को हराया था और अगले महीने से वे अपना राष्ट्रपति पद को पुरी निष्ठा से संभालेंगे। इब्राहिम सोलिह को भारत का समर्थक के रुप में जाना जाता था। नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का कहना है कि वे इस मामले को राजनयिक तरीकों से ही हल करेंगे। आगे उन्होंने कहा कि मालदीव हमेशा से एक शांतिपूर्ण देश रहा है। हम अपनी धरती पर किसी भी विदेशी सेना को नही चाहते हैं। अपने इंटरव्यू में उन्होंने यह भी कहा कि कुछ दिन पहले मेरी मुलाकात भारतीय उच्चायुक्त से हुई थी और तभी मेंने इस मुद्दे को प्राथमिकता बनाने की बात कि थी।

## पिछले 13 दिनों से इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध ने तनाव बढ़ाया

# क्या एक समझौता बन गया हजारों लोगों की मौत का कारण

**एजेंसी। वाशिंगटन**



पिछले 13 दिनों से इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध ने पूरे मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। साल 2020 के सितंबर महीने में यूएई और बहरीन ने इजरायल के साथ अब्राहम समझौता किया था। इस समझौते के बाद से यूएई और इजरायल के रिश्तों में पहले की तुलना में काफी सुधार आया था। यूएई के बाद अब अमेरिका सऊदी अरब और मध्य-पूर्व में अरब मुल्कों के साथ इजरायल से रिश्ते सुधारने की कोशिश में था। हालांकि अमेरिका और सऊदी अरब के रिश्ते सऊदी पत्रकार जमाल खाशोज्जी की हत्या के बाद बिगड़े और इजरायल के साथ उनके रिश्ते सुधारने की कोशिश एक तरह से ठंडे बस्ते में चली गई। इस साल के सितंबर महीने में जब सऊदी अरब और इजराइल के बीच मध्यस्थता में एक समझौता हुई, जिसके बारे में बात करते हुए इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सितंबर में कहा था कि ये समझौता मध्य-पूर्व के भू राजनीतिक परिदृश्य को हमेशा-हमेशा के लिए बदल देगा। रिपोर्ट के अनुसार इजरायल के साथ रिश्ते को सामान्य करने के लिए, सऊदी अरब ने अमेरिका से बड़ा सैन्य समर्थन, फिलिस्तीन के लिए कई तरह की मांग और असैन्य परमाणु कार्यक्रम की स्थापना की मांग की थी। अब इस समझौते के एक महीने बाद ही हमास का इजरायल पर हुए हमले ने इन दोनों देशों के बेहतर होते रिश्ते पर ब्रेक लगा दिया है। साल 2020 में अब्राहम समझौते के बाद से ही यूएई औ इजरायल के रिश्ते सुधरने लगे थे। इसका सबसे ताजा उदाहरण हमास और इजरायल के युद्ध के शुरूआत में देखा गया। दरअसल युद्ध के दौरान एक तरफ जहां लगभग कई मुस्लिम देश फिलिस्तीन के साथ थे। वहीं यूएई और बहरीन ने हमास द्वारा किए गए हमले की निंदा कर इजरायल को अपना समर्थन दिया था। इजरायल और यूएई के रिश्ते को बेहतर बनाने में सबसे बड़ा हाथ अमेरिका का ही रहा है। इसी देश की कोशिश ने यूएई-बहरीन और इजरायल के बीच अब्राहम समझौते को मुमकिन बनाया था। अब साल 2023 के 18 अक्टूबर को अरब देशों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का शिखर सम्मेलन होने वाला था। इस सम्मेलन में यकीनन यूएई और बहरीन अमेरिका के साथ मिलकर इजरायल के साथ अच्छे रिश्ते स्थापित करने की सिफारिश करता। अरब देश और इजरायल के रिश्ते एक अच्छा मोड़ लेते इससे पहले ही 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला कर दिया। जवाबी कार्रवाई में इजरायल ने भी गाजा पट्टी पर हमला किया और अब इजरायल और हमास के बीच पिछले 13 दिनों से लगातार युद्ध चल रहा है।

### इजरायल और यूएई के रिश्ते को बेहतर बनाने में सबसे बड़ा हाथ अमेरिका का ही रहा है

## पेज एक के शेष

### राज्य में स्वास्थ्य...

रुख नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री ने अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई प्रबंधन से कहा कि वह इस अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को जल्द से जल्द शुरू करें। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल का भूमि पूजन 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर करने का निर्देश दिया। अस्पताल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को बताया कि जल्द ही 250 बेड के अस्पताल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। सामान्य चिकित्सक और पारा मेडिकल कमी भी झारखंड के होंगे , जबकि विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी।
**रोजगार के नये अवसर भी बनेंगे :** मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ यह समझौता विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दे सकेंगे। यहां रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन के जीएम राकेश कुमार नंदकुलियार, रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, आईटी ऑफिसर राजेश कुमार तथा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के वाईस प्रेसिडेंट डॉ करण ठाकुर एवं आर्किटेक्चरल कंसलटेंट रोशन जॉन चिरायत मौजूद थे।

### शराब कारोबारी ...

कारोबार को हासिल करने के लिए राजनेताओं, अफसरों को घूस देने की बात भी ईडी की जांच में सामने आयी है। शराब कारोबार हासिल करने के लिए अलग अलग कंपनियां योगेंद्र तिवारी ने अपने स्टाफ के नाम पर बनायी थी। इन कंपनियों के खातों में टेंडर हासिल करने के लिए पैसे की मनी लाउंड्रिंग भारी पैमानें पर की गई थी। जिन खातों में पैसा नहीं था, उनमें करोड़ों रुपये ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद कंपनी को जिलावार दुकानों में शराब आवंटन का काम मिला था।

### भारत ने बांग्लादेश को...

सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे। बांग्लादेश के ओपनर टी हसन और लिट्टन दास ने शानदार अर्धशतक लगाया। साथ ही पूर्व कप्तान रहीम ने 38 और महूदुल्लाह ने 46 रनों का योगदान दिया। पिछले कुछ मैचों में बड़े उलट फेर हुए लेकिन इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने ऐसी किसी भी तरह की संभावना को खत्म कर दिया। पहला विकेट गिरने के बाद क्रीज पर आए विराट कोहली भी आज पूरे रंग में दिखे और अपने वनडे करियर का 48वां शतक जमा दिया। विराट ने 97 रनों के बाद छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। भारत का अगला मैच 22 तारीख को अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे न्यूजीलैंड के साथ होना है।

### बाबूलाल मरांडी का...

दास और अर्जुन मुंडा के गुटों के साथ संतुलन कैसे साधेंगे। लिहाजा, अब पार्टी ने उनकी इस चुनौती को साधने की रणनीति के तहत रघुवर दास को झारखंड की राजनीति से दूर कर दिया है। रही बात अर्जुन मुंडा की, तो उन्हें केंद्रीय मंत्री के अपने कामकाज पर फोकस करने को कहा गया है। यानी अर्जुन मुंडा दिल्ली में रहेंगे तो दूसरी तरफ रघुवर दास ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में।
झारखंड की भाजपा अब बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में चलेगी। उन्हें पार्टी में आंतरिक मोर्चे पर रघुवर दास और अर्जुन मुंडा की तरफ से अब कोई चुनौती नहीं मलेगी। रघुवर दास को ओडिशा को राज्यपाल बनाए जाने के दो दिन पहले ही पार्टी ने अमर बाउरी को भाजपा विधायक दल का नया नेता बनाया। बाउरी को बाबूलाल मरांडी का करीबी माना जाता है। उनसे मरांडी को कोई चुनौती मिलने के आसार नहीं हैं। रघुवर दास को ओडिशा भेजने के साथ पार्टी ने प्रकारांतर से झारखंड में मुख्यमंत्री का चेहरा साफ कर दिया है। पार्टी यहां आने वाला लोकसभा और विधानसभा चुनाव मरांडी के नेतृत्व में लड़ेगी। रघुवर दास यदि झारखंड की राजनीति में सक्रिय तौर पर बने रहते तो भाजपा के लिए ऐसा करना थोड़ा मुश्किल था। भाजपा के नेतृत्व ने बाबूलाल मरांडी को झारखंड में 'फ्री-हैंड' देने की रणनीति बनाई और इस मकसद को साधने के लिए रघुवर को प्रदेश की राजनीति से दूर कर दिया गया। रघुवर दास को सक्रिय राजनीति से दूर करने के पीछे एक और फैक्टर है। वह है उनकी उम्र। रघुवर दास 68 साल के हो चुके हैं। उम्र के लिहाज से अगले पांच-सात सालों तक अप्रासंगिक नहीं होने वाले थे, लेकिन उन्हें झारखंड में फ्रंट पर रखकर लंबी प्लानिंग में मुश्किल जरूर होती। वैसे भी राज्य में हेमंत सोरेन की मौजूदा सरकार को चुनौती देने के लिए आदिवासी नेतृत्व भाजपा की सख्त जरूरत है। पार्टी बाबूलाल मरांडी को इस भूमिका के लिए सबसे उपयुक्त मान रही है। राज्यपाल जैसे पद का दायित्व सौंपे जाने से रघुवर भी खुश हैं। वह मान रहे हैं कि पार्टी ने उन्हें उनकी वफादारी और लंबी सेवा का इनाम दिया है।

### इटकी में 3 लोगों को...

लोगों ने अपराधियों को कुछ देर दौड़ाया भी लेकिन वे फरार होने में कामयाब हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही बेड़ो डीएसपी रजत बाखला ,इटकी थानेदार दल बल के साथ मौके पर पहुचे ,हलाकि उससे पहले ही स्थानीय लोगों ने आनन फानन में तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। अस्पताल में तीनों घायलों का इलाज चल रहा है।

# भारत की लगातार चौथी जीत



## बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**एजेंसी। पुणे**

वनडे विश्व कप 2023 के 17वें मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया है। इस टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार चौथी जीत है और अंक तालिका में टीम इंडिया दूसरे स्थान पर है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 256 रन बनाए और भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर तीन विकेट खोकर यह लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया है। वनडे विश्व कप में यह टीम इंडिया की लगातार चौथी जीत है। इस जीत के साथ ही भारत ने अंक तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 256 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 41.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 261 रन बना लिए और मैच अपने नाम कर लिया। भारत के लिए विराट कोहली ने छक्के के साथ मैच खत्म किया। इसी छक्के के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में अपना 48वां शतक भी पूरा किया। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 66 रन लिटन दास ने बनाए। वहीं, तंजीद हसन ने 51 रन की पारी खेली। अंत में महमुदुल्लाह ने 46 रन की पारी खेल टीम का स्कोर 250 रन के करीब पहुंचाया। मुश्फिकुर रहीम ने 38 रन का योगदान दिया। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। भारत के लिए विराट कोहली ने नाबाद 103 रन बनाए। शुभमन गिल ने 53 और रोहित शर्मा ने 48 रन का योगदान दिया। लोकेश राहुल ने भी नाबाद 34 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए मेहदी हसन ने दो और हसन महमूद ने एक विकेट लिया। भारत का अगला मैच न्यूजीलैंड के साथ है। दोनों टीमें अंक तालिका में शीर्ष दो स्थानों पर हैं और यही दोनों टीमें हैं, जो अब तक अजेय हैं। ऐसे में 22 अक्तूबर को होने वाला यह मैच बेहद रोमांचक होगा।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी टीम इंडिया को जीत की बधाई दी है। उन्होंने लिखा एक और असाधारण खेल! बांग्लादेश के खिलाफ शानदार जीत पर हमें अपनी क्रिकेट टीम पर गर्व है। विश्व कप के दौरान हमारी टीम शानदार फॉर्म में है। अगले मैच के लिए शुभकामनाएं।

### स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजिद हसन | 51 | 43 | 5 | 3 |
| लिटन कुमार दास | 66 | 82 | 7 | 0 |
| नजमुल शान्तो | 8 | 17 | 0 | 0 |
| मेहदी हसन मिराज | 3 | 13 | 0 | 0 |
| मो. तौहीद हृदोय | 6 | 35 | 0 | 0 |
| मुशफि कुर रहीम | 38 | 46 | 1 | 1 |
| महमुदउल्लाह | 46 | 36 | 3 | 3 |
| नासुम अहमद | 14 | 18 | 2 | 0 |
| मुस्तफि जुर रहमान | 1 | 7 | 0 | 0 |
| शोरिफुल इस्लाम | 7 | 3 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 06, **कुल :** 256/8 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-93, 2-110, 3-129, 4-137, 5-179, 6-201, 7-233, 8-248 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 10-1-41-2, मोहम्मद सिराज 10-0-60-2, हार्दिक पंड्या 0.3-0-8-0, विराट कोहली 0.3-0-2-0, शार्दुल ठाकुर 9-0-59-1, कुलदीप यादव 10-0-47-1, रवींद्र जाडेजा 10-0-38-2

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा | 48 | 40 | 7 | 2 |
| शुभमन गिल | 53 | 55 | 5 | 2 |
| विराट कोहली | 103 | 97 | 6 | 4 |
| श्रेयस अय्यर | 19 | 25 | 2 | 0 |
| के एल राहुल | 34 | 34 | 3 | 1 |

**अतिरिक्त :** 04, **कुल :** 261/3 (41.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-88, 2-132, 3-178 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** शोरिफुल इस्लाम 8-0-54-0, मुस्तफि जुर रहमान 5-0-29-0, नासुम अहमद 9.3-0-60-0, हसन महमूद 8-0-65-1, मेहदी हसन मिराज 10-0-47-2, महमुदउल्लाह 1-0-6-0



# ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान को हासिल करनी होगी लय



**एजेंसी। बेंगलुरू**

परिपक्वता की पर्याय ऑस्ट्रेलिया और आक्रामकता की मिसाल पाकिस्तान की टीमें विश्व कप के मुकाबले में शुक्रवार को जब आमने सामने होंगी तो उन्हें खेल के हर विभाग में सुधार करके अपने रसूख के मुताबिक प्रदर्शन करना होगा। पाकिस्तान को दबाव में बेखौफ क्रिकेट खेलने के लिए जाना जाता है लेकिन इस बार भारत के खिलाफ महा मुकाबले में 1992 चैम्पियन टीम दबाव नहीं झेल सकी। अब सामना ऑस्ट्रेलिया से है और पांच बार की चैम्पियन टीम अपनी ही समस्याओं से जूझ रही है।

ऑस्ट्रेलिया की चुनौती इस समय भारत की तरह दुश्वार भले ही नहीं हो लेकिन उसे हराना आसान नहीं होगा। वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड 69-34 का है और 50 ओवरों के विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने छह मैच जीते जबकि चार हारे हैं। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज इमामुल हक ने तीन मैचों में सिर्फ 63 रन बनाए हैं। उन्हें अब्दुल्ला शफीक का बखूबी साथ निभाना होगा जिन्होंने खराब फॉर्म से जूझ रहे फखर जमां की जगह ली है।

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 4 | 4 | 0 | 6 | +1.923 |
| भारत | 4 | 4 | 0 | 8 | +1.659 |
| सा. अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 4 | +1.385 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.734 |
| बांग्लादेश | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.784 |
| नीदरलैंड्स | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.993 |
| अफगानिस्तान | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.250 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |

# दिल्ली कैपिटल्स ने डब्ल्यूपीएल 2024 के रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जारी की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को इस साल के अंत में होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) नीलामी से पहले रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की अपनी सूची जारी की है। दिल्ली स्थित फ्रेंचाइजी ने 5 विदेशी खिलाड़ियों सहित कुल 15 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। नीलामी से पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज अपर्णा मंडल, सलामी बल्लेबाज जसिया अख्तर और अमेरिकी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर तारा नॉरिस को टीम से रिलीज कर दिया गया है। मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने कहा, इन खिलाड़ियों को छोड़ना हमारे लिए बिल्कुल भी आसान निर्णय नहीं था। वे सभी हमारे बेहद यादगार उद्घाटन सत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा थे और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। हमारे पास एक ठोस टीम है और हम आगामी नीलामी में इसे और अधिक संपूर्ण बनाने का लक्ष्य रखेंगे।" सहायक कोच हेमलता काला ने कहा, फ्रेंचाइजी ने पिछले कुछ महीनों में कुछ ऑफ-सीजन शिविरों का आयोजन किया, जिससे हमें एक कोचिंग समूह के रूप में उपलब्ध प्रतिभा पर नजर डालने और हमारी शारीरिक स्थिति और कौशल का आकलन करने की अनुमति मिली। हम नए सीजन में सफल नीलामी की उम्मीद कर रहे हैं। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स उद्घाटन महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में पहुंची थी, जहां उसे मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**विदेशी खिलाड़ी :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेस जोनासेन, मारिजैन कप्प, एलिस कैप्सी, लॉरा हैरिस।

**भारतीय खिलाड़ी :** जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, शिखा पांडे, पूनम यादव, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, तानिया भाटिया, मिन्नू मणि, स्नेहा दीप्ति, तितास साधु।

गोवा में राष्ट्रीय खेल शुरू

# पीएम मोदी 26 अक्टूबर को करेंगे औपचारिक उद्घाटन



**एजेंसी। पणजी**

गोवा में 37वें राष्ट्रीय खेल औपचारिक उद्घाटन से पहले गुरुवार को बैडमिंटन टूर्नामेंट के साथ शुरू हो गए हैं। गुरुवार सुबह यहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, खेल मंत्री गोविंद गौडे और अन्य की मौजूदगी में बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरूआत हुई। 37वें राष्ट्रीय खेलों का औपचारिक उद्घाटन 26 अक्टूबर को शाम 6:30 बजे प्रधानमंत्री करेंगे। सावंत ने कहा, यह एक सपना है जिसे हमने पिछले 10 वर्षों से संजोया है और यहां इस कार्यक्रम की मेजबानी के लिए बहुत प्रयास किए गए हैं। राष्ट्रीय खेलों का यह संस्करण बेहद सफल होगा। मुझे उम्मीद है कि यह भविष्य में एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक में चमकने के लिए सभी एथलीटों के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करेगा। हालांकि गोवा अपने समुद्र और रेत के लिए प्रसिद्ध है, हम चाहते हैं कि इसकी खेल क्षमता के लिए भी इसे समान रूप से मनाया जाए। गोविंद गौडे ने कहा कि प्रधानमंत्री के पास एक महान दृष्टिकोण है और वह भारत को खेल के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए प्रत्येक एथलीट को प्रोत्साहित करते हैं।

# हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयार

**एजेंसी। हांगझोऊ**

हांगझोऊ में चौथा एशियाई पैरा खेल नजदीक है। पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत की राजधानी एशियाई खेलों के बाद एक और सफल खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि एशियाई पैरा खेलों के दौरान, 19 प्रतियोगिता स्थलों में 22 खेलों को शामिल किया जाएगा। इनमें से 17 स्थानों को एशियाई खेलों के साथ साझा किया जाएगा। ज़ियाओशान स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में, कर्मचारियों ने एशियाई खेलों के दौरान इस्तेमाल किए गए वेटलिफ्टिंग प्लेटफॉर्म को पावरलिफ्टिंग के लिए नए उपकरणों से बदल दिया है।

पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के उप निदेशक गुओ किंगहोंग ने कहा, हम इन खेलों के लिए तीन साल से तैयारी कर रहे हैं, जिसमें पुरस्कार समारोह के लिए मंच, रैंप और पोडियम शामिल हैं, जो एशियाई खेलों से अलग हैं। एशियाई पैरा खेलों के लिए पूरी तरह से नामित स्थानों पर भी आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। तांग्शी टाउन में चीन के राष्ट्रीय गोलबॉल प्रशिक्षण बेस पर, दृष्टिबाधित एथलीटों की जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करने के लिए, स्थल के फोयर से लेकर प्रत्येक कार्यात्मक कमरे और प्रतियोगिता क्षेत्र तक स्पर्शनीय फर्श का विस्तार किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एथलीट सुरक्षित और आराम से नेविगेट कर सकें।

एशियन पैरा गेम्स चैनल हांगझोऊ जियाओशान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टी4 टर्मिनल पर स्थापित किया गया है, जो 14-30 अक्टूबर तक प्रतिनिधिमंडलों के आगमन और प्रस्थान को संभालेगा। 325,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैले, एशियाई पैरा खेल गांव को हांगझोऊ एशियाई खेलों के मीडिया गांव से पुनर्निर्मित किया गया है और एशियाई पैरा खेलों के दौरान प्रतिनिधिमंडलों के लिए 3,446 कमरे सुसज्जित होंगे। 30 से अधिक शटल वाहन चौबीसों घंटे परिवहन सेवाएं प्रदान करेंगे। हांगझोऊ एशियाई पैरा गेम्स 22 से 28 अक्टूबर तक चलेंगे, जिसमें 22 खेल और 564 स्पर्धाएं प्रदर्शित होंगी।

# मैथ्यूज-चमीरा रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में श्रीलंका टीम से जुड़ेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज और तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा शुक्रवार को लखनऊ में रिजर्व खिलाड़ियों के रूप श्रीलंका की टीम से जुड़ेंगे। देश के क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह घोषणा की। मैथ्यूज और चमीरा दोनों ने पिछली एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शृंखला अफगानिस्तान के खिलाफ जून में खेली थी। मैथ्यूज 36 साल के हैं और उन्होंने 221 मैच में छह हजार के करीब रन बनाने के अलावा 120 विकेट भी चटकाए हैं। पिछले कुछ समय में हालांकि उन्होंने अधिक गेंदबाजी नहीं की है और विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में ही खेले हैं। दाएं हाथ के 31 साल के तेज गेंदबाज चमीरा ने 44 एकदिवसीय मैच में 50 विकेट चटकाए हैं। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने 'एक्स' पर लिखा, श्रीलंका क्रिकेट घोषणा करता है कि एंजेलो मैथ्यूज और दुष्मंता चमीरा रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में भारत में टीम से जुड़ेंगे।' एसएलसी ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट के चयनकर्ताओं ने यह फैसला किया है जिससे कि सुनिश्चित हो सके कि टीम के किसी खिलाड़ी को चोट जैसी आपात स्थिति में वैकल्पिक खिलाड़ी तैयार रहें।

# कबड्डी टूर्नामेंट में डीपीएस रांची रहा रनर अप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीबीएसई जोनल क्लस्टर 3 कबड्डी टूर्नामेंट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची की बालिका टीम ने अपनी असाधारण खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में रनर बनी एवं डीपीएस रांची की टीम का चयन इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए भी हो चुका है। प्रतियोगिता में झारखंड एवं बिहार राज्यों के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इस प्रतियोगिता का आयोजन बुद्धा वर्ल्ड गर्ल्स स्कूल, पटना, बिहार में किया गया था। यहां यह उल्लेखनीय है कि



डीपीएस रांची की टीम ने इस प्रतियोगिता की लीग मैचों में जेनिथ पब्लिक स्कूल, बुद्धा वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल, रेडियंट स्कूल, ग्रिजली स्कूल की टीमों को हराया एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर का आयोजन पंजाब में किया जाएगा। इस बेमिसाल परिणाम से हर्षित होकर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा, इस टूर्नामेंट में यह जीत डीपीएस रांची के छात्रों की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। यह विद्यालय के लिए बहुत गर्व की बात है की डीपीएस रांची की बालिका कबड्डी टीम का चयन राष्ट्रीय स्तर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए चयनित हो चुकी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# खुलासा : मार्च में टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी वीनस विलियम्स



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व विश्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स का अभी अपने टेनिस करियर को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है, क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने खुलासा किया है कि वह अगले साल मार्च में प्रतियोगिता में वापसी का लक्ष्य बना रही हैं।

विलियम्स ने इस सप्ताह कहा कि विंबलडन में एलिना स्वितोलिना के हाथों पहले दौर में मिली हार ने न केवल 2023 की चौथी तिमाही के लिए उनकी योजनाओं को बाधित किया, बल्कि 2024 की शुरूआत को भी बाधित कर दिया।

लेकिन टेनिस.कॉम के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, 43 वर्षीय ने कहा कि वह अब अगले साल मार्च में वापसी का लक्ष्य बना रही है। विलियम्स ने कहा, मैंने यूएस ओपन के लिए ठीक होने की पूरी कोशिश की। मैं अपनी फॉर्म तक नहीं पहुंच पाई, इसलिए अब मैं वापस आने तक आराम कर रही हूं। मैं मार्च तक वापसी का लक्ष्य बना रही हूं। इसलिए, मेरा लक्ष्य है जब टूर्नामेंट अमेरिका में वापस आएंगे तो यह चालू रहेगा।

विंबलडन में उस हार के बाद विलियम्स ने तीन इवेंट खेले। वह मॉन्ट्रियल में पहले दौर में हार गईं और झेंग किनवेन से हारने से पहले चार साल में अपनी पहली शीर्ष 20 जीत के लिए सिनसिनाटी में शुरूआती दौर में वेरोनिका कुडरमेतोवा को हराया।

सीजन का उनका आखिरी मैच उन्होंने यूएस ओपन के पहले दौर में बेल्जियम ग्रीट मिन्नेन से 6-1, 6-1 से गंवाया। टूर्नामेंट में 100 करियर मैचों में यह विलियम्स की यूएस ओपन की सबसे एकतरफा हार थी। विलियम्स ने 2023 में सात इवेंट खेले, क्योंकि साल के पहले इवेंट, ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक में चोट लगने के कारण उनका कार्यक्रम लगभग छह महीने तक बाधित रहा।

वह ग्रास-कोर्ट सीजन के लिए एक्शन में लौटीं, जहां उन्होंने बर्मिंघम में 3 घंटे, 17 मिनट के मैच में कैमिला जियोर्गी को हराया। वह फिलहाल 408वें स्थान पर हैं।

# बोटाफोगो को जूनियर सैंटोस ने सीरी ए खिताब के करीब पहुंचाया



**रियो डी जेनेरो।** जूनियर सैंटोस के दो गोल की मदद से बोटाफोगो अमेरिका माइनेरियो पर 2-1 से जीत के साथ 28 साल में अपने पहले ब्राजीलियाई सीरी ए खिताब के करीब पहुंच गया। जूनियर सैंटोस (22') के पहले गोल की मदद से बोटाफोगो ने मैच में 1-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन मार्टिन बेनिटेज (39') ने अमेरिका माइनेरियो को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई। मगर, एक बार फिर जूनियर सैंटोस (50') ने गोल दागा और 2-1 से बढ़त बनाई।

डब्ल्यूपीएल 2024 | चैंपियन मुंबई इंडियंस ने हरमनप्रीत को रिटेन किया

# गुजरात के साथ रहेंगे एश्ले गार्डनर, बेथ मूनी

**एजेंसी। मुंबई**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2023 की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 2024 में होने वाले आयोजन के अगले संस्करण के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित 13 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। हरमनप्रीत के अलावा, मुंबई ने डब्ल्यूपीएल 2023 के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी और पर्पल कैप प्राप्तकर्ता हेले मैथ्यूज और सीजन के उभरते खिलाड़ी यास्तिका भाटिया के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द फाइनल नताली साइवर-ब्रंट को भी बरकरार रखा है।

मुंबई इंडियंस के 13 रिटेन खिलाड़ियों में पांच विदेशी खिलाड़ी अमेलिया केर, इसाबेल वोंग और क्लो ट्रायॉन के अलावा हेले मैथ्यूज और नताली साइवर-ब्रंट शामिल हैं।

हीथर ग्राहम, धारा गुज्जर, सोनम यादव और नीलम बिष्ट को टीम से बाहर कर दिया गया है क्योंकि मुंबई इंडियंस ने शेष स्लॉट भरने के लिए 2.1 करोड़ रुपये की वेतन सीमा के साथ 11.4 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। अब उनके पास पांच स्लॉट उपलब्ध हैं जिनमें से एक विदेशी खिलाड़ी के लिए है।




21 विदेशी क्रिकेटरों सहित सभी 60 खिलाड़ियों को पांच फ्रेंचाइजियों में बरकरार रखा गया था क्योंकि पांच फ्रेंचाइजी के लिए खिलाड़ियों को बनाए रखने की अवधि 15 अक्टूबर को समाप्त हो गई थी। समय सीमा के अंत में, 29 खिलाड़ियों को उनकी मौजूदा टीम से रिलीज कर दिया गया था। डब्ल्यूपीएल 2023 फाइनल में मुंबई इंडियंस से हारने वाली दिल्ली कैपिटल्स ने पांच विदेशी महिला खिलाड़ियों सहित 15 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। रिटेन किए गए खिलाड़ियों में एलिस कैप्सी, जेमिमा रोड्रिग्स, जेस जोनासेन*, लॉरा हैरिस, मारिजैन कैप, मेग लैनिंग और मिन्नू मणि शामिल हैं। उन्होंने 11.25 करोड़ रुपये खर्च किए और 2.25 करोड़ रुपये बाकी हैं। गुजरात जायंट्स ने सबसे कम आठ खिलाड़ियों को रिटेन किया है, जिसमें एश्ले गार्डनर, बेथ मूनी, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल और लॉरा वोल्वार्ड्ट जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। उन्होंने केवल 7.55 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और शेष स्लॉट भरने के लिए उनके पर्स में 5.95 करोड़ रुपये शेष हैं।